आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:58 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 318, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



थालापति 69 में विजय के साथ काम करेंगी पूजा 13

हमारे सबसे नजदीकी तारे का भी है सौर परिवार 14

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## दिल्ली में पकड़ी 5620 करोड़ की कोकीन और मारिजुआना

नई दिल्ली, एजेंसी



- अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश चार तस्कर गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने शहर में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5,620 करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के दल ने दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर से चार व्यक्तियों को पकड़ा और उनके पास से 602 किलोग्राम की खेप जब्त की। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान दिल्ली निवासी तुषार गोयल, हिमांशु कुमार और औरंगजेब सिद्दीकी तथा मुंबई निवासी भरत कुमार जैन के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) पीएस कुशवाह ने बताया कि वसंत विहार के पॉश इलाके में रहने वाला गोयल इस अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के लिए भारत में मादक पदार्थों का प्रमुख वितरक है। उन्होंने बताया कि अन्य तीन उसके सहयोगी हैं।

# न मांग न ही खरीदार, सोना-चांदी भर रही रफ्तार

## सोना 78,000 प्रति दस ग्राम तो चांदी 93, 800 रुपये प्रति किलो, चढ़ती कीमतों से आमजन को चुभ रही सोने-चांदी की चमक

नीरज मिश्र, लखनऊ

- बढ़ते रेट से रोजमर्रा के ग्राहक बाजार में होने लगे कम



**अमृत विचारः** न डिमांड न खरीदार, फिर भी सोने और चांदी की कीमतें रफ्तार बनाए हुए है। वैश्विक पटल पर बनती बडे.युद्ध की विभीषिका से मची उथल-पुथल ने इन दोनों धातुओं की चमक बाजार में इस कदर बढ़ा दी है कि आमजन की पहुंच से अब यह धीरे-धीरे दूर होती जा रही हैं।

जेवरात की खरीदारी आमजन के बजट और जेब पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बची कसर बड़े निवेशकों का सोने के प्रति बढ़ता रुझान इसकी चमक को और बढ़ाए हुए है। दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपनी सर्वोच्च ऊंचाईयों की ओर बढ़ती नजर आ रही है। सोना जहां 78,000 रुपये प्रति दस ग्राम तो चांदी 93,800 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

> कीमतों की गति को देखते हुए सर्राफा बाजार अपने चर्मोत्कर्ष की ओर बढ़ता दिख रहा है। मध्य-पूर्व में युद्ध के माहौल ने दोनों धातुओं की चमक बढ़ा दी है। इससे आमजन तो सोने और चांदी की कीमतों को देखकर बड़ी खरीदारी के लिए निर्णय नहीं ले पा रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक अनिश्चितता का माहौल बढेग़ा और सोना और चढेग़ा। फेड में ब्याज दरों की कटौती भी एक बड़ा कारण है।
> –**सुरेंद्र मेहता**, नेशनल सेक्रेटरी, इब्जा

**लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव**

| माह | सोने की कीमत (प्रति10 ग्राम जीएसटी समेत) |
| --- | --- |
| 26 सितंबर | 77,100 |
| 02 अक्टूबर | 78,000 |

(नोट- ये आंकडे.इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें 3 प्रतिशत जीएसटी जुड़ी है।)

स्वर्ण धातु की चमक जहां निरंतर बढ़ रही है तो चांदी भी पीछे नहीं है। सोने के भाव के साथ चांदी भी अपनी नई कीमतों के साथ कदमताल कर रही है। चांदी का भी शानदार प्रदर्शन जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी कहते हैं, '' यह सही है कि अब बाजार में आम ग्राहक कम हैं। बढ़ती युद्ध की विभीषिका में अमेरिका और रूस की इंट्री से मची वैश्चिक उथल-पुथल ने दोनों धातुओं की कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। कीमतें कहां रुकेंगी, यह कहना मुश्किल है। जल्द ही सोना 80 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के भाव को पार करता नजर आएगा तो चांदी भी कीमतों में सिक्स फीगर को छूती दिखेगी।

## एक नजर

### कोटा के संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर तलाशी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कई टीम ने बुधवार को कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली और 13 आवासीय/व्यावसायिक भूखंडों के दस्तावेज बरामद किए। टीम ने 2 .22 लाख रुपये, 335 ग्राम सोने के आभूषण, 11 .8 किलोग्राम चांदी के आभूषण और तीन चार पहिया वाहन के अलावा जीवन बीमा पॉलिसी में निवेश संबंधी दस्तावेज, 16 बैंक खाते और एक बैंक लॉकर के दस्तावेज बरामद किए।

### राजस्थान में कई जगहों पर बम विस्फोट की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में कई जगहों और रेलवे स्टेशनों पर बम विस्फोट करने की धमकी वाला पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को धमकी वाला पत्र मिला। पत्र में दो नवंबर को राजस्थान व मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों में विस्फोट की धमकी दी गई है। हनुमानगढ़ के एएसपी प्यारे लाल मीणा ने बताया कि पत्र डाक से हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजा गया।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 26 आईफोन मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक महिला यात्री के बैग में छिपाकर रखे गए आईफोन-16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल फोन जब्त किए। सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक हांगकांग से दिल्ली आई एक महिला को मंगलवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। महिला की उम्र 35 से 40 के बीच बताई गई है। उसने बैग में आईफोन के 26 मोबाइल टिशू पेपर में लपेटकर रखे थे।

### पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन आज

**जैतो।** पंजाब के जैतो में विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने गुरुवार को दोपहर 12 से ढाई बजे तक रेल रोको आंदोलन का एलान किया है। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि तीन कृषि कानून वापस लेते समय किसान संगठनों से किए समझौते का पालन न होने, लखीमपुर खीरी कांड में ठोस कार्रवाई न होने तथा एमएसपी की गारंटी कानून समेत मुद्दों को लेकर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

### 8.75 लाख के जाली नोट के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के भगवान बाजार थाना की पुलिस ने 8 .75 लाख रुपये के जाली नोट के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि छपरा रेलवे स्टेशन रोड पर दिल्ली होटल एवं गेस्ट हाउस में ठग गिरोह का सदस्य ठहरा हुआ है। उक्त होटल में छापामारी कर गुजरात के अहमदाबाद जिले के शोक सपरा नाम के कारोबारी को गिरफ्तार किया गया।

# बरेली में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से उड़े पांच घर, 3 की मौत

## सिरौली क्षेत्र के कल्याणपुर में हादसा, चार गंभीर, बचाव कार्य में जुटी एसडीआरएफ और पुलिस

- तीन लोगों के मलबे में ही दबे होने की आशंका, कई हैं लापता
- दिवाली नजदीक होने से पटाखों का बड़ा स्टॉक घर में मौजूद था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिरौली के गांव कल्याणपुर के एक घर में अवैध रूप से पटाखे बनाते समय एक के बाद एक हुए भीषण धमाकों से पांच मकान जमींदोज हो गए। इन घरों में मौजूद तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एसडीआरएफ की टीम अग्निशमन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों के साथ देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई थी। जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। पटाखों में हुए धमाके इतने जबर्दस्त थे कि उनकी गूंज करीब दो किमी दूर तक सुनी गई। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3.40 बजे रहमान शाह के घर में हुआ जहां पटाखे बनाए जा रहे थे। दिवाली नजदीक होने की वजह से पहले से बने पटाखों का बड़े पैमाने पर स्टॉक मौजूद था। गांव के लोगों के मुताबिक पहला ही विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि रहमान के घर की छत और दीवारें उड़ गईं। इसके बाद एक-एक कर कई धमाके हुए और कुछ ही देर में आसपास के चार और घर मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। घर में इस दौरान रहमान, उसकी पत्नी छोटी बेगम, बेटे वाहिद की पत्नी तबस्सुम और दो नाती हसन और हस्सान के अलावा बेटी फातिमा और उसका पति नाजिम, नाजिम का भाई नासिर और उसकी पत्नी सितारा मौजूद थे। हादसे में तब्बुसुम और सितारा के साथ पड़ोस के घर में रहने वाली रुखसाना की मौत हो गई। बाकी सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोस के घरों में कई लोगों के घायल होने की खबर है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें रहमान के घर में पटाखे बना रहे उसके दामाद नासिर और दोनों नातियों समेत तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।



कल्याणपुर गांव में धमाके से क्षतिग्रस्त हुए मकान का मलबा। ● अमृत विचार

### पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ चलेगा अभियान

**लखनऊ।** बरेली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने एडीजी, आईजी, पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों और जिलों के पुलिस कप्तानों को पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। डीजीपी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

### मुख्यमंत्री ने परिजनों के प्रति जताई संवेदना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेने के साथ मृतकों के शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है।इसके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराया जाए। इसके बाद एडीजी रमित शर्मा, आईजी राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई अफसर कल्याणपुर पहुंचे।

## विदेश में काली कमाई के बदले देश में संपत्ति कुर्क कर सकेगी ईडी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने दिया फैसला

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में, आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के बदले देश में उपलब्ध उसके बराबर मूल्य की वैध संपत्तियों को कुर्क कर सकता है। अदालत ने चेन्नई स्थित तीन कंपनियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही, जिसमें तर्क दिया गया था कि उनसे संबंधित व्यक्तियों और शेयरधारकों द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए उन्हें 'उत्तरदायी' नहीं ठहराया जा सकता है।

इन कंपनियों ने कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के काफी पहले खरीदी गई थीं। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसी किसी संपत्ति या उसके समतुल्य मूल्य की 'देश या विदेश में रखी गई' संपत्ति का मूल्य भी 'अपराध से आय ' के रूप में समझा जाएगा।

# स्वच्छ भारत बना दुनिया का सबसे सफल जनांदोलन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने 9,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने पर यहां एक कार्यक्रम में स्वच्छता से संबंधित 9,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राष्ट्रीय प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान न देने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा। कहा कि उसने आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के नक्शे कदम पर चलने का दावा किया, लेकिन उनके दृष्टिकोण की उपेक्षा की।

### स्वच्छता के मुद्दे को लाल किले की प्राचीर से उठाया तो मेरा मजाक उड़ाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता के मुद्दे को उठाया था, लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया और कहा गया कि शौचालय के बारे में बात करना प्रधानमंत्री का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं नहीं रुकूंगा। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता मेरे साथी नागरिकों के जीवन को आसान बनाना है।

# पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

पुणे, एजेंसी

- मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर



महाराष्ट्र के पुणे जिले में बुधवार सुबह एक निजी विमानन कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और उसमें आग लगने से दो पायलट और एक इंजीनियर समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई। लोकसभा सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को बुधवार को उसी हेलीकॉप्टर से मुंबई से रायगढ़ जाना था। इसे उनकी पार्टी ने किराये पर लिया था।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली स्थित निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन के हेलीकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलीपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के जुहू जा रहा था। इस दौरान सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के नजदीक बावधन क्षेत्र के एक पहाड़ी इलाके के पास हुई। पिंपरी चिंचवड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने कहा कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर शामिल हैं। मृतकों की पहचान गिरीश कुमार, प्रीतम सिंह भारद्वाज और परमजीत सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में कोहरे के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### पानी में हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुजफ्फरपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद बुधवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में जलभराव वाले इलाके में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हालांकि, पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के एसएसपी राकेश कुमार के अनुसार, हेलीकॉप्टर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था।

## खादी उत्पादों पर 25 प्रतिशत की छूट, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

- 108 दिन तक जारी रहेगी यह स्कीम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वदेशी उत्पादों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को खादी उत्पादों पर 108 दिनों के लिए 25 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद क्षेत्रीय गांधी आश्रम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। साथ ही खादी के वस्त्रों की खरीदारी की, फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया। इसके पहले उन्होंने गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वदेशी वस्तुओं को उपहार के रूप में देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अधिक रोजगार पैदा होंगे और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को भी साकार करने में मदद मिलेगी। इससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज अभियान के अनुरूप विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने में मदद मिलेगी।

# इजराइल ने यूएन महासचिव के देश में प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

यरूशलम, एजेंसी



इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज।

- ईरान के हमले की निंदा न करने पर लिया फैसला

इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अवांछित घोषित कर उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कैट्ज द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह निर्णय गुटेरेस द्वारा मंगलवार शाम को इजराइल के खिलाफ ईरानी मिसाइल हमले की निंदा करने से परहेज करने के बाद लिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति जो इजराइल पर ईरान के जघन्य हमले की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं कर सकता है, जैसा कि दुनिया के लगभग हर देश ने किया है, वह इजराइल की धरती पर कदम रखने का हकदार नहीं है। कैट्ज ने कहा कि ऐसे महासचिव जो आतंकवादियों, बलात्कारियों और हमास, हिज्बुल्ला और हूतियों के बाद अब ईरान की ओर से की गई हत्याओं का समर्थन करते हैं, उन्हें संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में दाग के तौर पर याद किया जाएगा। कैट्ज ने ईरान को वैश्विक आतंक की जननी भी बताया है। कहा कि इसराइल एंटोनियो गुटेरेस के साथ और उनके बिना भी अपने नागरिकों की रक्षा करना और राष्ट्रीय सम्मान को बनाए रखना जारी रखेगा।

# मणिपुर में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

इंफाल, एजेंसी

- दो समूहों में झड़प के बाद उखरुल शहर में निषेधाज्ञा लागू

स्वच्छता अभियान के तहत उखरुल शहर में एक भूखंड की सफाई को लेकर बुधवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में ड्यूटी पर तैनात मणिपुर राइफल्स के एक कर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और एक दिन के लिए शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। झड़प में पांच लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय से संबंध रखने वाले लेकिन अलग-अलग गांव के हैं तथा दोनों जमीन पर अपना दावा जताते हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को जिले में भेजा जा रहा है।

मृतकों की पहचान वॉरिनमी थुमरा, रीलीवुंग होंग्रे और सिलास जिंगखाई के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि थुमरा मणिपुर राइफल्स का जवान था, जो राज्य सरकार के अधीन एक बल है और वह कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां गया था। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इंफाल के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य का इलाज उखरुल के जिला अस्पताल में चल रहा है।

## जेलों में जातिगत भेदभाव संबंधी याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उस याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि देश के कुछ राज्यों की जेलों में जाति के आधार पर भेदभाव होता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस याचिका पर फैसला सुनाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जनवरी में केंद्र तथा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से याचिका पर जवाब मांगा था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील पर गौर किया कि इन राज्यों की जेल नियमावलियां जेलों के अंदर काम के आवंटन में भेदभाव करती हैं।

**बदलाव की तैयारी** के . रवीन्द्र नायक, पी . गुरु प्रसाद, एम . देवराज समेत अन्य अधिकारी हैं उदाहरण, संभाल रहे एक साथ कई विभागों की कमान

# अनुभवी आईएएस अफसर को ही अन्य विभाग का प्रभार

अजय दयाल, लखनऊ



- ऑनलाइन कार्यशैली से हो रही कई विभागों का कामकाज संभालने में आसानी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर ऐसे क्षमतावान आईएएस अधिकारियों पर है जो एक साथ कई विभागों का प्रभार न केवल संभाल सकें बल्कि लंबित योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकें। इसी कड़ी में आने वाले दिनों में भी अनुभवी, सक्रिय और स्वच्छ छवि वाले आईएएस को एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अब आईएएस अगर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं या रिटायर होते हैं तो उनके विभागों का भी प्रभार मुख्यमंत्री की नजर में चिन्हित 'रिजल्ट ओरिएंटेड' आईएएस को सौंप दी जाएगी।

दरअसल, सरकार के लगभग सभी कामकाज की ऑनलाइन कार्यशैली पर निर्भर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं खुद मुख्यमंत्री भी चौबीस घंटे, सातों दिन काम करने के साथ अपने अफसरों से भी यही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जो आईएएस उनकी इस कार्यशैली को अपना कर सरकार की नीतियों से तालमेल बैठाते हुए समयबद्धता के साथ कदमताल कर रहे हैं उन्हें कई विभागों का कामकाज संभालने में समस्या नहीं आ रही।

हाल ही में अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह प्रमुख सचिव, राजस्व पी. गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक को पशुपालन विभाग और मत्स्य विभाग का भी प्रभार सौंपा गया। आईएएस देवेश चतुर्वेदी के केंद्र सरकार में जाने के बाद आईएएस एम. देवराज को प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया। उन्हें नियुक्ति के साथ स्टेट जीएसटी और तकनीकी शिक्षा का भी चार्ज दिया गया है। इसी तरह आईएएस आलोक कुमार, एपीसी मोनिका एसएस गर्ग, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अमृत अभिजात, दीपक कुमार, अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य आईएएस भी हैं जिनके पास कई विभागों का जिम्मा है। बहरहाल, आने वाले दिनों में भी कुछ ऐसे तेजतर्रार आईएएस है जिन्हें अन्य विभागों का भी प्रभार मिल सकता है। इनमें संजय प्रसाद, पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रथमेश कुमार, रितु माहेश्वरी, किंजल सिंह आदि प्रमुख हैं। हालांकि इस विषय पर सेवानिवृत्त नौकरशाहों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। एक महिला पूर्व आईएएस का तर्क है कि ऑनलाइन प्रक्रिया होने से नीतिगत फैसलों संबधी फाइलें एक ऑफिस में बैठकर ही की जा सकती हैं। वहीं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए आईएएस नितिन रमेश गोकर्ण का कहना है कि नीतियों पर निर्णय लेने में समय लगता है। चर्चा, मीटिंग आवश्यक है।

# बंदरों के हमले से घबराई युवती छत से गिरी, मौत

**पूरनपुर, अमृत विचारः** बंदरों के हमले से घबराई युवती तीन मंजिला छत से गिर गई। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई।

कस्बे में बंदरों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। नगर के मोहल्ला रजागंज देहात की गजल बी ( 22 ) पुत्री सलीम बुधवार शाम अपने तीन मंजिला घर की छत पर नमाज अदा करने गई थी। नमाज पढ़ने के बाद वह नीचे जा रही थी। इस दौरान बंदरों का झुंड युवती पर झपट पड़ा। बंदरों के हमले से बचने के लिए गजल बी भागी।

इस दौरान वह चारदीवारी से टकराकर तीन मंजिल से नीचे जा गिरी। युवती के नीचे गिरने पर तेज आवाज हुई। इसे सुनकर परिजन बाहर निकले और युवती को पड़ा देखा तो होश उड़ गए। आनन-फानन में युवती को सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर युवती के नाते रिश्तेदार रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए। बंदरों के लगातार हो रहे हमलो को लेकर लोगों में नाराजगी दिखी। प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

# आज से देवी की जय-जयकार, बरसेगी कृपा अपार

## नवरात्र से एक दिन पहले बाजारों में बढ़ी रौनक, दिनभर पूजा सामग्री बेचने वालों की दुकानों पर लगी रही कतार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गल्ला मंडी स्थित दुकान पर चुनरी की खरीदारी करतीं महिलाएं।



बाजार में दुकान से पूजा सामग्री खरीदते लोग।

**अमृत विचार** : पिछले 16 दिनों से चल रहे पितृपक्ष का बुधवार को समापन हो गया। गुरुवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो जाएंगे। अब पूरे नौ दिन मां दुर्गा की अपार कृपा बरसेगी। मां की जय-जयकार से पूरा जिला गुंजायमान होगा। अपने भक्तों पर कृपा बरसाने के लिए मां दुर्गा नौ रूपों में आ रही हैं। जिसके चलते बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। श्रद्धालु माता की चुनरी, नरियल, फल, और पूजा सामग्री की खरीदारी करने में जुटे हैं। किराना और फलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बुधवार को देखने को मिली। देर शाम तक देवी मंदिरों को सजाया जाता रहा। दुर्गा महोत्सव को लेकर भी जगह-जगह पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया।

नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को कलश और अखंड ज्योति की स्थापना घरों में की जाएगी। इसी दिन से पंडालों में भी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूपा शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। नौ दिन तक व्रत रखकर श्रद्धालु सप्तशती दुर्गा का पाठ करेंगे। शहर में देवी व्रत को लेकर माता यशवंतरी देवी मंदिर, मां ज्वाला देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र की धूम रहेगी। जिले भर के मंदिरों में साफ सफाई के अलावा रंग बिरंगी रोशनी से सजावट कराई गई है। इधर, पितृपक्ष का समापन होते ही बुधवार शाम बाजार में लोग खरीदारी करने के लिए निकल पड़े। शहर के स्टेशन रोड, चूड़ी वाली गली, नींबू बाजार, गल्ला मंडी, किराना मंडी, जेपी रोड, चौक बाजार समेत विभिन्न स्थानों पर भीड़ बनी रही। जहां पूजा सामग्री की दुकानों पर पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री की खरीदारी की। इसके अलावा घर में नौ दिन प्रतिष्ठा करने के लिए मां दुर्गा के नौ स्वरूप वाली मूर्तियों की डिमांड अधिक रही। मां के पूजन के लिए मिट्टी की प्रतिमा की विशेषता रहती है। इसलिए बाजार में अधिक डिमांड रही।

### सुबह 11:25 से 12:12 बजे तक करें घट स्थापना

सत्यनारायण मंदिर के महंत पंडित संदीप पांडे बताते हैं पहले नवरात्र को



घटस्थापना आदि का लेकर शुभ मुहूर्त निर्धारित किया गया है। पहले दिन घट स्थापना का अभिजित मुहूर्त सुबह 11 :25 बजे से शुरू होकर 12 :12 बजे तक रहेगा। नवरात्रि की पहले दिन की शुरुआत कलश स्थापना या फिर घटस्थापना के साथ की जाती है। इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि करके साफ वस्त्र धारण कर लें। इसके बाद एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं और उस पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। इस पर थोड़े चावल की ढेरी बनाएं और एक मिट्टी का पात्र जिसमें जौं बोए हों, चावल की ढेरी पर रख दें। इस पात्र के ऊपर जल से भरा हुआ कलश रखें। इसके बाद कलश पर स्वास्तिक बनाएं और कलावा बांध दें। कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रख दें। अशोक के पत्ते लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा बांध दें। इसके बाद नारियल को कलश के ऊपर रखें और देवी जी का आवाहन करें। दीप जलाकर कलश की पूजा करें।

- देवी मंदिरों में शुरू हुईं तैयारियां मोहल्ला खकरा में दुर्गा महोत्सव को लेकर सजा पंडाल



नवरात्र को लेकर सजा माता यशवंतरी देवी मंदिर।

### खकरा में मनाया जाएगा दुर्गा महोत्सव



मोहल्ला खकरा में मां दुर्गा महोत्सव को लेकर तैयार की गई देवी मां की प्रतिमा।

हर वर्ष की तरह इस बार भी मोहल्ला खकरा में लोगों के सहयोग से मां दुर्गा महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। कई दिनों से तैयार की जा रही मां की प्रतिमा को भी एक दिन पहले पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। इसे आज विराजमान किया जाएगा। दुर्गा महोत्सव को लेकर पंडाल भी लगा दिया है। पूरे नौ दिनों तक की विधि विधान से पूजा और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि पहले दिन माता की स्थापना और पूजन, दूसरे दिन नाम संकीर्तन दरबार, तीसरे दिन देवी मां का जागरण, चौथे दिन श्री श्याम खाटू बाबा संकीर्तन दरबार, पांचवे दिन श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार, छठे दिनी देवी की भजन संध्या, सातवे दिन पूर्ण रात्रि जागरण, आठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नवमी पर ज्योति जागरण का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को हवन पूजन के साथ विसर्जन यात्रा और 13 अक्टूबर को भंडारा किया जाएगा।

### नवरात्र से एक दिन पहले बढ़ गए फलों के दाम

अभी तक देवी व्रत से पहले फलों के दाम सामान्य चल रहे थे, लेकिन देवी व्रत आते ही फलों के दामों में 10 फीसदी तक का उछाल आ गया। तो वहीं मेवा आदि के दामों में भी बढ़ोत्तरी होनी संभावना बनी हुई है। देवी व्रत से एक दिन पहले बुधवार को फलों में महंगाई देखने को मिली। नींबू बाजार में बिक रहे सेब अभी तक 80 रुपये किलो तक बिक रहा था। जो अब देवी व्रत आते ही 120 रुपये किलो तक पहुंच गया। हालांकि बाजार में सेब में भी दो कैटगरी है। जो 70 ये 120 रुपये किलो तक बिक रहा है। इसी तरह केला 60 से 70 दर्जन, पपीता 45 से 50 रुपये किलो और अनार 80 से 150 रुपये किलो तक बिक रहा है। इसी तरह कुट्टू का आटा, सिघाड़े का आटा, चोया आदि की बिक्री भी बढ़ गई है।

# दो एसडीएम करेंगे स्ट्रक्चरों की जांच स्थिति साफ होने पर मिलेगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- स्ट्रक्चर मामले में हुए फर्जीवाड़े के बाद भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने लिया निर्णय
- बरेली-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण का मामला

**अमृत विचारः** बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे के भूमि अधिग्रहण मामले में दोनों तहसीलों में स्ट्रक्चरों की जांच कराई जाएगी। यह जांच दोनों तहसीलों के एसडीएम द्वारा की जाएगी। जांच में स्थिति साफ होने के बाद ही संबंधित को मुआवजा दिया जाएगा।

बरेली-पीलीभीत-सितारगंज प्रस्तावित हाईवे को लेकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की गई थी। करीब 62 फीसदी अधिग्रहण पूरा हो पाया था कि इस बीच हाईवे के भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में फर्जीवाड़ा सामने आ गया। घोटाला सामने आने के बाद मंडल स्तर पर जांच की गई। मंडलीय स्तर पर हुई जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। जांच में जनपद के सात लेखपाल और एक अमीन भी दोषी पाए गए हैं। इधर जांच पूरी होने के बाद मंडल स्तर से अधिग्रहण संबंधी सभी दस्तावेज भी एसएलओ कार्यालय वापस भेजे जा चुके हैं। इधर अधिग्रहण एवं परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में फर्जीवाड़ा सामने के बाद अब एसएलओ कार्यालय फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी विजय वर्धन तोमर द्वारा मुआवजा संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच पड़ताल की जा रही है। उनके मुताबिक कृषि भूमि का मुआवजा बेरोक-टोक दिया जाएगा। इधर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी ने हाईवे के एलाइनमेंट में बनाए गए स्ट्रक्चरों की जांच कराने का निर्णय लिया है। स्ट्रक्चरों की जांच सदर एव अमरिया एसडीएम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में की जाएगी। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि जिन स्ट्रक्चरों का मूल्यांकन किया गया है, वे स्ट्रक्चर वर्तमान में मौजूद हैं या नहीं। इसके बाद ही स्ट्रक्चर संबंधी मामलों का मुआवजा दिया जाएगा। इस संबंध में विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि भूखंडों पर बनाए गए स्ट्रक्चरों की जांच कराई जाएगी। जिन स्ट्रक्चरों का मूल्यांकन किया गया था क्या वे वास्तव में मौजूद है अथवा नहीं, आदि की जांच होने के बाद ही मुआवजा दिया जाएगा।

# एजीएम इंटर कॉलेज में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**दियोरियाकलांः बुधवार को जिले भर के स्कूलों में गांधी जयंती को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई तरह प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।** एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में गांधी और शास्त्री की जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। कालेज अध्यक्ष इंद्रजीत गंगवार, संस्थापक एलपी गंगवार ने महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतियोगिता में कक्षा 12 में रेनू गंगवार, अनुष्का शर्मा, निकिता वर्मा, लक्ष्मी, कक्षा 11 में निशु, सृष्टि गंगवार, काजल गंगवार ने भाग लिया। उधर, सनगवां उपकेंद्र पर स्वच्छता अभियान चला। सीएचओ वंदना शर्मा, एएनएम उर्मिला देवी, सुमन लता आदि मौजूद रहे।

# जनता से मधुर व्यवहार रखें पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में निर्देश देते आईजी डॉ .राकेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- आईजी ने पुलिस लाइन सभागार में मातहतों संग की बैठक
- कहा-अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर कसें शिकंजा

**अमृत विचारः** बरेली से पीलीभीत पहुंचे आईजी डॉ.राकेश कुमार सिंह ने मातहतों संग बैठक कर अपराध समीक्षा की। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही त्योहारों को लेकर जनपद स्तर पर की गई तैयारियों को भी परखा। सिपाही से लेकर अफसर तक सक्रियता बरतने का पाठ पढ़ाया।

पुलिस लाइन सभागार में हुई बैठक में आईजी डॉ.राकेश कुमार सिंह ने अपराध नियंत्रण, लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, गैंगस्टर एक्ट एवं भू माफियाओं के विरुद्ध संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई करने पर जोर दिया।

दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोगों में प्रगति की समीक्षा की। धर्मान्तरण के पंजीकृत अभियोगों में प्रभावी कृत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लूट के लंबित मामलों में प्रगति जानी। बीते पांच साल में हुई चोरी, नकबजनी, चेन स्नेचिंग, लूट की घटनाओं में शामिल रहे अपराधियों पर निरोधात्मक कार्यवाही को जाना। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा की। गोकशी के मामलों में शत प्रतिशत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा शराब, मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिए। थानों एवं पुलिस कार्यालयों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। आईजी ने कहा कि पुलिसकर्मी जनता से मधुर व्यवहार रखें और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें। इस मौके पर एसपी अविनाश पांडेय, एएसपी विक्रम दहिया समस्त सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से पशुओं की मौत रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** थाने के सामने ट्रक की टक्कर से तीन छुट्टा पशुओं की मौत के मामले में बजरंग दल कार्यकर्ताओं के हंगामे के बाद कार्रवाई की गई।पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हादसा मंगलवार देर शाम हुआ था। थाने से कुछ दूरी पर एक ट्रक की टक्कर से तीन पशुओं की मौत हो गई। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर आ गए। जिसके बाद चालक परिचालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई थी। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलवाया गया और पशुओं का पोस्टमार्टम कराकर शव दफन करा दिए गए थे। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि ट्रक चालक बरेली ग्राम इटौआ केदारनाथ रायपुर निवासी भूरा पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति को पीटा

**बीसलपुरः** शासन की सख्ती के बावजूद महिला उत्पीड़न संबंधी घटनाएं नहीं रुक रही हैं। आए दिन लड़कियों व महिलाओं से छेड़छाड़ संबंधी मामले सामने आते रहती हैं। बीसलपुर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात वह अपने मकान में बच्चों संग थी। खरगपुर कलां गांव का अनुज, दूजीपुर बरगवां का सूरज फौजी व चार अन्य लोग घर में घुस आए। पीड़िता से छेड़छाड़ की। जब अचानक घर पहुंचे पति ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छह स्कूल व दो मदरसों में टीकाकरण नहीं

संवाददाता, पूरनपुर



टीकाकरण को लेकर प्रधानाचार्य से बात करते एमओआईसी डा. आलमगीर।

- एमओआईसी ने विभाग को भेजी विरोधी स्कूलों की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** क्षेत्र में डिप्थीरिया से एक बच्ची की मौत के बाद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। इस बीमारी को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्कूलों में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद दो मदरसे और छह स्कूलों ने टीकाकरण कराने से मना कर दिया है। एमओआईसी ने इसकी रिपोर्ट विभाग को भेजी है। क्षेत्र में डिप्थीरिया से एक बच्चे की गत दिनों पहले मौत हो गई थी। इसके अलावा दो अन्य बच्चों में भी इस रोग के लक्षण पाए गए थे। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से 26 सितंबर से स्कूलों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एक से पांच, दस और सोलह के बच्चों को टीके की अतिरिक्त डोज लगाई जाएगी। इसके लिए स्कूलों से भी पूरा सहयोग देने को कहा गया है। पूरनपुर के 524 स्कूल और मदरसों में यह अभियान चलाया जाएगा। इस बीच क्षेत्र के छह स्कूल और दो मदरसा संचालकों ने टीकाकरण कराने से मना कर दिया। विभाग के समझाने के बाद भी संचालक टीकाकरण को तैयार नहीं हुए। एमओआईसी ने विरोध करने वाले स्कूलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी है।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें दियोहना गांव के चंद्रमोहन, ललिता, शकुंतला देवी, सुनीता देवी और कसगंजा के गंगाराम को आरोपी बनाया है। पीड़िता ने बताया कि वह पिता के निधन के बाद ननिहाल में रह रही थी। वर्तमान में जेएनएम अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। विदेश में अच्छी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। नौ मई को आरोप पीड़िता से कागजात ले गए। पूरनपुर ले जाकर एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए। नशा देकर वैवाहिक प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद जबरन अपने साथ ले जाने का दबाव बनाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# विभाग के पास बजट है न हैचरी में मछली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डेंगू से बचाव को बना प्लान मत्स्य विभाग ने किया फेल, बजट का अभाव बताया
- मत्स्य विभाग को जल निकायों में गंबूसिया मछली छोड़ने के दिए गए थे निर्देश

> गंबूसिया मछली को छोड़े जाने को लेकर पत्र प्राप्त हुआ था। उक्त कार्य के लिए किसी भी मद में बजट आवंटित नहीं है। हैचरी में भी गंबूसिया मछली नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है।
>
> – **हरेंद्र पाल**, प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग

**अमृत विचारः** जनपद में जल निकायों में गंबूसिया मछली छोड़ने का प्लान बनाया, ताकि डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी से लोगों को बचाया जा सके, मगर ऐन वक्त पर जिम्मेदार मत्स्य विभाग ने पूरे प्लान पर पानी फेर दिया। जिम्मेदारों का कहना है कि उनके पास न तो बजट हैं और न ही उनके हैचरी में गंबूसिया मछली है।

बीते साल जिले में करीब 400 से अधिक डेंगू के केस सामने आए थे। इसके अलावा मलेरिया के केस भी मिले थे। जबकि वर्ष 2021 में डेंगू और मलेरिया दोनों ने जमकर कहर बरपाया। शहर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने डेंगू के प्रकोप से निजात दिलाने को कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा। उन्होंने डेंगू की रोकथाम के लिए मत्स्य विभाग के सहयोग से स्थानीय जल निकायों में गंबूसिया मछली छोड़ने का आग्रह किया था।

चूंकि गंबूसिया मछली रोजाना करीब 250 लार्वा खाती है। ऐसे में अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डेंगू की रोकथाम के लिए स्थानीय जल निकायों में गंबूसिया मछली छोड़े जाने के निर्देश मत्स्य विभाग को दिए थे। उम्मीद थी कि गंबूसिया मछली छोड़े जाने के बाद कुछ हद तक डेंगू से निजाम मिलेगी, मगर ऐन वक्त पर मत्स्य विभाग ने यह कहकर पूरे प्लान पर पानी फेर दिया कि विभाग के पास न तो इस कार्य के बजट है और न ही खुटार हैचरी में गंबूसिया मछली है।

# शहर में धूमधाम से निकाली राम विवाह शोभायात्रा, झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## सड़कों पर रहा मेले जैसा माहौल, कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



शोभायात्रा में शामिल राधा-कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल राम-लक्ष्मण एवं विश्वामित्र की झांकी।

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला परमठ मंदिर में आयोजित हो रहे श्रीरामलीला महोत्सव में बुधवार को धूमधाम से श्रीराम विवाह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के मार्ग पर मेले जैसा माहौल लगा और खिलौने आदि की दुकानें बनी।

समाजसेवी अंशू जौहरी एडवोकेट, साधना जौहरी ने शाम करीब पांच बजे झंडी दिखाकर शोभायात्रा की शुरुआत कराई। श्री राम विवाह शोभायात्रा परमठ मंदिर से ड्रमंडगंज चौराहा, चौक बाजार, इमली चौराहा, साहूकारा, जमनी चौराहा, स्टेशन रोड, चावला चौराहा, गैस चौराहा, सुनगढ़ी, स्टेशन चौराहा होते हुए अरुण साहू के बाग पहुंची। यहां कुलगुरु वशिष्ठ, शतानंद ने दोनों कुलों की वंशावली बताकर प्रभु राम का सीता, लक्ष्मण का उर्मिला, भरत का मांडवी, शत्रुघ्न का श्रुतिकीर्ति के साथ वेद मंत्रोच्चार पूर्ण विवाह संस्कार संपन्न कराया। इसके पश्चात श्रीराम बारात नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, जाटों का चौराहा, बरेली दरवाजा, बड़ा गुरुद्वारा, जेपी रोड होते हुए परमठ मंदिर पर आकर संपन्न हुई। राम बारात में राम लक्ष्मण एक दिव्य सिंहासन पर, भरत शत्रुघ्न एक अलग सिंहासन , महाराज दशरथ और राजा जनक अलग अलग सिंहासन पर शोभायमान थे। भक्ति गीतों पर रंगशाला की छटा अलग बिखर रही थी।

कई जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए भोग आरती की। भक्तों ने प्रभु राम लक्ष्मण और सीता के साथ ही सभी स्वरूपों को उतारकर भोग आरती करने के पश्चात प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, अमरीश शर्मा, संजीव मिश्रा, आयुष सक्सेना, आकाश कश्यप, निशांत तिवारी, निरंजन शर्मा, धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, अंशुमान मिश्र, अशोक पाठक, नितिन मिश्रा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राम का जन्म होते ही मेला मैदान पर गूंजे जयकारे



**बीसलपुर :** नगर में चल रहे रामलीला मेले में राम जन्म लीला का मनमोहक मंचन किया गया। प्रभु राम का जन्म होते ही मेला मैदान प्रभु राम के जयघोष से गूंज उठा। लीला की शुरुआत उस वक्त होती है जब राजा दशरथ के संतान न होने के कारण वह अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते हैं। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते हैं। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। प्रभुराम का जन्म होते ही मेला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर गोपाल अग्रवाल, मनोज त्रिपाठी उर्फ मीनू, सुरेशचद्र अग्रवाल, प्रबंधक मोहित मित्तल, अभय मित्तल, सचिन अग्रवाल बिपिन कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 सितंबर की रात खमरिया पंडरी निवासी अली उर्फ लाला बंजारा, छोटे बंजारा, शादाब, कलीम उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए। पुत्री घर पर रखे 14 हजार रुपये भी ले गई।पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिसौली-बदायूं

सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्

शिव रात्रि- त्रिलोकी नाथ- ज्ञान सूर्य गुरू एवं बाप टीचर सतगुरू वी.के. पायल जी के शुभ अवतरण के महान पर्व पर दिनांक 12 अक्टूबर 2024 (विजय दशमी) को हम सब को मिलकर सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, सर्व जन कल्यान हेतु स्वागत एवं महान सम्मान करना है:-

ॐ शान्ति ॐ

प्रेषक:- सोहनदास (माई गॉड भोला)
प्रतिदिन ध्यान योग लगाया है।
मो. 8923712896
निवासी- चन्दौसी, संभल (उ.प्र.)

ये सम्पूर्ण जगत ही अपना परिवार है-

ॐ शान्ति ॐ

## शारदीय नवरात्र आज से



शारदीय नवरात्र गुरुवार 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। इस बार गुरुवार को माता का आगमन पालकी पर और 12 अक्टूबर को प्रस्थान मुर्गे की सवारी से होगा। 11 अक्टूबर को दुर्गा महानवमी और दुर्गा महाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। 12 अक्टूबर को दशहरा और शारदीय नवरात्र व्रत का पारण किया जाएगा। वैसे तो नवरात्रि का त्योहार 9 दिनों का होता है लेकिन इस बार ये त्योहार 10 दिन का मनाया जाएगा। इस बार 11 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तिथि दोनों पड़ रही है. ऐसे में नवमी तिथि की पूजा का मुहूर्त 12 अक्टूबर को दशहरा के दिन सुबह का निकल रहा है। इस लिहाज से इस बार 9 दिन नहीं 2024 की शारदीय नवरात्र कुल 10 दिन की होगी।

## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है। **बीज मंत्र - ह्रीं शिवायै नमः।**

# सिस्टम ही पटरी पर नहीं, कैसे बने टनकपुर हाईवे का फुटपाथ

## आला अफसरों ने बार-बार दिया आदेश, रद्दी की टोकरी में डालते रहे मातहत, हादसे होने का खतरा किया नजरंदाज, राहगीर हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा के पहले सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री।



टनकपुर हाईवे किनारे फुटपाथ पर बने गड्ढे में भरा बारिश का पानी।



नेहरु पार्क के पास सड़क किनारे पटरी पर बना गहरा गड्ढा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अफसर भले ही सख्ती का दावा करें, लेकिन टनकपुर हाईवे की पटरी से ऊंचाई अधिक होने के कारण चली आ रही समस्या कई बार निर्देश देने के बावजूद जिम्मेदार नहीं सुधार सके हैं। जिस कारण लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। समाधान के नाम पर सड़क सुरक्षा संबंधी बैठकों में सिर्फ निर्देश जारी हो सके हैं। रात के वक्त तो सफर करना राहगीरों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

बता दें कि टनकपुर हाईवे पर दिन-रात आवागमन रहता है। यूपी और उत्तराखंड दोनों तरफ के वाहनों की आवाजाही रहती है। असम चौराहा से लेकर कलेक्ट्रेट तक की बात करें तो लंबे समय से एक समस्या हादसे का सबब बनी हुई है।

- **पटरी से काफी ऊंची होने से खतरनाक हो गई है सड़क, हो चुके हैं कई हादसे**

> टनकपुर हाईवे पर सड़क और पटरी की ऊंचाई को लेकर आ रही दिक्कत का समाधान कराने के लिए एनएच के अधिकारियों को बुलाया गया था। मार्ग को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। - **संजय कुमार सिंह,** जिलाधिकारी



मेडिकल कॉलेज मोड़ पर गन्नाधिकारी कार्यालय के बाहर पटरी पर पड़े पत्थर।

हाईवे की सड़क से दोनों तरफ की पटरी काफी नीची है। कई जगह गड्ढे भी हो गए हैं। इसके अलावा बारिश के बाद दलदल सी बन गई है। ईट-पत्थर भी जहां- तहां पड़े हुए हैं। मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में कई बार सामने से आ रहे वाहन से खुद को बचाने के चक्कर में छोटे वाहन सवार पटरी पर उतरते हैं और हादसा हो जाता है। कई राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। मगर करीब तीन से चार किमी दायरे में चली आ रही इस समस्या का समाधान नहीं हो सका।

ऐसा नहीं है कि इस समस्या से जिम्मेदार बेखबर हैं। उनकी ओर से भी लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं। पूर्व डीएम प्रवीण लक्षकार ने भी इसका संज्ञान लिया और कई बार समीक्षा बैठकों में मातहतों को सुधार कराने के निर्देश दिए गए। मौजूदा डीएम संजय कुमार सिंह भी कई बार इस समस्या को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। अभी तीन दिन पहले हुई बैठक में भी पटरी की समस्या का सुधार कराने के लिए निर्देश जारी किए गए। इस पर हामी भी भरी गई, लेकिन अभी तक धरातल पर कोई काम शुरू तक नहीं किया जा सकता है। मार्ग पर रोशनी के इंतजाम भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में रात के वक्त मार्ग से गुजरने में राहगीरों को हादसे का डर बना रहता है। बावजूद सुधार पर कोई ध्यान नहीं है।

### छात्राओं के घायल होने पर किए थे दावे

टनकपुर हाईवे की सड़क और पटरी की ऊंचाई से कई बार हादसे हो चुके हैं। बीते साल स्कूटी सवार दो छात्राएं इस वजह से गिरकर घायल हो गई थी। डिप्टी आरएमओ कार्यालय के पास हादसा हुआ था। इसी दिन एफसीआई गोदाम से माल उठाने के लिए पहुंची डीसीएम भी सड़क और पटरी की ऊंचाई को लेकर पलट गई थी। इस हादसे के बाद तत्कालीन डीएम प्रवीण लक्षकार ने सुधार कराने के निर्देश दिए थे। फिर उनका तबादला हो गया और समस्या जस की तस बनी हुई है।

### नाला निर्माण कार्य से जुड़ी सामग्री भी बनी मुसीबत

टनकपुर हाईवे पर ही विद्या मंदिर चौराहा से नकटादाना चौराहा की तरफ नाला निर्माण कार्य भी चल रहा है। निर्माण कार्य से जुड़ी रेता, बजरी समेत अन्य सामग्री भी हाईवे के किनारे बेतरतीब तरीके से पड़ी हुई है। इनसे बचाव के लिए कोई संकेतांक तक नहीं लगाया गया है। जिससे राहगीरों को ये पता लग सके। इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### मेडिकल कॉलेज और कई स्कूल, फिर भी अनदेखी

टनकपुर हाईवे पर इस तीन से चार किमी के हिस्से की बात करें तो यहां पर मेडिकल कॉलेज, कई सरकारी और निजी स्कूल हैं। निजी अस्पताल भी अधिक हैं। कचहरी जाने के लिए भी राहगीर इसी मार्ग से होकर जाते हैं। स्कूली बच्चे और मरीजों की आवाजाही होने और मुख्य हाईवे होने के बाद भी करीब एक साल से समस्या जस की तस बनी हुई है। जिम्मेदारों के निर्देश के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है।

### बारिश से हाईवे किनारे बने गड्ढों में भरी दलदल

एक तो पहले ही सड़क से पटरी की नीचाई अधिक होने से हादसे का डर बना हुआ था। इसके बाद बारिश और जिम्मेदारों की लापरवाही ने और मुसीबत बढ़ा दी। यहां पर सड़क और दोनों साइड की पटरी को समतल करने के लिए मिट्टी और मलबा डाल दिया गया था। जिससे राहत तो नहीं हुई मगर खतरा बढ़ गया। नेहरु पार्क, डीएम आवास के पास समेत कई जगह साइड में मिट्टी में ही गड्ढे हो गए। बारिश के बाद ये दलदलनुमा गड्ढे रात के वक्त राहगीरों की दिक्कत बने हुए हैं।

# लूट के खुलासे को 20 लोगों से पूछताछ, नतीजा शून्य

संवाददाता, पूरनपुर

- **पुलिस ने चंदिया हजारा चौकी में जमाया डेरा**
- **शारदा नदी का जलस्तर अधिक होने से आवागमन में दिक्कत**

**अमृत विचारः** छह दिन पहले हरिपुर जंगल में दंपति के साथ हुई लूटपाट की घटना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। पुलिस अब तक पुलिस 20 संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। बता दें कि गुरुवार को गांव ढक्का चांट के रामनिवास पुत्र जटाशंकर पत्नी सूरज देवी के साथ पूरनपुर से घर जा रहे थे। चंदिया हजारा जाने वाले मार्ग पर हरीपुर के जंगल में बाइक सवार बदमाशों ने उनके साथ लूटपाट की थी। तीन बदमाशों ने असलहा दिखाकर धमकाते हुए सोने के कुंडल और मंगलसूत्र लूट लिए थे। हजारा एसओ प्रकाश सिंह की अगुवाई में टीम सुरागरसी कर रही है। शारदा नदी में जलस्तर अधिक होने से सीधे आवागमन बंद है। ऐसे में हजारा थाना पुलिस घटना के दिन करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुंच सकी थी। लूट की घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई है। हजारा पुलिस ने आने जाने के झंझट से बचने के लिए चंदिया हजारा पुलिस चौकी में ही डेरा जमा लिया है। तीनों टीमें चौकी पर पड़ाव डालकर छानबीन कर रही हैं। बीते छह दिनों में पुलिस ने लगभग बीस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एसओ का कहना है कि कुछ सुराग मिले हैं। छानबीन चल रही है।

# उपाधि कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**पीलीभीतः** जिले में बुधवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कहीं समारोह आयोजित हुआ, किसी ने प्रतियोगिताएं आयोजित कराईं। उपाधि महाविद्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रबंध समिति के सचिव मुरली मनोहर अग्रवाल, प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने कार्यक्रम किया। सांस्कृतिक क्लब की प्रभारी डॉ. राखी मिश्रा के सहयोग से आत्मनिर्भर भारत विषय पर विचार व्यक्त करने वाले छात्र एवम छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। पौधरोपण करने के साथ ही साफ सफाई की गई। इस मौके पर विपिन नीरज, डॉ.दिवाकर सिंह समेत कई मौजूद रहे।

# आशा भर्ती में घोटाले की आशंका डीएम ने खारिज की चयन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **स्वास्थ्य विभाग ने निकाली थी आशाओं की भर्ती**
- **पूरनपुर से उठा घोटाले का शोर अब नए सिरे से होगा चयन**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यवस्थाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए आशाओं की भर्ती निकाली गई थी। जिसमें विभागों के कुछ लोगों की मिलीभगत से अपने करीबियों को लगाने के लिए नियमों को दरकिनार करते हुए भर्ती शुरु कर दी थी। घोटाले की आशंका जताते हुए पूरनपुर के लोगों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर डीएम ने संज्ञान लेते हुए भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। अब नए सिरे से आशाओं की भर्ती करने के लिए एसडीएम और बीडीओ के निर्देशन में चयन करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अगस्त माह में 123 पदों पर आशाओं का चयन करने का आदेश जारी किया गया था। इसमें अमरिया में 25, न्यूरिया में 30, पूरनपुर में 50, बीसलपुर में तीन और बिलसंडा में 15 पदों पर आशा चयन होना था। भर्ती प्रक्रिया शुरु होते ही पूरनपुर ब्लॉक समेत कई अन्य ब्लॉकों में आशा चयन में घोटाले की आशंका जताते हुए शिकायतें दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का तर्क था कि बिना व्यापक प्रचार प्रसार के गाइडलाइन को दरकिनार कर चहेतों का आवेदन लेने के आरोप लगे, जिस कारण कई पात्र ग्रामीण महिलाएं आवेदन से वंचित रह गईं। इसके बाद सीएमओ ने पूरे मामले का संज्ञान लेकर तत्काल आशा चयन पर रोक लगा दी।सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि शिकायतों की जांच के लिए एसीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी, एसीएमओ डॉ. एसके सिंह, डीपीएम मोहम्मद नाजिर और डीसीपीएम उत्तम कुमार की संयुक्त समिति गठित की गई है, जो अपनी रिपोर्ट देगी। इधर, डीएम संजय कुमार सिंह ने भी पूरी प्रक्रिया नए सिरे से एसडीएम व बीडीओ की निगरानी में कराने के आदेश दिए हैं। अब अक्टूबर माह में इसका विज्ञापन पुनः प्रेषित करते हुए प्रक्रिया को कराया जाएगा। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि आशा की भर्ती निकाली गई थी। जिसकी शिकायतें मिलने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रोक लगा दी गई है।

# एसडीएम ने भरा पचपेड़ा गोशाला का किया निरीक्षण



निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम मयंक गोस्वामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

- **यूपीसीडा की जमीन पर बोई फसल न काटने के दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** एसडीएम ने टीम के साथ गोशाला भरा पचपेड़ा का निरीक्षण किया। यूपीसीडा की जमीन पर बोई फसल न काटने के निर्देश दिए। एसडीएम मयंक गोस्वामी , लेखपाल विनय गंगवार, बिरहनी चौकी प्रभारी जयदेव सिंह के साथ भरा पचपेड़ा गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। गोशाला में ग्वालो से गायों की कुशलता जानी। अवैध अवैध रूप से बोई गई यूपीसीडा की जमीन पर धान की फसल को काटने के लिए साफ मना कर दिया। कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार की कोई फसल जोताई एवं बिजाई नहीं की जाएगी। बिना अनुमति के फसल न तो काटी जाएगी और अवैध रूप से बोई जा सकेगी।

# बाघ संरक्षण फाउंडेशन देगा नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **वन मंत्री की अध्यक्षता में पहली शासी निकाय बैठक होगी आज**
- **पीलीभीत टाइगर रिजर्व के हित में लिए जा सकते हैं महत्वपूर्ण निर्णय**

**अमृत विचारः** पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन पीलीभीत टाइगर रिजर्व को नई दिशा देगा। बाघ संरक्षण फाउंडेशन की शासी निकाय की पहली बैठक वन मंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को होने जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने वर्ष 2022 में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण फाउंडेशन के गठन को मंजूरी दी थी। जिसके बाद जनवरी 23 में पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन का गठन किया गया था। फाउंडेशन का उद्देश्य पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा निकटवर्ती क्षेत्र में पारिस्थितिकीय, आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करना, टाइगर रिजर्व एवं आसपास के प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करना, ईको-पर्यटन, ईको-विकास, प्रशिक्षण, प्रबंधन तथा सलाह देने जैसे क्षेत्र में कार्यदायी संस्था का सहयोग प्रदान करने के लिए सहयोग करना है। पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन के प्रबंध के लिए प्रभारी मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अध्यक्षता में एक शासी निकाय एवं फाउंडेशन के प्रतिदिन के प्रबंध को संचालित करने के लिए एक कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। इधर पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन की पहली शासी निकाय बैठक गुरुवार को होने जा रही है। बाघ संरक्षण फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष/ मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक शहर के एक होटल में अपराह्न तीन बजे होगी। बैठक में वन मंत्री के अलावा अपर मुख्य सचिव वन, पीसीसीएफ के अलावा शासी निकाय के नामित सदस्य, वन्यजीव विशेषज्ञ एवं वन अफसर भाग लेंगे। शासी निकाय होने वाली पहली बैठक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

# छात्र-छात्राएं और शिक्षक किए सम्मानित

- **गांधी सभागार में हुई क्विज, वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता**

**पीलीभीतः** गांधी सभागार में क्विज, वाद-विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राओं को डीएम संजय कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। क्विज में उरुज फातिमा प्रथम, पायल कोरंगा द्वितीय, नैना गुप्ता तृतीय, वाद-विवाद में लक्ष्मी प्रथम, रीना वर्मा द्वितीय, अर्पित सिंह व अवनि मौर्य तृतीय रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में लव कुमार प्रथम, सुरभि द्वितीय, शगुन कश्यप तृतीय रहीं। डीएम ने जनपदीय नोडल शिक्षक इन्तजार खान को भी सम्मानित किया।

# सूरजमल हाड़ा की छतरी ध्वस्त करने से क्षत्रिय नाराज

संवाददाता, पूरनपुर

- **कोटा विकास प्राधिकरण से छतरी स्थापित कराने की मांग**
- **पूरनपुर एसडीएम को दिया ज्ञापन, जताया विरोध**



पूरनपुर एसडीएम को ज्ञापन देते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजस्थान में कई वर्ष पुरानी सूरमल हाड़ा की छतरी को ध्वस्त करने से क्षत्रिय समाज में रोष है। समाज के लोगों ने इस संबध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें ध्वस्त की गई छतरी फिर से लगाने और प्रस्तावित हवाई अडडे का नाम सूरजमल हाड़ा रखने की मांग की गई।

क्षत्रिय समाज के तमाम लोगों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। इसमें राजस्थान के कोटा जिले में 20 सितंबर कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा छह सौ वर्ष पुरानी रियासत कालीन नरेश राव सूरजमल हाड़ा की छतरी को अपमान जनक तरीके से ध्वस्त करने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि राव सूरजमल हाड़ा की छतरी भारत की ऐतिहासिक धरोहर और जनता की आस्था के आलावा राजस्थान के शौर्य की प्रतीक है।

अधिकारियों के गैर जिम्मेदारपूर्ण रवैये से उसे ध्वस्त करा दिया गया। सर्व समाज के लोग इस स्थल पर पूजा अर्चना करते थे।

ज्ञापन में राजस्थान की प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने, पुरातत्व विभाग के अनापत्ति के बाद ही विस्थापन की कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा राव सूरजमल हाड़ा की छतरी को उसी स्थान पर सम्मन के साथ स्थापित करने की मांग की गई। अवशेषों का पैनोरमा बनाकर संरक्षित किया।

प्रस्तावित हवाई अडडे का नाम राव सूरज मल हाड़ा के नाम पर रखकर सर्व समाज की आस्था का सम्मान करने की मांग की। मांगे पूरी न होने पर समाज के लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर प्रवीन चौहान, वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह, शिवम भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# एजेंसियों को बनाने होंगे एक-एक मॉडल क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दिन में दो बार होगी नीलामी, खरीद की करानी होगी ऑनलाइन फीडिंग**

**अमृत विचारः** धान खरीद को लेकर मंडी समिति में समस्त क्रय एजेंसियों को एक-एक मॉडल क्रय केंद्र बनाना होगा। दिन में दो बार धान की नीलामी की जाएगी। इसके अलावा प्रतिदिन खरीद की ऑनलाइन फीडिंग करनी होगी।

धान खरीद को लेकर गांधी सभागार में हुई कार्यशाला में डिप्टी आरएमओ ने तैयारियों की जानकारी दी। केंद्र प्रभारियों से कहा कि खाद्य विभाग के प्रत्येक क्रय केंद्र पर पांच बोरा गांठ उपलब्ध कराई गई है। सभी क्रय एजेंसियां स्वयं सर्विसेबल/ पुराने बोरे का स्वयं क्रय करेंगी। क्रय एजेंसियों को पूर्व भुगतान के आधार पर मांग के अनुरूप बोरे दिए जाएंगें। अभी तक 721 किसानों का पंजीकरण किया गया है। सभी धान क्रय केंद्र सुबह 09 बजे से सांय 05 बजे तक क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

बांट माप निरीक्षक ने सभी क्रय केंद्रों पर कांटे बांट का सत्यापन होने की जानकारी दी। मंडी सचिव ने बताया कि जनपद में 267 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 118 नमी मापक यंत्र, 126 डस्टर, 135 विश्लेषण किट, छलना, पंखा एवं अन्य उपकरण उपलब्ध हैं। जनपद में अनुमोदित धान क्रय केंद्रों के सापेक्ष 22 डस्टर, 30 नमी मापक यंत्र एवं 29 इलेक्ट्रॉनिक कांटे की कमी है।

इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों के धान की नीलामी दिन में दो बार की जाए। नीलामी के समय किसानों के धान की नमी अवश्य मापी जाएं और मंडी समिति अपने अभिलेखों में दर्ज अवश्य करें। धान की नीलामी कराते समय सभी एजेंसियों के कम से कम एक-एक केंद्र प्रभारी अवश्य मौजूद रहे। मंडी में सभी एजेंसियों के एक-एक मॉडल क्रय केंद्र बनाएं। धान खरीद को प्रतिदिन ऑनलाइन फीड किया जाए। अगर तकनीकी कारणों से कहीं भी खरीद का डाटा फीडिंग या अपलोड करने में दिक्कत आए तो धान खरीद का डाटा मैसेजिंग ग्रुप के साथ-साथ अधिकारियों को भी भेजा जाए।

### रिजेक्शन से पूर्व धान का सैंपल होगा सील

धान के रिजेक्शन से पूर्व किसानों के धान का सैंपल सील किया जाए। रिजेक्शन रजिस्टर में रिजेक्शन कारण सहित उल्लेख करना होगा। कोई केंद्र प्रभारी स्वेच्छाचारी ढंग से किसान का धान रिजेक्ट करता है या किसान का धान क्रय करने से मना करता है या रिजेक्टेड धान का सैंपल सील नही करता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी भवनों में खोलें क्रय केंद्र, वरना होगी कार्रवाई

डीएम ने कहा कि सभी क्रय केंद्र सरकारी भवनों में ही खोले जाए। किसी भी क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा यदि प्राइवेट भवनों में धान क्रय किया जाता है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहकारिता सहित सभी क्रय केंद्रों पर सरकारी कर्मचारी केंद्र प्रभारी के रूप में तैनात किये जाएं। केंद्र प्रभारियों को क्रय एजेंसी पहचान पत्र दे। ताकि बिचौलियों की पहचान की जा सके।

# गन्ना समिति चुनाव डेलीगेटों का चुनाव आज, तैयारियां पूरी

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जनपद की चार गन्ना समितियों के डेलीगेट का चुनाव गुरुवार को होगा। चार मतदान स्थलों पर सुबह आठ बजे से वोटिंग शुरू होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत संबंधित मतदान प्रक्रिया के लिए समिति परिसर में मतदान स्थल बनाया गया है। मझोला सहकारी गन्ना समिति का मतदान स्थल समिति परिसर में, सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर का मतदान स्थल आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज पूरनपुर में एवं सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर का मतदान मंडी समिति परिसर बीसलपुर में होगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 08 बजे से सायं 04 बजे तक चलेगी।

# डेलीगेट का निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संघर्ष करेंगे सपाई

संवाददाता, बीसलपुर



विरोध प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **जिलाधिकारी से की गई निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग**

**अमृत विचारः** किसान सहकारी चीनी मिल के डेलीगेट का चुनाव चार अक्टूबर को होना है। जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा पर्चे दाखिल किए गए। आरोप है कि राजनीतिक दबाव में पर्चे खारिज कर दिए गए। गंभीर आरोप लगाते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एआरओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है।

किसान सहकारी चीनीमिल में डेलीगेट का चुनाव चार अक्टूबर को होना है। जिसके लिए तमाम ग्रामीणों ने पर्चे दाखिल किये लेकिन उनके पर्चे कैंसिल कर दिये गये। जिससे भड़के सपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मिल परिसर में एआरओ के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रताप गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही से चुनाव करा रही है। संविधान का हनन किया जा रहा है। तानाशाही के चलते कई पर्चे कैंसिल कर दिये हैं। सपा नेता हरिपाल लोधी ने कहा कि एआरओ से मिलने का प्रयास किया लेकिन उनके पास समय नहीं था और मिलने से साफ इन्कार कर दिया। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि सत्ता के इशारे पर चुनाव कराया जा रहा है। गैर भाजपाई को चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं दिया जायेगा।

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगों की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगों के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only* Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

# ध्वजारोहण कर बापू और शास्त्री जी को किया याद

## स्कूल, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्य-अहिंसा की शपथ दिलाई



चरखे से सूत कातते डीएम।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में अधिकारियों कर्मचारियों संग झाड़ू लगाते डीएम। ● अमृत विचार

● गांधी जयंती के अवसर पर अफसरों ने की साफ सफाई



ट्राई साइकिल वितरित करते डीएम संजय कुमार व एडीएम ऋतु पुनिया।

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिले में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बापू व शास्त्री के वचनों को लोगों ने याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। स्कूल और कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कलेक्ट्रेट में डीएम ने अधिकारियों और कर्मचरियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की शपथ दिलाई।

कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम संजय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर बापू और शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि दोनों विभूतियों ने देश स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके जीवन से हमें आज भी प्रेरणा मिलती है। इस दौरान डीएम ने चरखे से सूत भी काटा। आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में ध्वजारोहण के बाद डीएम ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। विकास भवन में सीडीओ केके सिंह ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पीटीआर मुख्यालय पर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने ध्वजारोहण किया। डीएम ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया। जनपद के सबसे स्वच्छ मोहल्लों एवं वार्डों के सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत डीएम ने गांधी सभागार से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाटर वर्क्स कंपाउंड से गांधी स्टेडियम तक शांति एकता मार्च निकाला गया। वाटर वर्क्स कंपाउंड रोड पर डीएम ने अधिकारियों संग साफ- सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए।एडीएम ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने पुलिस लाइन में राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।



पुलिस लाइन में मातहतों को शपथ दिलाते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

## गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर किया योगाभ्याय



**पीलीभीत :** भारतीय योग संस्थान की ओर से संतराम सरस्वती शिशु मंदिर अशोक कॉलोनी परिसर में योग शिविर लगाया गया। संगठन मंत्री मोहित अग्रवाल, विनय आनंद, निर्मला धमेज ने सरस्वती वंदना पेश की। नियमित योग साधना का महत्व बताया गया। योगाभ्याय के साथ ही भजन भी गाए गए। इस मौके पर मधु पांडे, नूतन आहूजा, सुजाता आनंद, सीए संजय अग्रवाल, अनिल मैनी, विनय आनंद, सतीश शर्मा, तेज नारायण , राजीव अग्रवाल, राजीव सिंघल, तृप्ति मिश्रा, रमेश कुमार, निर्मला धमेजा आदि मौजूद रहे।

## सपाइयों ने बापू और शास्त्री जी को किया नमन



**पीलीभीत :** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। नकटादाना चौराहा स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। उधर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू ने पूरनपुर के गांधी पार्क में कार्यकर्ताओं संग पहुंचकर बापू का नमन किया। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों को अपनाकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं सम्मानित



**पीलीभीत :** चौधरी निहाल सिंह कृषि ( पीजी ) कॉलेज ऐमी में स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाओं व समस्त स्टाफ ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस मौके पर दिग्विजय चौधरी, अनुराग शर्मा सुरेंद्र पाल मौर्य, डॉ. एसपी सिंह आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में बेहतर स्थान पाने वाली छात्राएं सम्मानित की गई। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में प्रधानाध्यापक डा .विभव सक्सेना की अगुवाई में कार्यक्रम हुए। इस मौके अंजना शुक्ला, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल, दीक्षा, गुंजन, हेमलता, सोनी, रेनू, सुहानी, सोनाक्षी, जशोदा, झलक, साधना देवी, रश्मि, खुशबू, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे। कई बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

## गांधी जयंती पर महापुरुषों को अर्पित की पुष्पांजलि



**पीलीभीत :** पुष्प इंस्टीट्यूट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। निदेशक अनुज भटनागर, प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम, उप-प्राचार्या डॉ. गीतिका शुक्ला ने दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. विनीता, बीबीए विभागाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## लिटिल एंजेल्स की उमंग ने किया कविता पाठ



**पीलीभीत :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में बापू व शास्त्री की जयंती को श्रमजीवी दिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य नवीन चंद पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना व कोऑर्डिनेटर नीना मल्होत्रा ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित की। कक्षा 12 की छात्रा उमंग शर्मा ने कहा कि संस्थापक प्रधानाचार्या ने एक बार बताया था कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कभी भी नौकर या नौकरानी नहीं बोलना चाहिए। उनको सहायक कहकर पुकारना चाहिए। इसी क्रम में उमंग शर्मा ने इन सबके लिए एक कविता का पाठ किया। कर्मचारियों के बीच खेल प्रतियोगिता कराई गई।

## मॉम्स प्राइड में आयोजित कराईं प्रतियोगिताएं




**पीलीभीत :** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में प्रबंधक निशांत गोस्वामी, डॉ. सोनिया गोस्वामी ने गांधी और शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्ले ग्रुप से किंडरगार्डन तक के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के दिए गए वन्य जीव संबंधी विषय पर कला प्रतियोगिता हुई। कक्षा छह से दस तक के बच्चों की भाषण प्रतियोगिता कराई। एक से पांच तक के बच्चों ने क्ले मॉडलिंग की। संचालन प्रधानाचार्या नीलोफर अंसारी ने किया।

## डिवाइन और स्प्रिंगडेल में भी हुए कार्यक्रम

**पीलीभीत :** स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में निदेशिका चारू धवन ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इधर, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मेंकाश्वी, प्रशान्त, प्रखर, सनाया, अर्थिका, लोभिका, मो. जैन, ललित प्रशान्त, काव्या, दक्ष, आरूज सम्मिलित हुए। हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता भी कराई गई। उधर, डिवाइन कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धान्जलि अर्पित की।

## प्रतियोगिताएं आयोजित

**बरखेड़ा :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल में ईकाई प्रमुख आशीष त्रिपाठी, सुबोध गुप्ता, जितेंद्र साहनी, हरीश ज्याला, दिनेश द्विवेदी आदि ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। एचआरपी डिग्री कॉलेज व एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में संयुक्त रूप से कार्यक्रम हुआ ।प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. नीतू सिंह मौजूद रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा अमितेश गंगवार, छात्र आयुष पाल, शिवानी देवी अव्वल रही। गांव मुड़िया हुलास में ज्योति पाठक मेमोरियल एकेडमी में प्रबंधक व संस्थापक राजेंद्र पाठक, प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा, भगवान दास, अजयपाल, रूपेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, प्रीति वर्मा, तुलसी मौर्य, नीरज वर्मा, शिखा पाठक आदि मौजूद रहे। बहर जागीर देवहा नदी के पुल से कस्बे में स्थित गांधी आश्रम तक रेस हूई। जिसमें बृजेश कुमार, गौरव यादव, रवि शंकर पुरस्कृत किए गए। चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, अमित गंगवार, मो. अनस, लक्ष्मी कान्त भोजवाल, अमित कुशवाहा, डॉ सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूरनपुर में समारोह आयोजित कर मनाई राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

संवाददाता, पूरनपुर




महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर पालिका कार्यालय पर पिता रामबहादुर गुप्ता के साथ ध्वजारोहण किया। इस दैरान बापू और शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, नगर कोषाध्यक्ष ठाकुर प्रदीप सिंह मुखिया,सभासद अनुज कुमार गुप्ता, सभासद सुशील कुमार गुप्ता, विवेक तिवारी, सभासद पति तौफीक अहमद कादरी, सभासद नादिर रज़ा, लेखाकार दिनेश भारती, दुर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इधर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संजय मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि नायब सूबेदार लखन सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। आचार्य राम रतन लाल वर्मा ने गांधी व शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य संजय मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अनिल कुमार गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, मोहनलाल गंगवार, बलराम वर्मा, अशोक वर्मा, राजीव सिंह गंगवार, धनपाल गंगवार, अखिल कांत पांडे आदि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत केसरपुर कलां के ग्राम प्रधान अनीस खान उर्फ गुड्डू, सचिव आरेंद्र गंगवार ने महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन ने सीएचसी और एक नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं और मरीजों को फल वितरित किए। अध्यक्ष डॉ दिनेश गुप्ता, अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, डॉ. आलमगीर संजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता, बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पत्नी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

कांट। पुलिस अधीक्षक राजेश एस के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को नरेंद्र पुत्र सुखपाल को पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। गांव अकर्रा रसूलपुर निवासी नरेंद्र पर उसके ससुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उसकी पुत्री पूजा को दामाद नरेंद्र गालियां देकर जान से मारने की नीयत से डंडों से मारपीट करता था। आरोपी ने दूसरी शादी भी कर ली थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक कुलदीप ,रामू, सिपाही राजकुमार,संजीव मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में दुकानदार को किया घायल

शाहजहांपुर। रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अवजाल ने बताया कि 27 सितंबर की सुबह छह बजे चाय की दुकान खोल रहा था। मोहल्ले का जुनैद व फैज उसकी दुकान पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क हादसे में चीनी मिल कर्मी की मौत

## ड्यूटी के बाद घर जाते वक्त पौटा मजार के पास मंगलवार रात हुआ हादसा, घायल की हालत नाजुक

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** चीनी मिल से काम निपटाकर घर जा रहे बाइक सवार भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर पट्टी के रहने वाले 33 वर्षीय अभिषेक कुमार पुत्र सुभाष चंद्र एलएच चीनी मिल में हेल्पर था। उसके बड़े भाई आशीष उर्फ सोनू (42) भी इसी चीनी मिल में सुपरवाइजर हैं। मंगलवार रात को काम निपटाकर दोनों बाइक से पीलीभीत से वापस घर जा रहे थे। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर पौटा मजार के पास पहुंचते ही किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी की।

आनन-फानन में दोनों को सीएचसी भेजा गया। वहां चिकित्सक ने अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल सोनू को प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के परिजन से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद सीएचसी में लगी भीड़। ● अमृत विचार



- बरखेड़ा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में कोहराम

### परिजन कर रहे थे इंतजार, घर पहुंची मौत की खबर

ड्यूटी पर गए दोनों भाइयों की वापसी का परिजन इंतजार कर रहे थे। इस बीच सड़क हादसे में दोनों के घायल होने की खबर परिवार तक पहुंची। कुछ ही देर में परिवार वाले सीएचसी आ गए। मगर, तब तक अभिषेक की मौत हो चुकी थी। एक की मौत और दूसरे की गंभीर हालत को देख परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। सीएचसी में परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। उन्हें मौजूद लोगों ने संभाला। गमगीर परिवार को ढांढस बंधाने के लिए दूसरे दिन भी ग्रामीण और रिश्तेदार मृतक के घर पहुंचते रहे।

### कार की टक्कर से दो युवक घायल, रेफर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर नौ के सचिन पुत्र श्रीपाल, वार्ड नंबर छह निवासी दीपांशु पुत्र दिनेश चंद्र मंगलवार रात दौलतपुर मार्ग पर एक पिज़्ज़ा व चाउमीन के ठेले पर थे। ठेले के पास बाइक खड़ी कर दी और नजदीक में ही खड़े थे। इस दौरान ब्लॉक तिराहे की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। कार सवार को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### पारिवारिक कलह में दंपती से मारपीट

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी गिरजा देवी ने बताया कि रविवार की सुबह दस बजे उसके जेठ बालकराम, योगेश, कुसुमा व प्रेमा गालियां देने लगे। विरोध करने पर महिला को पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके पति राजपाल बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण पारिवारिक कलह है। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### डंडा मारकर युवक का सिर फोड़ा, रिपोर्ट

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा में पुराने विवाद में डंडा मारकर युवक का सिर फोड़ दिया। मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा निवासी सियाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट ने बताया कि मोहल्ले के भोला और किशनपाल घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर सिर पर डंडा मारकर घायल कर दिया।

# कार की टक्कर से बार संघ के पूर्व महामंत्री की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार-पुवायां मार्ग पर कस्बा गंगसरा में बुधवार शाम करीब छह बजे बाइक और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार बार संघ पुवायां के पूर्व महामंत्री की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

खुटार नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड निवासी अधिवक्ता परितोष दीक्षित बुधवार को बाइक से पुवायां किसी काम से गए थे। घर लौटने के दौरान शाम करीब छह बजे वह गंगसरा पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अधिवक्ता परितोष घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। वहीं घायल परितोष को एंबुलेंस से पुवायां सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। परितोष दीक्षित की पत्नी पूजा, पुत्री आर्या (20), पुत्र अथर्व (10), अध्या (15), माता मनोरमा देवी, भाई आशुतोष दीक्षित का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, बताया जा रहा है कि परितोष दीक्षित की बड़ी बेटी आर्या बनारस में पढ़ाई करती है। पिता की मौत की खबर पहुंची तो पैरों तले जमीन खिसक गई। आर्या को चार दिन पहले ही परितोष बनारस छोड़ने गए थे। पुवायां थाना प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि चालक को हिरासत में ले लिया गया है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़ी बस।



- बुधवार शाम गंगसरा में हुआ हादसा कार चालक हिरासत में

# रंजिश में पिता-पुत्र सहित चार को किया घायल

संवाददाता, जैतीपुर

- सात वर्षीय बालक का गला दबाकर हत्या करने के प्रयास का आरोप

**अमृत विचार :** जमीनी रंजिश में कुछ लोगों ने खेत पर काम कर रहे पिता-पुत्र पर धारदार हथियार और लाठी डंडे से हमला बोल दिया, जिसमें दोनों लहूलुहान हो गए। बचाने पहुंची महिला की रॉड से पिटाई की। आरोप है कि सात वर्षीय मासूम बेटे को भी पीटा और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन सगे भाइयों सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जैतीपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उसके पिता का जगदीश आदि से खेत के बंटवारे का मुकदमा तिलहर न्यायालय में चल रहा था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसी बात से जगदीश रंजिश मानने लगा। इसी रंजिश के चलते जगदीश ने अपने भाइयों अजय, प्रदीप व तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर खेत पर काम कर रहे पिता रामलखन, भाई शिवकुमार पर धारदार हथियार व लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर दिया। महालक्ष्मी मिश्रा बचाने दौड़ी तो उन पर रॉड से हमला कर दिया। सात वर्षीय बेटे विधान को अजय ने लाठी मारी और गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह खेत पर पहुंचा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दहेज की खातिर विवाहिता को जलाकर मारने का आरोप, हाईवे जाम

संवाददाता, सिंधौली/ शाहजहांपुर

- हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की कर रहे थे मांग
- इंस्पेक्टर ने कार्रवाई का भरोसा देकर किया शांत

**अमृत विचार :** गांव नथुआपुर में विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई। ससुराल वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतका की मां ने ससुराल वालों पर दहेज की खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के बाद से गुस्साए परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद थाने के सामने बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शव लदी एंबुलेंस को खड़ा कर दिल्ली-पलिया हाईवे पर जाम लगा दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इंस्पेक्टर ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा देकर परिजनों को शांत किया। जिस पर करीब 6:15 बजे जाम खुल गया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव आयूं निवासी सावित्री पत्नी दमोदर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री राजमालती(21) की शादी छह माह पहले थाना सिंधौली के गांव नथुआपुर निवासी मुनेंद्र के साथ की थी। जिसमें उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा, लेकिन बाद में ससुराल वालों ने उसकी पुत्री से अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये व सोने की अंगूठी की मांग करनी शुरू कर दी। बेटी ने ससुरालियों की मांग के बारे में बताया लेकिन वह समर्थ नहीं थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी पुत्री को दामाद मुनेंद्र और दामाद के पिता राकेश, संतराम , राजवीर और संतराम की पत्नी ने मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सावित्री ने आरोप लगाया कि मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने एक अक्टूबर की शाम को उसकी पुत्री की हत्या कर दी और शव को जलाने का प्रयास किया। गांव के कुछ लोगों की सूचना पर वह बेटी की ससुराल पहुंची तब उसे जानकारी हुई। पुलिस ने पति मुनेंद्र, ससुर राकेश, संतराम, राजवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


मृतका राजमालती।


शाम को थाने के सामने जाम लगाए परिजनों को शांत करते इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला। ● अमृत विचार


सिंधौली थाने में बैठे मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

# अल्लाह हू अकबर के नारों से गूंजी फिजाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अल्लाहू मियां के 102 वें सालाना उर्स का कुल शरीफ की रस्म के साथ समापन
- शहर में निकाला जुलूसे चादरशरीफ, बड़ी तादाद में जायरीनों ने की शिरकत

**अमृत विचारः** अल्लाहू मियां का 102 वां सालाना उर्स शानो शौकत से मनाया गया। मंगलवार को पारंपरिक तरीके से जुलूसे चादर शरीफ बड़ी ही धूमधाम निकाला गया। ख़ानख़ाहे उस्मानिया क़दीरिया में दोपहर 1.40 बजे आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश एवं शहर की तरक्की और शांति के लिए दुआ फरमाई गई। इस मौके पर बड़ी तादाद में जायरीनों ने शिरकत की। जगह-जगह लंगर बांटा गया।

हर साल की तरह इस बार भी अल्लाहू मियां का सालाना उर्स मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक तरीके से जुलूसे चादर शरीफ निकाला गया।

अल्लाहू मियां दरगाह के हसन मियां कदीरी ने हैदरी मस्जिद, इमाम बाड़ा ग्वारों वाला, दरगाह शाहजी मियां पर चादर पोशी करने के बाद तक़रीर की। जुलूसे चादर शरीफ शहर के जुगनू का पाकड़, छोटी मार्केट, शरीफ खां चौराहा, मोहल्ला बुज़कसाबान होते हुआ मो. मदीना शाह पहुंचा। यहां मोहम्मद हसीन एवं मोहम्मद अजीम आतिशबाज ने हसन मियां क़दीरी का स्वागत किया गया।

इसके बाद जुलूस मस्जिद मनिहारान, मस्जिद ताजुल औलिया होते हुए खानखाहे उस्मानिया कदीरिया पर पहुंचा। यहां हसन मियां कदीरी और उनके भाई सूफी इरफान मियां ने तकरीर की।

इस दौरान देश एवं शहर की तरक्की और शांति के लिए दुआ की गई। दोपहर करीब 1.40 आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा होने के बाद विशाल लंगर का आयोजन हुआ। जुलूस में युसूफ मालिक, नासिर मालिक, रिजवान मालिक, मो. कैफ रजा, नदीम खां, आसपा के जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम, बब्बू, एड. इशत्याक, नईम, बाबर बेग, ताहिर सिद्दीक़ी, दानिश हसन, मौलाना जाकिर नूर तहसीनी, अजीम, नदीम, अनीस, काशिफ जाफरी, मुख्तार अहमद, शाहिद, रईस मियां, तहसीन, असलम, अय्यूब क़दीरी, कासिम, तारिक़, मौलाना रिफाक़त, नवाब, इमरान, रेहान, फईम, नईम समेत बडी तादाद में जायरीनों ने शिरकत की।


उर्स के दौरान तकरीर करते हसन मियां कदीरी। ● अमृत विचार


भीमसेन मंदिर में सफाई करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने भीमसेन मंदिर में लगाई झाड़ू

**अमरियाः** गांधी जयंती पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भीमसेन मंदिर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह प्रधान परविंदर सिंह, केवल सिंह, राजकुमार राठौर ,हाफिज मोहम्मद, प्रकाश गुप्ता ,नरेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मझोला में निकाली जागरुकता रैली, कपड़े के थैले बांटे



**मझोला :** एसके पब्लिक स्कूल में प्रबंधक जगजीत सिंह, शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी ने दोनों महापुरुषों का नमन करने के बाद स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौरान स्वच्छता का महत्व बताया गया। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह भी रैली में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने बच्चों एवं नगरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### बीसलपुर में मनाई गांधी व शास्त्री जी की जयंती



**बीसलपुर :** क्षेत्र में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। तहसील में एसडीएम नागेंद्र पांडे ने ध्वजारोहण किया। ग्राम खाडेपुर में विधायक विवेक वर्मा, ब्लाक प्रमुख अशोक शर्मा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, अधिशासी अधिकारी शमशेर सिंह ने दोनों महापुरुषों का नमन किया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने झाड़ू लगाकर सफाई भी की। सरस्तवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल, प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा अन्य स्कूलों में प्रधानाचार्य तृप्तिपाडे, प्रधानाचार्या अर्चना तिवारी, विनोद राय एडवोकेट, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, सफी कॉलेज में प्रबंधक अनीस अहमद खा उर्फ फूलबाबू , प्राचार्य सुशील कुमार, प्रबंधक चंदपाल मौर्य, प्रधानाचार्य शन्नो मौर्य, प्रधानाचार्य मिश्रीलाल, प्रधानाचार्य प्रवीण सक्सेना, मीना कुमारी, रामप्रताप गंगवार, डॉ .योगेश कुमार ने ध्वजारोहण किया।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
RMC BAREILLY Excellence towards profession
STAFF REQUIRED
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com with good knowledge of MS Excel & Tally, Exp. 1 Year
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DML,T Exp. 3 Years
Lab Technician
Qualification:- BMLT /DMLT
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Hindi & English) (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# बापू व शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता, बिलसंडा

- कार्यक्रम के बाद लिलहर स्थित नीलकंठ मंदिर परिसर में की सफाई

**अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन डीके गुप्ता ने बापू एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विधायक विवेक वर्मा ने समाजसेवी विक्रम नरेश जायसवाल, मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार के साथ मिलकर क्षेत्र के बमरोली, करेली में कार्यक्रम के बाद लिलहर स्थित नीलकंठ मंदिर परिसर में सफाई की।

उत्तर-प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, अंकित जायसवाल,जाहिद शाहिद हुसैन वाहिदी आदि ने भी जयंती मनाई।

नेशनल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक एम.रेहान, धर्मेंद्र रश्मि इंटर कालेज में डीके कुशवाहा, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में अधिवक्ता विमल जायसवाल, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र राय, प्रबंधक प्रिया जायसवाल, गौरव शुक्ला, असीम जौहरी, प्रबंधक डा. सीताराम राठौर, प्रबंधक रमेश कुशवाहा आदि ने सपा कार्यालय पर डा. अवधेश शर्मा, वीरेंद्र यादव, डा.सुभाष जायसवाल, राजेश पंजा, साधन सहकारी समिति पर सभापति सती शंकर मिश्रा, राकेशप्रताप सिंह ने महापुरुषों को नमन किया।


बिलसंडा में सफाईकर्मियों को सम्मानित करते चेयरमैन डीके गुप्ता।

### गोमती उद्गम स्थल में चला सफाई अभियान

**पीलीभीतः** गांधी जयंती के अवसर पर जिले भर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्कूल-कॉलेज के बच्चों ने साफ सफाई की। इसी के तहत गोमती उद्गम स्थल पर जिला गंगा समिति के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विधायक बाबूराम पासवान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, गोमती ट्रस्ट के सदस्यों एवं स्कूली बच्चों ने परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक ने लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। कहा कि हर किसी को अपने आसपास सफाई रखना चाहिए। देर शाम को उदगम स्थल पर 501 दीपक प्रज्जवलित किए गए। यहां निर्भय सिंह, योगेश्वर सिंह,मिलाप सिंह, विचित्र सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

Amo
AMO Electric Bikes!
Unstoppable Energy
FESTIVE DISCOUNT OFFER
6 सालों से SMART लोगों की SMART चॉइस AMO Electric Bikes !
Jaunty
JAUNTY-S अब Rs. 51,500/- Rs. 48,990/-
■ Range up to 70 Km
■ Chasis- 3 year warranty
■ Motor -2 year warranty
JAUNTY-L अब Rs. 55,500/- Rs. 52,990/-
कम से कम डाउन पेमेंट
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
Ram Krishna Enterprises
Auth. Dealer : AMO ELECTRIC BIKES
सब डीलरशिप हेतु सम्पर्क करें।
Dohra Road, Near Mayfair Lawn, Bareilly- 243006 | Mob.: 7838055504, 9891104528

सही परामर्श सही इलाज

डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।
डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) बाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# शारदीय नवरात्र आज, घरों में होगी घट स्थापना

## खरीददारी को निकले लोग तो लगा जाम, दिन भर देवी मंदिरों को सजाने की चलीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मां दुर्गा की उपासना का पर्व यानि नवरात्र बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे हैं। इन नौ दिन मां जगतजननी के नौ विभिन्न स्वरूपों का पूजन होगा। घरों में महिलाएं और पुरुष मां का पूजन करने के लिए कलश स्थापना करेंगे। इसके लिए बुधवार को बाजार में काफी भीड़ भाड़ रही। शाम को जाम लग गया। वहीं नौ दिन तक देवी मंदिरों में भी धूम रहेगी। इसके लिए बुधवार को शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर में पूरे दिन तैयारियां का दौर चलता रहा।

शहर में प्राचीन संकटा देवी, बंकटा देवी, शीतला माता एवं भुइयां माता मंदिर हैं। इनमें हर मंदिर का अपना अलग महत्व है। मगर, मां संकटा देवी मंदिर में रोजाना काफी संख्या में भक्त मां का आशीर्वाद पाने के लिए पहुंचते हैं। मगर, नवरात्र में इनकी संख्या काफी बढ़ जाती है। संकटा देवी के अंकुर शुक्ला ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भक्तों के लिए सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलेंगे। रोजाना भागवत कथा होगी और नवरात्र समापन पर देवी जागरण होगा।


शहर में मां संकटा देवी मंदिर के पास सजी पूजा सामग्री की दुकान। ● अमृत विचार


खरीदारी करने निकले लोग तो संकटा देवी मंदिर पर लगा जाम।

### स्थापना का मुहूर्त

पंचाग अनुसार प्रतिपदा तिथि दो अक्तूबर की रात 12:18 से चार अक्तूबर की अलसुबह 02:58 मिनट तक है। उदयातिथि के मुताबिक नवरात्रि का पहला दिन गुरुवार है और इस दिन ही घट स्थापना होगी।

### इस समय करें कलश स्थापित

सुबह- 06:15 से 07:22 तक
दोपहर- 11:46 से 12:33 तक

### यह बन रहे शुभ योग

पहले दिन दिन इन्द्र योग बन रहा है। यह तीन अक्तूबर की अल सुबह 03:23 चार अक्तूबर की अल सुबह 04:24 तक रहेगा। इसके बाद वैधृति योग बनेगा। वहीं पहले दिन हस्त नक्षत्र प्रात:काल से लेकर दोपहर 03:32 तक रहेगा, जिसका बाद चित्रा नक्षत्र लगेगा।

### नवरात्र को लेकर सज गईं दुकानें

नवरात्र पर्व को लेकर संकटा देवी मंदिर के आस पास खपरैला बाजार में धार्मिक सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बुधवार को लोगों ने बाजार जाकर जमकर खरीदारी की। भक्तों ने पूजन के लिए दुर्गा माता की विभिन्न प्रकार की तस्वीर, प्रतिमाएं और नारियल, चुनरी, आसन, पूजा की थाली, घंटी, धूप, अगरबत्ती, देशी घी की खरीददारी की। उधर, नवरात्र व्रत को लेकर घरों में भी कलश स्थापना को लेकर तैयारियां होती रहीं।

### पहले दिन का शुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त:** 04:38 से 05:27 तक
**अमृत काल:** 08:45 से 10:33 तक
**अभिजीत मुहूर्त:** 11:46 से दोपहर 12:33 तक
**विजय मुहूर्त:** 02:08 से 02:55 तक
**निशिता मुहूर्त:** रात 11:46 से 12:34 तक

### गर्भवती महिलाएं खान पान का रखें ध्यान



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** नवरात्र में अधिकतर महिलाएं व्रत रहती है। इनमें कुछ पहला और आखिरी तो अधिकांश पूरे नौ दिन उपवास रखकर मां की उपासना करती हैं। ऐसे में गर्भवतियों का नौ दिन तक व्रत रखना खतरे से कम नहीं। किलकारी हॉस्पिटल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया मिश्रा का कहना है कि तीन माह से अधिक दिन की गर्भवतियां व्रत न रहें, तो ज्यादा अच्छा है, क्योंकि नौ दिन का उपवास मुसीबत बन सकता है, क्योंकि दूसरी व तीसरी तिमाही में गर्भवतियों को अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है। इसलिए दूध, पनीर, छाछ, लस्सी व दही का सेवन करें। इससे जच्चा बच्चा को पर्याप्त पोषण मिलेगा। वहीं हर दो से तीन घंटे पर पानी, फलों का जूस एवं प्रोटीन व फैटी एसिड के लिए सूखे मेवे, मखाना और फाइबर के लिए शकरकंद, आलू, साबुदाना, कद्दू आदि का सेवन करें। व्रत में चक्कर आना, गहरे रंग का पेशाब होने पर डॉक्टर से मिले। शरीर को पर्याप्त आराम दें।

### शारदीय नवरात्र आज से, तीर्थ परिसर में सजी दुकानें

**गोला गोकर्णनाथ:** नवरात्र पर नगर के तीर्थ परिसर पर लगी दुकानों पर नारियल, चुनरी सहित विभिन्न पूजन सामग्री सज गई है। पूजन सामग्री और व्रत के लिए जरूरी सामानों की खरीदारी के चलते बाजार में काफी भीड़ दिख रही है। नवरात्र को लेकर नगर में जहां देवी मंदिरों की साफ सफाई, साज सज्जा चल रही है वहीं पूजन सामग्री की दुकानों से जमकर खरीदारी शुरू हो गई है। कलश स्थापना कर नौ दिन तक विशेष पूजा, अनुष्ठान करने वालों के लिए पूजा, व्रत की सामग्री भी दुकानदारों ने सजा दी है। वहीं व्रत के दौरान खाने पीने की सामग्री कुट्टू और सिंघाड़ा के आटे, मखाने, मूगफली के दानों, फलों आदि की बिक्री भी बाजार में शुरू हो गई है।

### वैष्णो दरबार में पूजन आज

**गोला गोकर्णनाथ।** मिल की पुरानी कालोनी में बनाये गए मां वैष्णो दरबार में तीन अक्टूबर को कलश, मूर्ति स्थापना, हिमाचल प्रदेश से मां ज्वाला देवी की ज्योति स्थापित कर दर्शन पूजन शुरू होगा। 10 दिवसीय मां वैष्णो दरबार में चार अक्टूबर को पूजन, हवन, प्रसाद वितरण, पांच को स्कूली बच्चों द्वारा पदयात्रा सुबह 8.30 बजे, और शाम 5.30 बजे सुंदरकांड पाठ, छह को स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6.30 बजे, सात को नगर के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6.30 बजे, आठ को गायत्री परिवार द्वारा दीप यज्ञ शाम 6.30 बजे, नौ को सरगम म्यूजिकल ग्रुप शाहजहांपुर द्वारा रात्रि जागरण, 10 को स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6.30 बजे, 11 को हवन, पूजन, कन्या भोज, भंडारा होगा।

# मुश्किल में जीना सिखाती है पार्वती राय के जीवन की कहानी

**शक्ति स्वरूपा**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- परिस्थियों से संघर्ष कर बेटे को बनाया डॉक्टर
- पति के पैरालायसिस अटैक के बाद किया संघर्ष

**अमृत विचारः** संघर्ष और जीवन एक दूसरे के पर्याय हैं। संघर्ष इस खूबसूरत जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम लोगों की सत्ता को तो देखते हैं, मगर उस सफलता को प्राप्त करने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया है, उसे जाने-अनजाने अनदेखा कर देते हैं। व्यक्ति जितना बड़ा बनता है, उसका संघर्ष भी उसके जीवन में उतना ही ज्यादा होता है। पार्वती राय भी एक ऐसी शक्ति स्वरूपा हैं जिन्होंने संघर्ष करके अपने बेटे को पड़ा कर डॉक्टर बनाया है।

नगर की गुप्ता कॉलोनी निवासी पार्वती राय पत्नी अतीन्द्र कुमार राय ने जीवन में कठिन संघर्ष किया। कई साल पहले पति अतीन्द्र को पैरालिसिस का अटैक पड़ा, तबसे वह बिस्तर पर हैं। पति के इलाज के साथ ही उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपने बेटे अभिषेक राय को एमबीबीएस डॉक्टर बनाया। पार्वती एक निजी विद्यालय में अध्यापन कर रही हैं। वह अपने दोनों बेटों की परवरिश के साथ पूरे परिवार की


पार्वती राय

जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उन्होंने अपने बड़े बेटे अभिषेक को नर्सरी से इंटर तक की पढ़ाई सेंट जोन्स स्कूल में पूरी कराई। उसने कड़ी मेहनत कर नीट परीक्षा क्वालीफाई कर लखनऊ के मेडिकल कालेज से डॉक्टर की पढ़ाई पूरी की। मां के संघर्ष के बूते आज वह डाक्टर बनकर कानपुर के अस्पताल में कार्यरत है। पार्वती राय का कहना है कि संघर्ष से घबराना नहीं चाहिए। यह वह गहना है जो व्यक्ति को आंतरिक रूप से सुंदर और बलिष्ठ बनाता है। यह हममें त्याग और दूसरों के प्रति समर्पण की भावना पैदा करता है। यह वह शक्ति है जो आजीवन हमारी चेतना को जागृत करने का काम करती है। जीवन के मूल्यों से अवगत कराता है। जीवन में हर पल संघर्ष है। फर्क इतना है कि जो लोग मानसिक प्रबलता और दृढ़ता के साथ इसका सामना करते हैं, वे जन संघर्ष पर विजय प्राप्त कर लेते हैं।

# पालिकाध्यक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने पर अडिग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बोलीं- नगर पालिका की ओर से जारी रसीद ही होगी मान्य

**अमृत विचारः** नगर पालिकाध्यक्ष ने रामलीला के बाद होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कराने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा तहसील प्रशासन से एनओसी मिलने के बाद किया है।

पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बुधवार शाम आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि मेला कराने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ पालिका प्रशासन की है। मेला मैदान खाली कराने के लिए पालिका कर्मी नोटिस देने गए थे, लेकिन दुकानदारों ने लेने से मना कर दिया। शुक्रवार से फिर नोटिस जारी होगी। रामलीला महोत्सव, कमेटी कराएगी और दुकानें लगवाने से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हर साल की तरह इस बार भी नगर पालिका, प्रशासन के सहयोग से कराएगी। दुकानदार किसी भ्रम में न रहें,


सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने की जानकारी देतीं पालिकाध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव।

नगर पालिका से जारी की गई रशीद ही मान्य होगी। इस दौरान घोषित मेला अध्यक्ष एवं सभासद अनिल राज, कुमुदेश शंकर शुक्ला, राशिद पठान, आदि मौजूद रहे।

> जिस जगह पर मेला लगता है वह जमीन न तो प्रशासन की है और न ही नगर पालिका की। वह भूमि सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट की है। भूमि संबंधी कागज आदि सब ट्रस्ट के नाम हैं। प्रशासन ट्रस्ट के अधिकारों का हनन कर जबरदस्ती पर आमादा है। इसमें प्रशासन और पालिका की सांठगांठ है। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए ट्रस्ट प्रशासन एवं नगर पालिका के खिलाफ कोर्ट की शरण लेगा।
>
> **-विपलु सेठ,** सर्रवराकार, सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट

## किन्नर के साथ लूट करने वाला गिरफ्तार

**बरेलीः** थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने किन्नर से मारपीट कर हथियार के जोर पर स्कूटी और रुपये लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई स्कूटी भी बरामद हो गई है।

किन्नर शिवानी ने बिथरी थाने में दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रविवार रात उसके साथ हाईवे पर दो नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर उससे स्कूटी और 1200 रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने भिंडौलिया पेट्रोल पंप के पास से परातासपुर निवासी बदमाश प्रमोद यादव को गिरफ्तार कर लिया।

### सुआगाड़ा में बुखार से एक और महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी:** ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात के मोहल्ला सुआगाड़ा में बुधवार को बुखार से ग्रसित एक महिला की मौत हो गई। मोहल्ला निवासी निवासी 60 वर्षीय गोमती पत्नी शत्रोहन सिंह को करीब 20 दिन पहले बुखार आया था। इस पर घरवालों ने लखीमपुर के कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर बेहतर इलाज के लिए लखनऊ लेकर गए। पुत्र राजकुमार ने बताया कि लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां पर दो दिन में दो लाख रुपये ले लिए। पैसा न होने पर मां को वहां से ले जाकर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। करीब 10 दिन तक इलाज होने के बाद बुधवार को उनकी मौत हो गई। राजकुमार ने बताया कि जांच कराने पर डॉक्टरों ने मां को डेंगू होना बताया था। बतादें कि इससे पहले भी एक बुखार पीड़ित महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सुआगाड़ा गांव में टीम भेजकर बुखार पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाओं का वितरण कराया जाएगा।

# अमावस्या पर गोकर्णतीर्थ में स्नान कर किया दान


पौराणिक शिव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


तर्पण कर दान पुण्य करते श्रद्धाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पितरों के देवलोक में विदा होने पर अंतिम दिन रही भीड़

**अमृत विचारः** पितृ पक्ष की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने नगर के गोकर्ण तीर्थ में स्नान कर पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण कर घाट पर बैठे पंडों से कथा सुनकर दान पुण्य किया। पौराणिक शिव मंदिर में जाकर पूजन अर्चन किया।

पितरों का तर्पण और श्राद्ध कर उनको विदा करने के लिए सर्वपितृ कार्य अमावस्या पर नगर के गोकर्ण तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने तीर्थ में तर्पण के बाद दान पुण्य कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। घाट पर बैठे पंडितों ने पितरों का विधि विधान से तर्पण कराया। श्राद्ध पक्ष के समापन पर नगर के तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने पंडितों की ओर से बताए गए विधान के अनुसार तर्पण किया। पं कृपालीनाथ शुक्ल ने बताया कि पितृपक्ष की अमावस्या के दिन पितरों के देवलोक के लिए विदा होने के लिए अंतिम दिन होता है। यदि पितृ पक्ष के दौरान कोई पितरों को याद न कर पाया हो तो अमावस्या के लिए श्रद्धा और भक्तिभाव से तर्पण करने से विषेश फल प्राप्त होता है और दान पुण्य करने से जीवन की बाधाएं, संकट दूर होते हैं।


गोकर्ण तीर्थ घाट पर बैठे पंडित। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बिहार के किसानों ने सराहा नवीन तकनीकी ज्ञान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गन्ना शोध परिषद में मंगलवार को बिहार के 40 किसानों के द्वितीय दल के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। विभिन्न विषयों पर 25 वैज्ञानिकों ने व्याख्यान देकर जानकारी प्रदान की। किसानों को प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रयोगशाला एवं शोध प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। जहां वैज्ञानिकों द्वारा संबंधित विषयों पर लाइव डेमों के माध्यम से किसानों को व्यापक तरीके बताए गए, प्रशिक्षण पश्चात कृषकों की परीक्षा ली गई, जिसमें कृषक जगन्नाथ साह को प्रथम, अमरनाथ प्रजापति को द्वितीय एवं अनिल गढ़वाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के पश्चात अपने अनुभवों को भी साझा किया। जिसमें हरिनगर चीनी मिल के ध्रुव साह ने कहा कि गन्ना बुवाई से लेकर गन्ना कटाई तक की सभी नवीनतम विधियां वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गयी, जिसे हम खुद अपनाएंगे एवं अन्य किसानों को भी बताएंगे।

## नेपाल की ओर से आ रहीं नदियां बन रहीं लखीमपुर जिले में बाढ़ से बर्बादी का कारण

# पलिया क्षेत्र में तबाही ला रहीं नेपाली नदियां, नहीं मिला समाधान

रामचंद्र शुक्ल, पलिया कलां

- बाढ़ नियंत्रण बोर्ड सर्वे कराकर राहत दिलाने में हो सकता है मददगार
- विधायक रोमी साहनी ने कई बार उठाई समस्या, नहीं हुआ स्थायी निदान

**अमृत विचार :** पड़ोसी देश नेपाल की सीमा लखीमपुर खीरी जिले से जुड़ी हुई है। नेपाल के जनपद कंचनपुर से बहकर आईं करीब पौन दर्जन नदियों का पानी जिले में घुसकर हर साल बाढ़ की तबाही लाता है, लेकिन आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। हालांकि क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने इस मुद्दे को सदन से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार उठाया है। नदियों की डिसिल्टिंग आदि के लिए धन का आवंटन भी हुआ, लेकिन यहां की जनता को बाढ़ से छुटकारा नहीं मिल सका।

नेपाली नदियां पलिया के अलावा निघासन ,धौरहरा और पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र सहित जिला सीतापुर आदि जनपदों की तहसीलों में तबाही मचाने की मुख्य भूमिका निभाती हैं। इससे हर वर्ष जहां लाखों किसानों की मेहनत से तैयार की गईं विभिन्न फसलें बर्बाद होती हैं, वहीं अन्य नागरिकों को भी भारी नुकसान पहुंचता है। शासन -प्रशासन के अनेक अधिकारी व पुलिस भी पूरी बरसात भर इसी की व्यवस्था में लगे रहने के कारण सरकारी कामकाज प्रभावित होते हैं। उधर, सरकार को भी अपना करोड़ों रुपया बाढ़ पीड़ितों को क्षतिपूर्ति के रूप में देना पड़ता है। किंतु इन सब की मुख्य वजह तलाशने व उस पर कार्य करने की ओर किसी का भी ध्यान नहीं है।

### 2010 में सर्वे भी किया जा चुका

पूरनपुर-पीलीभीत बाढ़ खंड के सहायक अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुए बीआर कुशवाहा कहते हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल वर्ष 2010 में इस पर सर्वे किया था, तब महाकाली के अतिरिक्त सात नेपाली नदियों का पानी आकर शारदा में मिलता था, किंतु उस रिपोर्ट को शासन तक न पहुंचाकर कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा हर वर्ष बाढ़ का और भयंकर रूप होता जा रहा है।

### क्षेत्र में बाढ़ आने के मुद्दे पर क्या कहते हैं जानकार

पीलीभीत-खीरी- सीतापुर पर्यावरण, बाढ़, कटान सुरक्षा फाउंडेशन के सचिव राजेश भारतीय बताते हैं कि पीलीभीत, पूरनपुर के बाढ़ खंड अधिकारियों को इस संदर्भ में कंचनपुर, नेपाल के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सर्वे कर शासन को रिपोर्ट भेजनी चाहिए, तभी इस समस्या का हल निकल सकता है। इसके अतिरिक्त शारदा की मुख्य धारा के मध्य जो सिल्ट जमा है, उसकी सफाई करा दो धाराओं में बंटी शारदा को एक करना चाहिए।

### जल्द होगा स्थायी समाधान



भाजपा विधायक रोमी साहनी ने कहा है कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ की समस्या का मुद्दा सदन में उठाया था। कमिश्नर ने भी स्थायी समाधान के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कार्ययोजना बनाने को कहा है। शासन और प्रशासन का प्रयास है कि आगामी वर्ष में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान हो जाए।

### नेपाल की ये नदियां लाती हैं बाढ़

नेपाल की महाकाली नदी, जहां उत्तराखंड के चंपावत जिले के बनवसा बैराज पर आकर शारदा नदी को रौद्र रूप प्रदान करती है, वहीं नेपाली जनपद कंचनपुर के विभिन्न स्थानों से बहकर आने वाली चौधर, भुजेला, सुनबरा, पथरिया, राधा, श्याली, बंद एवं बनरा आदि नदियों व कई नालों का पानी भी बनबसा से लेकर पलिया के मध्य शारदा में गिरकर इसके प्रवाह को बढ़ा देता है। संबंधित विभाग के अधिकारी बनबसा बैराज से रिलीज किए जाने वाले पानी से तो लोगों को सतर्क करते रहते हैं, किंतु बीच के इन नदी-नालों के पानी की मात्रा का कोई अनुमान ही नहीं रहता है। अत: इन सब का सर्वे किया जाना भी आवश्यक है।

### कपिल बने मंडल अध्यक्ष के प्रतिनिधि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा ओमवीर सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कैंप कार्यालय चंदोखा में युवा मंडल अध्यक्ष अवधेश पाठक की उपस्थिति में बरेली मंडल व शाहजहांपुर की युवा मोर्चा टीम का विस्तार किया गया। जिसमें कपिल सिंह को मंडल अध्यक्ष का प्रतिनिधि, संजय सिंह (सोनू) को मंडल उपाध्यक्ष, बागेश सक्सेना को मंडल सचिव, करन शर्मा को मंडल सचिव, आलोक मिश्रा को तहसील सचिव व रघुराम सिंह चौहान को तहसील संरक्षक पद पर नियुक्ति किया गया। राघवेंद्र सिंह ने सभी को नियुक्ति पत्र दिया। बधाई देते हुए कहा हमें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि सभी लोग भारतीय किसान यूनियन (भानु) को मजबूती देने का कार्य करेंगे।

# बाघ ने संपूर्णानगर रेंज में ग्रामीण पर किया हमला, गंभीर

## महेशपुर रेंज में हैदराबाद थाना क्षेत्र के नासियाघाट में एक ग्रामीण को मारने के बाद दूसरे दिन भी बाघ ने कर दिया हमला

संवाददाता, महंगापुर/पलिया कलां

- सीएचसी पलिया में प्राथमिक उपचार के बाद घायल जिला अस्पताल रेफर
- पीलीभीत जिले का रहने वाला है खेतों की मेड़ पर घास काटने वाला किसान

**अमृत विचार:** संपूर्णानगर रेंज के एक गांव में घास काट रहे युवक पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग कर लोगों को सतर्क कर रही है।

संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र व खीरी सीमा से लगे ग्राम नहरोसा, पीलीभीत निवासी 45 वर्षीय इसरार शाह गांव के ही किसान कासिम अली के गन्ने के खेत में घास काटने गया था। तभी गन्ने में मौजूद बाघ ने पीछे से हमला कर दिया। शोर सुनकर दौड़े अन्य किसानों ने हो हल्ला किया, जिससे बाघ ने उसे छोड़ दिया। सूचना पर क्षेत्रीय वन कर्मी मौके पर पहुंचे। उधर, घायल मजदूर इसरार को ग्रामीणों की मदद से पलिया सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए इमरजेंसी उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया इस घटना के बाद जब अनेक ग्रामीण बाघ का पीछा करते हुए गन्ने के खेत में पहुंचे तो वहां पास के एक गन्ने के खेत में गाय का अधखाया शव भी पाया गया। जिसे देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए।



कुकरा बांकेगंज मार्ग पर रात में चलहकदमी करता बाघ। ● अमृत विचार



बाघ के हमले के बाद वन कर्मियों के साथ मौके पर जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

"नहरोसा के युवक पर हमले की सूचना पर मौका मुआयना किया है, जिसमें बाघ के पग चिन्ह पाए गए हैं। इसके लिए हमारी टीम पेट्रोलिंग कर ग्रामीणों को सतर्क कर रही है। **-अनिल कुमार,** वन क्षेत्राधिकारी- संपूर्णानगर।

### कुकरा बांकेगंज मार्ग पर फिर दिखा बाघ, दहशत

कुकरा, अमृत विचार : कुकरा बांकेगंज मार्ग पर एक बार फिर बाघ दिखने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। वनकर्मियों को सूचना देने के बाद भी किसी के न पहुंचने से ग्रामीण भयभीत हैं। मंगलवार की रात 8 .10 बजे बांकेगंज निवासी करन सिंह अपने मित्र के साथ कार से कुकरा रोड से निकल रहे थे तभी लोहिया पुल से झाड़ियों के पास खड़ा बाघ कार की रोशनी पड़ते ही पुल पर चलने लगा। कार भी धीरे धीरे पीछे चलती रही। करन सिंह ने तुरंत कार की स्पीड कम की और जैसे ही गाड़ी की रोशनी पड़ी, बाघ आगे की ओर चल पड़ा। उन्होंने बताया कि वह कार में थे, लेकिन अगर कोई बाइक पर होता, तो हादसा हो सकता था। इससे पहले 26 अगस्त को इसी इलाके में बाघ लोहिया पुल से थोड़ी दूर पर दिखाई दिया था और रास्ते को पार कर मैलानी वन रेंज में प्रवेश कर गया था। इसके बाद 29 सितंबर को यह बाघ मैलानी वन रेंज से निकलकर गोला वन रेंज के जंगलों में गया। लोगों का कहना है कि इलाके में एक से अधिक बाघ हैं और कई बार बाघिन को शावकों के साथ भी देखा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाघ कभी छुट्टा पशुओं पर हमला करता है तो कभी पालतू पशुओं को शिकार बनाता है। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। तीन अगस्त को बलारपुर गांव में बाघ ने 12 वर्षीय बालिका जानकी देवी को अपना निवाला बना लिया था। जिसके बाद से बाघ लगातार आसपास दिखाई दे रहा है। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया था, लेकिन बाघ उस पिंजरे में घुसा तक नहीं।

"बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यह बाघ जंगल से निकलकर कभी मैलानी वन रेंज में जाता है तो कभी गोला वन रेंज में प्रवेश करता है। इस मार्ग पर बाघ का खतरा बरकरार है, इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विभागीय स्टाफ को मौके पर भेजा जा रहा है, ताकि हालात पर काबू पाया जा सके। **-संजीव तिवारी,** वन क्षेत्राधिकारी गोला।

## सार-संक्षेप

### नेपाल सीमा पर चादरों का गट्ठर बरामद, एक गिरफ्तार



**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** इंडो नेपाल बार्डर पर तलाशी के दौरान बाइक पर लदा कपड़ों से भरा गट्ठर बरामद हुआ। मंगलवार को गोविन्द नगर चौराहे से आगे नेपाल सीमा पर स्थित स्तम्भ संख्या 210 के पास पुलिस द्वारा ली जा रही तलाशी के दौरान एक व्यक्ति की बाइक रोकने का जब प्रयास किया गया, तो वह मय सामान बाइक छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया। सामान की तलाशी के दौरान गट्ठर में 39 चादर, एक बाइक लावारिस में बरामद हुई। जांच में यह माल अफरीद खान निवासी कमलापुरी, थाना संपूर्णानगर का निकला बताया गया। इसे बेचने के लिए वह नेपाल ले जा रहा था। चालान कर माल सीमा शुल्क कार्यालय पलिया को सुपुर्द किया गया। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने यह जानकारी दी।

### वन्य प्राणी सप्ताह के तहत निकाली रैली




**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणी सप्ताह के तहत नगर के स्कूलों के विद्यार्थियों व वन कर्मियों के जनचेतना रैली निकाली, जिसे डीटीआर के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जन जागरूकता रैली दुधवा मुख्यालय से निकलकर रेलवे स्टेशन रोड, बाईपास रोड, सिनेमा चौराहा, पुलिस चौकी चौराहा होते हुए रामलीला गेट व पुराने बस अड्डे से पुन: दुधवा मुख्यालय पर पहुंची। रैली में प्रभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विश्व प्रकृति निधि भारत के सदस्य, नेचर गाइड और विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल रहे। पश्चात जागरूकता गोष्ठी को दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी के अलावा वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, क्षेत्रीय वन अधिकारी उत्तर सोनारीपुर नीरज जोशी, सठियाना रेंजर सुरेंद्र कुमार, रेंजर राजपाल सिंह, अयूब अहमद, रितेश पटेल आदि ने संबोधित किया।

### शिवम बने सपा छात्र सभा अध्यक्ष

**पलिया कलां, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शिवम रस्तोगी और पलिया ब्लाक के सपा अध्यक्ष बने जितेंद्र केवट का स्थानीय सपा कार्यालय पर विभिन्न पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका पलिया के पूर्व अध्यक्ष महमूद हुसैन खां, संजीव मुन्ना, अताउर्रहमान अंसारी, फुरकान अंसारी, जफर अहमद आदि मौजूद रहे।

### नमन और गुनगुन ने जीती पांच और तीन किमी दौड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुरुष ओपन वर्ग की पांच किलोमीटर और महिला ओपन वर्ग तीन किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष ओपन वर्ग में नमन दीक्षित ने प्रथम, शोएब ने द्वितीय, अरविंद ने तृतीय स्थान हासिल किया। आयुष, हिमांशु और कान्हा का सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी तरह महिला ओपन वर्ग में गुनगुन मौर्य ने प्रथम, सिमरन यादव ने द्वितीय, दुर्गा ने तृतीय स्थान पाया। निहारिका, रोशनी व गीत ने सांत्वना पुरस्कार मिला। इससे पहले जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने आरपी सक्सेना समेत सभी कोच के साथ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतियोगिता में मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह, सुरजीत कुमार आदि का योगदान रहा।

# एसडीएम ने मैगलगंज मंडी समिति का किया निरीक्षण



मैगलगंज मंडी में क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते एसडीएम विनीत उपाध्याय। ● अमृत विचार

संवाददाता, चपरतला

**अमृत विचार:** मैगलगंज मंडी समिति में धान खरीद के क्रय केंद्रों का मितौली एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाएं परखी, लेकिन पहले दिन मंडी में धान की आवक नहीं मिली।

मंगलवार से सभी धान के संचालित क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू कर दी गई है। मैगलगंज मंडी समिति में मंगलवार को किसी भी केंद्र पर किसान धान बिक्री करने नहीं पहुंचे। क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। पहले ही दिन मंडी समिति में निरीक्षण करने पहुंचे मितौली एसडीएम विनीत उपाध्याय को सभी केंद्र सूने मिले। उन्होंने क्रय केंद्रों पर की गई व्यवस्थाएं देखी। सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिए और कांटे चेक किए। उन्होंने कहा कि किसानों का धान प्राथमिकता से तौला जाए। किसानों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# जिला अस्पताल में बुजुर्गों के लिए उपचार की हर सहूलियत



बुजुर्ग दिवस पर बोलते जिरियाट्रिक फिजिशियन। ● अमृत विचार



जागरूकता गोष्ठी में मौजूद जिला अस्पताल स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल सभागार में जागरूकता गोष्ठी हुई। इस दौरान सीएमएस ने कहा कि बुजुर्ग समाज की रीढ़ हैं।

इसलिए उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। शासन से इनके लिए कई स्वास्थ्य योजनायें चलाई जा रही है। इसके तहत जिला अस्पताल में बुजुर्गों के लिए जिरियाट्रिक ओपीडी होती है। इनके लिए पर्चा काउंटर तक अलग है। हर माह वृद्धा आश्रम में शिविर लगाकर बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। वहीं जिला अस्पताल में आंख, नाक, कान गला, दांत एवं मानसिक चिकित्सक व फिजियोथिरेपी ओपीडी की सुविधा है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एसके मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों की अनदेखी से वृद्धाश्रम की आवश्यकता पड़ने लगी है। जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा नही है। बुजुर्गों के अनुभवों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर बाजपेयी, सर्जन डॉ. सतीश वर्मा, आर्थोसर्जन डॉ. एके द्विवेदी, एनसीडी एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. राकेश गुप्ता फिजीशियन डॉ. शिशिर पांडेय, मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला, सर्जन. डॉ रविन्द्र कुमार, मेट्रेन रजनी मसीह, हेल्प डेस्क के पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन विजय वर्मा व देव नंदन श्रीवास्तव ने किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

**अभियान** | बाघ पकड़ने के लिए दोनों हथिनियों का 13वां ऑपरेशन शुरू

# आठ बाघ व तीन तेंदुए पकड़वा चुकी सुलोचना-डायना की जोड़ी

सुनील श्रीवास्तव, बिझौली (खीरी)

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क की मादा हाथी सुलोचना और डायना की जोड़ी एक बार फिर बाघ पकड़ने के अभियान में लगी है। खेतों में यह जोड़ी सर्च करती है तो दृश्य देखने वाला होता है। महावत महताब ने बताया कि डायना और सुलोचना ने आठ बाघ और तीन तेंदुए को पकड़ने के ऑपरेशन को अंजाम तक पहुंचाया हैं। उसका यह 13वां ऑपरेशन है।

लगभग 40 दिन से जंगल की खाक छान रहे वन अफसरों और विशेषज्ञों की टीम को बाघ कई बार दिखाई दिया और चकमा देकर निकल जा रहा है। उसके बाद दुधवा नेशनल पार्क से सुलोचना और डायना नाम की दो हथिनी महेशपुर रेंज के मूड़ा गांव में बुलाया गया है। उनकी मदद से भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अधिकारियों, विशेषज्ञ, चिकित्सकों के साथ वन विभाग की टीम को भी मैदान में उतार दिया है। टीम की सबसे मजबूत कड़ी के रूप में जाने जाने वाली दो हथिनियों की जोड़ी है। टीम को भरोसा है कि उनकी मदद से वह बाघ तक अवश्य पहुंच जाएंगे। हथिनी की टीम की जोड़ी को लोग 37 वर्षीय सुलोचना और 36 वर्षीय डायना के रूप में जानते हैं। दोनों में डायना थोड़े गुस्सैल स्वभाव की है और सुलोचना शांत स्वभाव की है। बाघ को पकड़ने में कमिंग करते वक्त दोनों त्रिकोणीय शेप में आगे की ओर बढ़ती हैं और एक दूसरे की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखती हैं। दुधवा नेशनल पार्क से आई हथिनियों के महावत महताब खान व अयूब ने बताया कि बाघ की कमिंग करते वक्त टीम के लिए सबसे उपयुक्त हाथी पर सवार होकर रहना होता है। महावत के अनुसार बाघ कभी हाथी पर अकेला हमला नहीं करता है। हाथी पर हमला करने के लिए हमेशा रणनीति के तहत उसे चारों ओर से घेर कर मारते हैं। इतना ही नहीं बाघ हाथी पर हमला तभी करता है, जब हाथी अकेला होता है। इसी के चलते दो मादा हाथियों को एक साथ कमिंग में लगाया गया है। महावत ने बताया कि सुलोचना और डायना दोनों कमिंग के वक्त कुछ आगे पीछे होकर चलती हैं, जिससे यदि कभी बाघ उन पर हमला बोल भी दे तो एक दूसरे की रक्षा कर सके। महावत के अनुसार इसके लिए हथिनियों को ट्रेनिंग भी दी जाती है। बताते हैं कि सुलोचना और डायना के व्यवहार में परिवर्तन होने पर आंकलन लगाया जा सकता है कि बाघ कहीं आसपास ही है।



अभियान के दौरान डायना व सुलोचना के साथ महावत महताब और अयूब खान। ● अमृत विचार

### एक्सपर्ट हैं दोनों मादा हाथी

मादा हाथी डायना और सुलोचना बाघ और तेंदुओं को तलाशने और काबू करने में ट्रेंड हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व की मादा हाथी डायना और सुलोचना के कंधों पर नई जिम्मेदारी आ गई है। उनको महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के मूड़ा में खूंखार बाघ को काबू में लाने का टास्क मिला है। हथिनियां खेतों और झाड़ियों में छिपकर बैठे बाघ को ट्रेंकुलाइज टीम के सामने लाएंगी।

### अटूट रिश्ता होता हैं महावत और हाथी का

हथिनी सुलोचना के महावत अयूब ने बताया हाथी और महावत के बीच का रिश्ता बहुत ही खास और अटूट होता है। इस प्यार और विश्वास को बनाने में कई साल लगते हैं।

### डायना आशीर्वाद तो सुलोचना करती हैं अभिवादन

डायना के महावत महताब ने बताया कि डायना किसी के भी सर पर अपनी सूंड़ रखकर आवाज करती हैं, जैसे वह आशीर्वाद देती हो। वहीं, अयूब ने बताया कि महावत के इशारे पर ही डायना आशीर्वाद व सुलोचना अभिवादन करती हैं ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरी पुत्री नीतू कुमारी गलत संगत में पड़ गयी है मैं उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि की स्वयं जिम्मेदार होगी। **हरदयाल पुत्र मुरली मनोहर निवासी उमेदपुर भुता, थाना भुता तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

सूचना
मैं अपने पुत्र नितिन उर्फ राजा जो कि गलत संगत में पड़ गया है, मैं उसके दुर्व्यवहार व चाल-चलन से तंग आकर उससे सम्बन्ध विच्छेद व अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, वह अपने कृत्यों व लेन देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। **शंकर लाल पुत्र रामचन्द्र व श्रीमती चन्द्रकली पत्नी शिव शंकर निवासी मौहल्ला दुर्गा नगर जोगी नवादा थाना बारादरी तहसील व जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



गांधी जयंती पर सम्मानित किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित। ● अमृत विचार



गांधी-शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

## डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित, राजकीय भवनों पर ध्वजारोहण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व एडीएम संजय सिंह ने सुबह नौ बजे कलेक्ट्रेट सभागार में गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। राष्ट्रगान गाने वाली बलिकाओं को पुरस्कृत किया गया। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में डीएम ने कहा कि गांधी व शास्त्री विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए, इनके विचारों से समाज में परिवर्तन आयेगा। एनके मिश्रा, अवध नरेश सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने गांधी व शास्त्री के विषय में सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कलेक्ट्रेट कर्मी ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीपीओ लवकुश भार्गव, एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, रत्नाकर मिश्रा, रेनू मिश्र, प्रशासनिक अधिकारी एवं नाजिर मो. सलीम सहित कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

**टीवीमुक्त ग्राम पंचायतों को डीएम ने प्रधानों को किया सम्मानित :** गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता की उपस्थिति में जिले की वर्ष 2023 के लिए 05 ग्राम पंचायत के टीबी मुक्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। डीएम ने ब्लाक पसगवां की ग्राम पंचायत मुरादपुर के ग्राम प्रधान रामगुनी, खमरिया की ग्राम प्रधान पूनम, कलौरा की ग्राम प्रधान शशी देवी, काशीपुर के ग्राम प्रधान अजय कुमार और इस नगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछौरा के ग्राम प्रधान उमेश पाठक को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्मिक हुए सम्मानित :** डीएम ने जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए ग्राम पंचायत राजपुर के संतोष कुमार प्रदीप कुमार और ग्राम पंचायत सलेमपुर के अजय कुमार विजय कुमार को सुरक्षा किट और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया



सरस्वती विद्या मंदिर पलिया में फहराया गया ध्वज। ● अमृत विचार

### पलिया में याद किए गए बापू और शास्त्री

**पलिया कलां :** गांधी-शास्त्री जयंती पर तहसील, कोतवाली, दुधवा मुख्यालय, नगर पालिका कार्यालय में ध्वज फहराकर दोनों विभूतियों को याद किया गया। वहीं बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने ध्वज फहराकर एनसीसी परेड की सलामी ली। इस मौके पर कार्यकारी प्रबंधक राजेश कुमार, प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव आदि मौजूद रहे। जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य केएए भाटी ने ध्वजारोहण किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति अध्यक्ष चांद कुमार जैन व प्रबंधक रामबचन तिवारी ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया। इसके अतिरिक्त बहिलि चीनी मिल में यूनिट हेड ओपी सिंह चौहान ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। पलिया खुर्द में डॉ. यू पी दीक्षित के आवास पर गांधी जयंती मनी। उनके बुजुर्ग पिता राजाराम दीक्षित ने ध्वज फहराकर बापू व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पार्पित किए। उधर रोटरी क्लब अध्यक्ष गगन मिश्रा ने गांधी जयंती पर नगर के गुरु नानक देव कॉलेज में पहुंचकर करीब आधा दर्जन डस्टबिन प्रदान किए।



खीरी में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते लोग। ● अमृत विचार

### खीरी में स्वच्छता अभियान चलाया

**खीरी टाउन/भीरा :** नगर पंचायत में गांधी-शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्ष उजमा बी, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए। वहीं 155 घंटे महासफाई अभियान के अन्तर्गत नगर के मार्केट एरिया वार्ड में सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों सफाई की गई। इसके बाद सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए। इस अवसर पर बनवारी, वकील अहमद जगदीश, शकील अहमद, रफीक आदि कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, भीरा में गांधी-शास्त्री जयंती पर छाजूराम केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल मुकुट बिहारी मिश्रा ने पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया। विवेकानंद अकैडमी प्रबंधक नसीब सिंह, अमनदीप सिंह, प्रिंसिपल जय प्रीत कौर ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

### सरकारी और गैर सरकारी भवनों पर फहराया तिरंगा

**कुकरा :** चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह गांधी-शास्त्री के चित्रों पर पुष्पार्चन किया। साथ ही गोष्ठी में विचार रखे। कुकरा संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार वर्मा, कुकरा पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन, हजरतपुर पंचायत भवन पर प्रधान हरजिंदर सिंह, खंजनपुर पंचायत भवन पर प्रधान जनक यादव, जटपुरा पंचायत भवन पर प्रधान कुलदीप कुमार, पहाड़नगर पंचायत भवन पर प्रधानपति विनोद कुमार भारती, सिकंदरपुर पंचायत भवन पर प्रधान धनीराम, गुरु नानक इंटर कॉलेज पर प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा, सरदार ईश्वर सिंह डिग्री कॉलेज पर डायरेक्टर करनजीत सिंह, हसनैन इंटर कॉलेज पर प्रबंधक रिजवान खान, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पर प्रधानाचार्य बीना कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मान्यता प्राप्त मदरसों में भी राष्ट्र ध्वज फहराकर छात्रों ने जुलूस निकाला।



संसारपुर में बच्चों को कापी पेन बांटते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समाजसेवी संस्था ने बच्चों को बांटी कॉपी-पेन

**संसारपुर :** सामाजिक संस्था ग्रामीण भारत जन सेवा संस्थान के द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को कॉपी पेंसिल आदि वितरित की। संस्था अध्यक्ष समशाद अंसारी, डॉ. सोहेल अहमद, बेदराम बीडीसी, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे। पुलिस चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने चौकी परिसर में ध्वजारोहण कर अपने हमराहियों को गांधी जयंती पर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किए।



स्वच्छता अभियान चलाते समाजसेवी। ● अमृत विचार

### जयंती पर चलाया सफाई अभियान

**गोला गोकर्णनाथ :** मोहम्मदी विधायक/पंचायती राज विभाग समिति के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में शास्त्री और गांधी जयंती पर ग्राम मझिगवां के काली माता मंदिर पर साफ सफाई करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा, उपाध्यक्ष दुर्वेश सिंह, प्रधान सुदेश कुमार, गुरुपाल सिंह, कृष्ण कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे। ग्राम शिवपुरी प्राथमिक विद्यालय में ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार ने ध्वज फहराया। प्रधानाध्यापिका सविता देवी, शिक्षा मित्र रामश्री आदि मौजूद रहे।



श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में ध्वज फहराते निदेशक मोहित पुरी।



नगर पालिका की गोष्ठी में बोलते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू। ● अमृत विचार



गोला में बापू, शास्त्री की जयंती मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, स्कूलों में हुई प्रतियोगिताएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर पालिका सभागार में ध्वज फहराने के बाद हुई गोष्ठी में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के बाद सर्व धर्म समभाव के लिए कार्य किया। जल निगम जेई आदर्श मिश्र, पूर्व सभासद अशोक सक्सेना आदि ने भी अपने विचार रखे। संचालन मोहित गिरि ने किया।

श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में गांधी और शास्त्री जयंती पर विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह ने ध्वजारोहण कर गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। खुटार रोड स्थित गुरू हरिकिशन डिग्री कालेज में गांधी शास्त्री जयंती पर प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने ध्वज फहराया। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में मुख्य अतिथि अधिवक्ता खदीजा जमाल एवं विशिष्ट अतिथि योग शिक्षक ओमप्रकाश वर्मा, समीरा, मरियम, राहतबख्श ने मां सरस्वती, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया सहित अतिथियों ने पुष्पार्चन किया। कांग्रेस के नगराध्यक्ष अजीत जैन के नेतृत्व में अशोक चौराहा स्थित इंदिरा पार्क में ध्वजारोहण कर पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दीन पासी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।





सरस्वती बाल विद्या मंदिर में पुरस्कृत विद्यार्थी। ● अमृत विचार



गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में बापू और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते प्राचार्य डॉ निर्मल सिंह। ● अमृत विचार

### डीएम ने गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखीमपुर खीरी।** गांधी व शास्त्री जयंती पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, रेनू मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया पौधा वितरण

**गोला गोकर्णनाथ :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के दिशा निर्देशन पर ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 के मजरा अर्जुनपुर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में जिला महासचिव केके मिश्रा के साथ अखिलेश कुमार राज एवं रविराज के आवास पर पहुंच कर दलित बस्ती में तीन बुजुर्गों को माला पहनाकर स्वागत करने के उपरांत वहीं पर सहभोज किया। भोजन के उपरांत ग्रामीण वासियों को तीनों महापुरुषों के नाम पर अपने दरवाजे से लेकर खेत तक एक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया और मौके पर दो दर्जन से ज्यादा अमरूद, जामुन, नीम, पीपल, बरगद आदि के पौधे वितरित किए। प्रदीप पटेल, रामशंकर पाल, उमाशंकर राज, आदेश कुमार राज आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



गोला में तुलसी के पौधा बांटते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल में मरीजों को किया फल वितरण

**लखीमपुर खीरी :** जिला अस्पताल में बुधवार को दो अक्तूबर पर सीएमएस डॉ. आरके कोली ने दोनो महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद अस्पताल के आइसोलेशन, जिरियाट्रिक, एनआरसी, चिल्ड्रन, सर्जिकल, आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा, डॉ. हर्ष देव भारती, डॉ. सतीश वर्मा, डॉ. एके द्विवेदी, डॉ विजय वर्मा, मेट्रन रजनी मसीह, एलटी महंत सिंह, फार्मासिस्ट विमल सिंह, अमरेंद्र सिंह, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, मनीष कुमार, सुरेंद्र कश्यप, पंकज शुक्ला, मनोज मौर्य, अनुज त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



कुपोषण वार्ड में भर्ती बच्चों फल बांटते डॉक्टर। ● अमृत विचार

### जलालपुर में चलाया स्वच्छता अभियान



**केशवापुर :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मां दुर्गा भगवती मंदिर जलालपुर में स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी, स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, मैलानी मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, महामंत्री मिथलेश मिश्रा, सर्वेश वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अल्ताफ हुसैन, पंचायत मित्र सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बापू और शास्त्री के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प



**निघासन :** सरकारी और निजी दफ्तरों गांधी-शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने गोष्ठी में दोनों महान पुरुषों के बारे में विचार व्यक्त किए। इस दौरान सचिव स्वाति लोधी, वीरपाल, आशीष कुमार, राजेश कुमार, सेवक राजू गिरि, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण को लेकर चलाया अभियान



**गोला गोकर्णनाथ :** गांधी-शास्त्री की जयंती पर जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने घरों, मोहल्लों और दफ्तरों में जाकर कागज के बने थैले दिए। बच्चों का दल तहसील पहुंचा जहां एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, सीओ गवेंद्र पाल ने थैले लेकर बच्चों और स्कूल की सराहना की। प्रबंध कमेटी के दीपक हालन, अजय गर्ग, रोहित अग्रवाल, अतुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रोट्रैक्ट क्लब छोटी काशी ने किया तुलसी पौधा वितरण



**गोला गोकर्णनाथ :** गांधी-शास्त्री जयंती पर रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी ने नगर के अशोक चौराहे पर तुलसी पौधा वितरण कर उसकी महत्ता समझाई। संस्था अध्यक्ष सुमित कुमार शाह, त्रिनयन राजपूत, रविसुत, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पवन गुप्ता मौजूद रहे।

### महापुरुषों की जयंती पर स्वच्छता की शपथ



**बिझौली :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरई में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आरके सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलाई।

### स्वच्छता के लिए चलाया अभियान



**मैगलगंज :** गांधी-शास्त्री जयंती पर कस्बे में भाजपा के जिला मंत्री बृजेश सिंह ने राष्ट्रपिता और प्रथम प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें याद किया। पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें मैगलगंज मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गू, हर्ष गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दिनेश चंद्र गुप्ता, अमृतेश अवस्थी आदि शामिल हुए।

### पीएचसी में नहीं मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती



मैगलगंज : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखरा में गांधी शास्त्री जयंती नहीं मनाई गई। केन्द्र पर सुबह से ही ताला लटकता रहा। स्थानीय डॉक्टर-कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं।

### लोक जनसंघर्ष पार्टी ने किया महापुरुषों को नमन



**रोशननगर :** लोक जन संघर्ष पार्टी ने ग्राम चमरपुर में गांधी और शास्त्री की जयंती पर युवा नेता आदेश कुमार अर्कवंशी की अध्यक्षता में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। सौरभ मिश्रा, बबिता गोस्वामी, कीर्ति गौतम ने भी दोनों महापुरुषों को नमन किया। वीरेंद्र गौतम, खगड़ सिंह, ओमप्रकाश गौतम आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज, जिलाधिकारी ने रवाना किया जागरुकता रथ





**लखीमपुर खीरी :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दो से 16 अक्तूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनेगा। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने 11 जागरूकता रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। डीएम ने यात्रा के समय यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित कर वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट बांधने की नसीहत दी। डीएम ने हवा में गुब्बारे उड़ाकर पखवाड़े का आगाज किया। एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर अश्वनी कुमार, एसडीएम रेनू मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा एवं एआरटीओ (प्रशासन व प्रवर्तन) अखिलेश कुमार द्विवेदी, पीटीओ कौशलेन्द्र प्रताप यादव, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एबीएसए, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी एवं डीएसओ अंजनी कुमार सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### पार्षदों ने बंदर पकड़ने वाली फर्म पर लगाया हेराफेरी करने का आरोप

बरेली अमृत विचार : प्रदेश भर में 779 रुपये प्रति बंदर की दर से सबसे ज्यादा कीमत में नगर निगम की ओर से ठेका दिए जाने के बावजूद शहर में बंदरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नगर निगम के अफसर 15 दिन से लगातार अभियान चलाने का दावा कर रहे हैं तो कई पार्षदों ने आरोप लगाया है कि ठेका लेने वाली मथुरा की फर्म एक मोहल्ले से बंदर पकड़कर दूसरे मोहल्ले में छोड़ रही है। इसी वजह से लोगों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। नगर निगम में बंदर पकड़ने के नाम पर बजट की बंदरबांट के आरोपों के बीच रोज लोग बंदरों के हमलों में घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। नगर निगम के अफसर रोस्टर के हिसाब से बंदरों को पकड़कर पीलीभीत के जंगलों में छोड़ने का दावा कर रहे हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि मोहल्लों में बंदरों के आतंक में कोई कमी नहीं आई है।

### 1863 में बनारस से ट्रांसफर होकर जिले में आए थे अंग्रेज कलेक्टर मिस्टर बाटले, सर्वराकार व उनके घर की महिलाएं रखती है उपवास

# अंग्रेज कलेक्टर की पत्नी हेरिस मारिया की देन है ऐतिहासिक रामलीला

अवनीश शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर की रामीलाला का इतिहास 160 साल पुराना है। इसके आयोजन को लेकर उसका अपना संविधान है, जिसे लाल किताब कहा जाता है। यह किताब रामलीला के निरंतर आयोजन होते रहने के लिए 1933 में गठित ट्रस्ट के लोगों ने अपने हाथों से लिखी थी। तब से लेकर अब तक शहर की रामलीला लाल किताब में लिखे नियमों के अनुसार होती आ रही है।

ऐतिहासिक रामलीला दशहरा मेले का आयोजन कराने का श्रेय किसी राजा महाराजा को नहीं, बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को जाता है, क्योंकि इसकी शुरूआत 1863 में बनारस से तबादला होकर जिले में आए अंग्रेज कलेक्टर मिस्टर बाटले की पत्नी हेरिस मारिया के कहने पर हुई थी। बता दें कि अंग्रेजी हुकूमत में लखीमपुर की जगह मोहम्मदी जिला था। उस दौरान यानि साल 1863 में बनारस के कलेक्टर मिस्टर बाटले का ट्रांसफर लखीमपुर कर दिया गया था। मगर, उनकी पत्नी हेरिस मारिया बनारस के रामनगर में होने वाली रामलीला और भारतीय संस्कृति एवं रीति रिवाजों से खासी प्रभावित थीं। हेरिस मारिया ने धार्मिक भावना के चलते अपने पति से लखीमपुर में भी रामलीला कराने की इच्छा जाहिर की। इस पर कलेक्टर बाटले ने शहर के संभ्रांत लोगों में शामिल सेठ मथुरा प्रसाद को रामलीला कराने के लिए कहा, जिसके बाद पहली रामलीला साल 1864 में हुई थी। तब से लेकर अब तक रामलीला के आयोजन की जिम्मेदार ट्रस्ट के सर्वराकार निभाते आ रहे हैं।



मथुरा भवन में पात्रों के कपड़े सिलते अली अहमद।

### सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट करावा रहा रामलीला

भविष्य में भी रामलीला का सफल आयोजन होता रहे, इसके लिए साल 1933 में सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट बना। इसमें मेला कराने के लिए आय के स्रोतों का इंतजामात किया गया।

### हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक है रामलीला

रामलीला में गंगा जमुनी संस्कृति भी देखने को मिलती है। पात्रों के कपड़े आदि सिलने का काम करने वाले अली अहमद बताते हैं कि इसकी शुरुआत दादा नवाब अली ने की थी। उनके न रहने पर हमारे ताऊ मुन्ने मियां सिलाई का कार्य करते रहे। मगर, उनके न रहने पर अब हम भगवान के कपड़े आदि सिलने का काम कर रहे हैं।




मथुरा भवन। ● अमृत विचार

### मथुरा भवन में दिखती है अयोध्या की झलक

रामलीला का मंचन भले ही मेला मैदान पर होता है। मगर, इसका संचालन केंद्र मथुरा भवन है। रामलीला शुरू होने से लेकर इसके समापन तक मथुरा भवन अयोध्या बना रहता है। रामलीला कराने की जिम्मेदारी निभा रहे ट्रस्ट के सर्वराकार विपुल सेठ और उनके घर की महिलाएं इन दिनों व्रत रखती हैं। रोजाना सुबह भगवान की भूमिका निभाने वाले पात्रों का पूजन और भोग लगाने के बाद फलाहार करते हैं। दोनों समय पात्रों की आरती उतारी जाती है। इसका समापन ब्राह्मण भोज से होता है।

1. सेठ गया प्रसाद
2. बराती लाल,
3. श्रीराम मेहरोत्रा,
4. ओमकार नाथ मेहरोत्रा,
5. अजय मेहरोत्रा उर्फ छुन्लू,
6. अजय कुमार मेहरोत्रा
7. विपुल सेठ



रामलीला के मंचन में लाल किताब में लिखे नियमों का अक्षरशः पालन होता है। पात्रों का चयन भी नियमानुसार होता है। रामलीला का आयोजन व्रत रखकर करते हैं। समापन पर ब्रह्म भोज करने के बाद ही हम और घर की महिलाएं अन्न ग्रहण करते हैं।
– **विपुल सेठ**, सर्वराकार सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट मथुरा भवन

# फेफड़े के साथ अन्य अंगों को भी गिरफ्त में ले रही टीबी

## 4426 लोगों की जांच में 222 मिले टीबी रोगी, 147 के फेफड़ों तो 75 के विभिन्न अंगों में मिला संक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में टीबी रोगियों के मिलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। इसमें भी हैरान करने वाली बात यह है कि लोगों में फेफड़े के अलावा शरीर के अन्य अंगों में भी टीबी होने के मरीज मिले हैं। गत दिनों अभियान चलाकर की गई जांच में 222 लोग टीबी संक्रमित मिले। इनमें 147 लोग फेफड़े वाली और 75 लोग अन्य अंगों में होने वाली टीबी से ग्रसित मिले हैं।

जिले को ही नहीं, बल्कि देश को 2025 तक टीबी रोग मुक्त करने की मुहिम चल रही है। इसके तहत समय समय पर अभियान चलाकर संदिग्ध टीबी रोगियों की जांच कराई जाती है, जिससे टीबी रोगी मिलने पर उन्हें इलाज मुहैया कराकर बीमारी से निजात दिलाई जा सकी। सितंबर माह में टीबी रोगियों को खोजने के लिए 11 दिन तक अभियान चला। इसमें निर्धारित 9,84,592 लोगों में से लक्षण के आधार पर 7,77,389 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 4426 लोग संदिग्ध मिले। इनकी जांच कराने पर 147 लोगों में फेफड़े की टीबी मिली है, जबकि 75 लोग ऐसे मिले जिनके अन्य अंग टीबी संक्रमित मिले। जांच में टीबी रोग की पुष्टि होने पर संक्रमितों को शासन की योजनाओं से लेकर चिकित्सीय सेवा मुहैया कराई जा रही है।



जिला टीबी अस्पताल ● अमृत विचार

अभियान के दौरान 4426 लोग संदिग्ध मिले थे। इनकी जांच कराने पर 222 लोग विभिन्न प्रकार के टीबी रोगी मिले हैं। जिनको दवाएं मुहैया कराकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।
– **डॉ. अनिल कुमार गुप्ता**, एसीएमओ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी

### इन लक्षणों की न करें अनदेखी

- तीन सप्ताह से ज्यादा खांसी
- छाती में दर्द रहना
- वजन का निरंतर घटना
- भूख में कमी
- बलगम के साथ खून आना
- शाम को बुखार का बढ़ना

| ब्लॉक | फेफड़े की की टीबी | अन्य अंग टीबी | ब्लॉक | फेफड़े की की टीबी | अन्य अंग टीबी |
|---|---|---|---|---|---|
| बरवर | चार | तीन | मितौली | सात | चार |
| खीरी टाउन | तीन | नौ | मोहम्मदी | 10 | पांच |
| नकहा | छह | चार | निघासन | नौ | आठ |
| बांकेगंज | पांच | पांच | पलिया | 10 | एक |
| बेहजम | दो | दो | पसगवां | तीन | दो |
| बिजुआ | आठ | एक | फरधान | आठ | चार |
| धौरहरा | आठ | चार | फूलबेहड़ | नौ | सात |
| अस्पताल | पांच | तीन | रमियाबेहड़ | छह | एक |
| गोला | 11 | एक | ईसानगर | छह | 00 |
| खमरिया | चार | 00 | ओयल | छह | एक |
| कुंभी | चार | पांच | सुंदरवल | 13 | पांच |

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### शराब के नशे में पत्नी और साढ़ू पर बांके से किया हमला

बरेली, अमृत विचार : एक युवक ने पत्नी और साढ़ू पर बांके से हमला कर दिया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना सुभाषनगर पुलिस ने पति समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। करेली की रहने वाली गुड़िया के मुताबिक उसकी छोटी बहन रानी की कैंट के चौबारी निवासी शनि से हुई थी। आरोप है कि शनि उसकी बहन को आए दिन मारता पीटता था। परेशान होकर दो महीने पहले वह बहन को अपने घर ले आई थीं। आरोप है कि बुधवार को 2 बजे शनि हाथ में बांका लेकर आया और रानी को जबरन ऑटो में बैठाकर ले जाने लगा। जब विरोध किया तो उसने रानी और उनके पति हरिओम पर बांके से हमला कर दिया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली**

ई–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–01/अधिअभि0/रूनखब/2024–25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन https://etender.up.nic.in/ के माध्यम से निम्नांकित कार्यो हेतु ई–अल्पकालीन निविदा दिनांक–10.10.2024 अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी टेक्निकल बिड ऑनलाइन दिनांक–10.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा दिनांकः–04.10.2024 से प्रातः 01:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह ई–निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

निविदा नोटिस व प्रपत्र एवं शर्तो की जानकारी https://etender.up.nic.in/ o http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| क0 | कार्य का विवरण | लागत (लाख रू0में) जी0एस0टी रहित | धरोहर धनराशि | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मा0 वीरपुर के किमी0 4.500 से 5.550 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 17.15 | 36000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 2 | राजवाह बरेली के किमी0 25.050 से 26.200 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 16.45 | 33000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 3 | राजवाह फरीदपुर के किमी0 3.790 से 5.990 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 32.50 | 65000.00 | 30 Days | 354.00 | 'बी' अथवा उच्च |
| 4 | राजवाह फरीदपुर के किमी0 12.350 से 12.970 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 9.20 | 20000.00 | 30 Days | 266.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 5 | राजवाह फरीदपुर के किमी0 14.500 से 15.600 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 16.30 | 34000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 6 | राजवाह फरीदपुर के किमी0 23.450 से 25.00 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 22.90 | 46000.00 | 30 Days | 354.00 | 'बी' अथवा उच्च |
| 7 | राजवाह बायां ग्रेम के किमी0 7.00 से 9.00 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 29.55 | 60000.00 | 30 Days | 354.00 | 'बी' अथवा उच्च |
| 8 | माइनर लभेड़ा के किमी0 0.000 से 0.750 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 11.10 | 23000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 9 | माइनर कुम्हरा के किमी0 2.700 से 3.500 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 11.85 | 24000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 10 | माइनर ज्योति के किमी0 9.286 से 10.300 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 15.00 | 30000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 11 | माइनर सरकड़ा के किमी0 0.00 से 1.200 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 17.75 | 36000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 12 | माइनर हाफिजगंज के किमी0 0.392 से 1.592 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 17.75 | 36000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 13 | माइनर सैदपुर के किमी0 0.750 से 2.00 के मध्य नहर पटरी के नवीनीकरण का कार्य | 18.45 | 38000.00 | 30 Days | 354.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 14 | क्षतिग्रस्त किच्छा बैराज को रबी फसली 1432 के लिए पुनः संचालित करने हेतु अस्थाई बंधे के निर्माण का कार्य | 33.05 | 67000.00 | 45 Days | 354.00 | 'बी' अथवा उच्च |
| 15 | रिछा ब्रांच के किमी0 9.315 पर स्थित वी0आर0बी0 (बॉक्स कल्वट) के पुर्ननिर्माण का कार्य | 31.75 | 64000.00 | 60 Days | 354.00 | 'बी' अथवा उच्च |

UP – 220147 दिनांक 01.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(नवीन कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली


# इज्जतनगर स्टेशन को प्रथम पुरस्कार से किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के प्रेक्षागृह में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

मंडल रेल प्रबंधक ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान हुई ड्राइंग, निबंध और क्विज प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ स्टेशन के तहत इज्जतनगर स्टेशन को प्रथम और काठगोदाम स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ कार्यालय में इंजीनियरिंग विभाग के कार्यालय को प्रथम और सिग्नल विभाग के कार्यालय को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में नियंत्रण कक्ष के सामने स्थित स्काउट-गाइड के श्रीखंड वाटिका में अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल समेत शाखा अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

# स्वतंत्रता का मतलब था महजब की आजादी : एमजे अकबर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गांधी जी के विचारों से आज का हमारा प्रजातंत्र दुनिया में सबसे मजबूत

**अमृत विचार:** रजा लाइब्रेरी में बुधवार शाम पूर्व विदेश राज्यमंत्री एमजे अकबर ने कहा कि गांधी जी ने हमें खौफ और भय से आजाद कराया। गांधी जी के अनुसार, आजादी का मतलब आवाज और महजब की आजादी था। उनके विचारों से ही आज का हमारा प्रजातंत्र दुनिया में सबसे मजबूत है।

रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में 7 अक्टूबर को 250 वर्ष पूर्ण हाने पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों के श्रृंखला के क्रम में गांधी जयंती पर वसुधैव समन्वयक महात्मा गांधी विषय पर विचार गोष्ठी व भजन संध्या हुई। इससे पहले अतिथियों ने दोहपर 2:30 बजे गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। रजा लाइब्रेरी में हुई विचार गोष्ठी में एमजे अकबर, संयुक्त निदेशक प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय नई दिल्ली इतिहासकार डॉ. रविकांत मिश्र, डॉ. विकास पाठक, साहित्यकार ज्योतिष जोशी ने विचार रखे। डॉ. ज्योतिष जोशी ने कहा कि गांधी जी के अनुसार, सत्य ही ईश्वर है, सत्य ही प्रेम है, सत्य ही परमात्मा है, सत्य ही वह अनुष्ठान है, जिसके लिए हम जीने का संकल्प लेते हैं। डॉ. रविकांत मिश्र ने कहा कि भारत से ही नहीं, बल्कि दुनियां भर से आधुनिक जगत में जो सबसे बड़े व्यक्तित्व थे। डॉ. विकास पाठक ने कहा कि गांधी जी के अनुसार, अंग्रेजी कानून समाज में संघर्षों को बढ़ावा देता था। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि लोकरचना कभी संघर्ष से नहीं होती, समन्वय से होती है। समन्वय का मार्ग गांधी का मार्ग है। वसुधैव समन्वय का वही भाव है जो वसुधैव कुटुम्बुकम का है।

# रात में सिक्योरिटी गार्ड की वर्दी, दिन में स्कूल की यूनिफार्म

शिवांग पांडेय, बरेली

- पांच साल पहले परिवार को उसके हाल पर छोड़कर अलग हो गए थे प्रेम के पिता

**अमृत विचार :** जितने बरस की कुल जिंदगी नहीं है, प्रेम को उससे ज्यादा घंटे उसे पटरी पर रखने के लिए श्रम करना पड़ रहा है। सीधे खड़े हो पाने से पहले ही एक कंधे पर पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ आ पड़ा है, उम्र के लिहाज से पढ़ाई का तो है ही। 24 घंटों में आठ घंटे बरेली कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने में गुजर रहे हैं, वह भी रात की। सुबह ड्यूटी पूरे होते ही वह सीधे स्कूल जाता है, जहां पढ़ाई के बाद दो बजे घर पहुंचता है लेकिन वहां भी कोई न कोई घरेलू काम उसका इंतजार कर रहा होता है। शाम को चंद घंटों की नींद के बाद उसकी जिंदगी का पूरा चक्र फिर वैसे ही घूमना शुरू हो जाता है।

सदर कैंट में रहने वाले प्रेम की उम्र पहली अक्टूबर को 18 बरस की हो गई है। कानूनी तौर पर तो वह अब बालिग हुआ लेकिन जिंदगी के थपेड़े उसे कबका बालिग बना चुके हैं। बचपन में बचपने को पीछे छोड़ देने की शुरुआत तब हुई जब प्रेम के माता-पिता के बीच अलगाव हो गया। पिता ने मां को तो छोड़ा ही, उसे और उसकी तीनों बहनों को भी छोड़ दिया। उस समय वह सिर्फ 13 वर्ष का था। मां ने ब्यूटीशियन का कोर्स किया था, इसी को उन्होंने बच्चों के पेट भरने का जरिया बनाया। लेकिन बच्चों की पढ़ाने की जिम्मेदारी पूरी कर पाना मुश्किल था। प्रेम के मुताबिक, उसकी बड़ी बहन ने छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हुए जैसे-तैसे बीकॉम किया, लेकिन परिवार के संभल पाने से पहले ही छोटी बहन गंभीर बीमार हो गई और परिवार संभलने से पहले ही फिर पटरी से उतर गया।

प्रेम की इच्छा पढ़ने की थी, लेकिन हालात उसे परिवार के लिए भी कुछ करने को मजबूर करते रहे। मां ने उसकी इच्छा देखते हुए खुद को कुछ और दांव पर लगाया और ब्याज पर पैसा उधार लेकर कैंट के ही एक कॉन्वेंट स्कूल में उसका दाखिला करा दिया। प्रेम ने बताया, वह जानता था कि मां के लिए यह कर्ज चुकाना मुमकिन नहीं होगा इसलिए उसने अपने लिए काम ढूंढना शुरू कर दिया। आखिरकार एक सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक ने उस पर रहम दिखाया।

# पीलीभीत हाईवे पर स्कूल जा रही शिक्षिका को ट्रक ने रौंदा, मौत

संवाददाता, बरेली/रिठौरा

**अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज क्षेत्र में पीलीभीत हाईवे पर स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका की तेज रफ्तार ट्रक के रौंदने से मौत हो गई। हादसे में स्कूटी चला रहे लेखाकार भी घायल हो गए। चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है।

कोहाड़ापीर निवासी राखी रानी (48) कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हाफिजगंज में तैनात थीं। वह लेखाकार प्रमोद कुमार सक्सेना की स्कूटी पर बैठकर विद्यालय जा रही थीं। राजश्री कॉलेज के पास लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में संकरी पुलिया पार करते समय ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वह स्कूटी से उछलकर नीचे गिरीं और ट्रक के पहिये के नीचे आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में लेखाकार भी घायल हो गए। भीड़ ने दौड़ाकर ट्रक रोक लिया, लेकिन मौका पाकर चालक फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी, थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। राखी के परिवार में बुजुर्ग मां नत्थो देवी, विधवा भाभी, दो भतीजी और एक भतीजा है। उन्होंने परिवार पालने की वजह से शादी नहीं की थी। प्रधानाध्यापिका सपना पांडेय, शिक्षिका अंजू गंगवार, अर्चना शर्मा, दुर्गा देवी, नेहा त्रिपाठी, दीपशिखा, रेनू बाला ने गहरा शोक जताया है।


**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शाहजहाँपुर।**

संख्या :– 1030/शास्त्रोक्त औषधि/2024–25 दिनांक–27–09–2024

**ई–निविदा–सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर में शास्त्रोक्त आयुर्वेदिक औषधि (निर्मित औषधि) को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के परिशिष्ट–19 एवं राज्य सरकार द्वारा उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल, 2016 में ई–निविदा से सम्बन्धित सामान्य सि)ान्त में निहित निर्देश के अनुसार रू0–30,00,000–00 (रूपया–तीस लाख मात्र) के अन्तर्गत दर अनुबन्ध के आधार पर आपूर्ति करने हेतु ऐसे अनुभवी एवं GMP धारक प्रतिष्ठित फर्मो (औषधि निर्माता) से ऑनलाइन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा दाता के पास विगत तीन वर्षो में समान प्रकृति की सामग्री आपूर्ति के कार्य का अनुभव होना चाहिये तथा केन्द्रीय जॉच ब्यूरो तथा किसी विभाग द्वारा बैन (प्रतिबन्धित) Black Listed (काली सूची) में शामिल नहीं होनी चाहिये। ऐसे निविदा दाता फर्म का गत तीन वर्षो से वाणिज्य कर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है। फर्म का विगत तीन वर्षो में शास्त्रोक्त निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों का प्रत्येक वर्ष टर्न ओवर रू0–1,00,00,000–00 (रू0–एक करोड़ मात्र) होना चाहिये। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो एवं नियमों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। शास्त्रोक्त निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों की मात्रा अनुमानित रखी गयी है जो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के सापेक्ष परिवर्तनीय हो सकती है।

1. निविदा प्रपत्र https://e-tender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. ऑनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि :–04–10–2024
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय :–04–10–2024 प्रातः 10.00 बजे से।
4. ऑनलाइन निविदा भरने की प्रारम्भिक तिथि –04–10–2024 प्रातः 10.00 बजे से।
5. ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि व समय ::–26–10–2024 सायं 5.30 बजे तक।
6. तकनीकी निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि व समय :–29–10–2024 अपरान्ह 12.30 बजे।
7. निविदा मूल्य जो वापस न होगा रू0–5,400.00 (रू0–पांच हजार चार सौ मात्र) (समस्त कर सहित) का डिमांड ड्राफ्ट जो निविदा भरने के बाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर के पदनाम से जमा कराकर कार्यालय में दिनांक–28–10–2024 समय सायं 05.00 बजे तक जमा कर रसीद प्राप्त करना आवश्यक है। अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
8. धरोहर धनराशि रू0–60,000.00 (रू0–साठ हजार मात्र) राष्टीयकृत बैंक से जारी डिमांड ड्राफ्ट या एफ0डी0आर0 के रूप में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर के पदनाम से बन्धक कराकर निविदा के साथ छाया प्रति अपलोड करना होगा, तथा उसकी मूलप्रति दिनांक–28–10–2024 समय सायं 05.00 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी शाहजहाँपुर में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमांड ड्राफ्ट या एफ0डी0आर0 समयान्तर्गत प्राप्त न कराये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब की दशा में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
9. तकनीकी बिड से सम्बन्धित अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों की हार्ड कापी जो सुस्पष्ट हो की एक–एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कराना अनिवार्य होगा। कटिंग/ओवर राइटिंग व पेस्टिंग मान्य नहींहोगी।
10. निविदा में डाली गयी निर्मित औषधि की दर कच्ची औषधि/सामग्री के प्रचलित बाजार दरों से कम न हो, का शपथ पत्र। अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
11. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा क्रय आदेश एवं निविदा प्रपत्र में दी गयी समस्त शर्तो के अनुपालन के पश्चात औषधियों की आपूर्ति स्वीकार की जायेगी। प्रत्येक बैच की लैब परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसका व्यय सम्बन्धित फर्म द्वारा वहन किया जाएगा।
12. **आपूर्ति स्थान :–**एफ0ओ0आर0 कार्यालय–क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, मो0 बंगश निकट जनता इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर। औषधियों की आपूर्ति जी0एम0पी0 मानक के अन्तर्गत स्वीकार की जायेगी। किसी भी दशा में पॉलीथीन की पैकिंग में आपूर्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।
13. **निविदा की वैधता :–**31–03–2025 तक मान्य होगी।

आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा क्रय आदेश एवं निविदा प्रपत्र में दी गयी समस्त शर्तो के अनुपालन के पश्चात औषधियों की आपूर्ति समस्त निविदायें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, शाहजहाँपुर के कार्यालय में निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी एक या सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। इस सम्बन्ध में कोई वाद स्वीकार नहीं होगा। जिन फर्मो के सभी तकनीकी अभिलेख निविदा शर्तो के अनुसार सही व पूर्ण पाये जायेंगे उन्ही फर्मो के वित्तीय भाव पत्रों पर विचार किया जायेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

UP-220201, DATE-01-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0 सिराज अहमद अन्सारी)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
शाहजहाँपुर।


# हाथियों ने किसानों की बढ़ाई चिंता, रात भर कर रहे रखवाली

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार :** मैलानी वन रेंज के जटपुरा बीट में हाथियों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें रात भर जाग कर अपनी फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। वन महकमा भी रात को किसानों की फसल बचाने के लिए हाथियों को जंगल में खदेड़ते रहने का प्रयास करता रहता है। उसके बावजूद जंगल से निकल कर हाथी फसलों को रौंद रहे हैं।

बृहस्पतिवार की रात को मड़हा से चले हाथियों ने सुनहरा भूड़ के रामानंद का ढाई बीघा धान रौंद दिया। ग्रामीणों की सतर्कता से हाथी जंगल में चले गए थे। सुबह जब वन विभाग की टीम पहुंची तो ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। मैलानी रेंजर सहित कई अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया। शुक्रवार की रात गजाधरपुर के पास हाथी जंगल से बाहर निकले। वहां पहाड़नगर निवासी हंसराम, रामशंकर, रामरतन, डालचंद की दो एकड़ फसल को रौंद डाली। ढपली, पटाखे और शोर गुल मचाने के बाद हाथी जंगल में वापस चले गए। शनिवार की रात हाथी पुनः जंगल से बाहर निकले और सुनहरा भूड़ निवासी गुरविंदर सिंह का दो बीघा धान रौंद दी। किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए पूरी रात जागना पड़ रहा है।



पहाडनगर निवासी छोटे पुत्र सुकाली ने बताया कि हाथियों के आने की खबर के बाद वह लोग 15 – 20 के समूह में रात के समय खेत के आसपास जाते हैं। ढपली बजाना, टॉर्च जलाना, पटाखे दगाना तथा शोर मचाना शुरू कर देते हैं, इससे फसल नुकसान होने से बच रही है। अब हाथियों के आने से हमारी चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।



पहाडनगर के ग्राम प्रधानपति विनोद कुमार ने बताया कि हाथी किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग आकर कागजी खानापूर्ति भी करता है परंतु किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा है।



जटपुरा बीट में हाथियों द्वारा बर्बाद फसल देखते गुरविंदर सिंह।



लालबिहारी मौर्य ने बताया कि पहले तो वह लोग रात में सो लेते थे, परंतु जब से हाथियों के आने की खबर मिली है, तब से वह लोग पूरी रात जागने को विवश हैं। पिछले कई वर्षों से यही हो रहा है। वन विभाग न तो हाथियों को जंगल में रोकने का कोई ठोस उपाय ही कर रहा है और न ही किसानों को मुआवजा दे रहा है। सभी को यह भय बना रहता है कि हाथियों से फसलों को बचाने के चक्कर में कहीं बाघ के हमले का शिकार न हो जाएं।

चार हाथी पिछले चार दिनों से मड़हा के पास आकर ठहरे हुए हैं। शाम को वहां से चलते हैं और किसानों के खेत की तरफ आने का प्रयास करते हैं। जिससे किसानों का थोड़ा नुकसान तो हो रहा है परंतु किसानों के सहयोग से हाथियों को जंगल के अंदर खदेड़ने में अभी तक सफल रहे हैं। सुबह हाथी पुन : मड़हा के पास फाटा (एक प्रकार की घास) में चले जाते हैं।
– **अखिलेश सिंह**, फारेस्टर जटपुरा बीट।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

भवन्ति नम्रस्तरवः फलोद्गमैः नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्॥

वृक्षों पर फल आने से वे झुकते हैं (नम्र बनते हैं); पानी में भरे बादल आकाश में नीचे आते हैं, अच्छे लोग समृद्धि से गर्वित नहीं बनते, परोपकारियों का यह स्वभाव ही होता है।

## संपादकीय

# बढ़ीं चुनौतियां

ईरान व इजराइल के बीच छिड़े उग्र संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष के नए दौर के साथ बढ़ी भू-राजनीतिक चुनौतियों से सारी दुनिया में चिंता पैदा हो गई है। भारत की मुख्य चिंता संघर्ष का बढ़ना है। ईरान व इजराइल का मौजूदा संघर्ष भारत के लिए आर्थिक चुनौतियों का कारण बनेगा। भारत ने चिंता जताई है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पश्चिमी एशियाई देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता में शामिल है। पश्चिमी एशिया में 90 लाख भारतीय हैं। पश्चिमी एशिया के अनिवासी भारतीय प्रति वर्ष लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर घर भेजते हैं जो देश के कुल धन-प्रेषण प्रवाह में 55 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखता है। पश्चिम एशिया से आयातित तेल पर भारत की निर्भरता, मूल्य अस्थिरता और आपूर्ति व्यवधानों के प्रति उसे संवेदनशील बनाती है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। भारत का 40 प्रतिशत से अधिक तेल पश्चिम एशिया से आता है। पश्चिम एशिया में ऊर्जा संसाधनों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं तथा आपूर्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा बढ़ सकती है, जिससे भारत के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भारत को प्राप्त कुल प्रेषण का 82 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों तथा यहां व्यापक रूप से संलग्न एवं सक्रिय संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूनाइटेड किंगडम से प्राप्त होता है।

गौरतलब है कि पश्चिमी एशिया वह क्षेत्र है जो सैन्यीकरण पर अत्यधिक निर्भर है और वैश्विक हथियारों के आयात में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वैश्विक ऊर्जा उपभोग के लिए निष्कर्षण संसाधनों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता होने के बावजूद, पश्चिम एशिया विभिन्न संघर्षों के कारण बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है। ऐसे में तलाशना होगा कि वे कौन-से दृष्टिकोण हैं जिनके माध्यम से पश्चिम एशियाई संघर्ष को हल किया जा सकता है? गाजा के खिलाफ इजराइल का हमला हमास को नष्ट करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के अपने घोषित मकसदों को अभी तक हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में फिलहाल कहना कठिन है कि पश्चिमी एशिया में कब और किन परिस्थितियों में शांति हो पाएगी। भारत हमेशा शांति की वकालत करता है और तटस्थ रुख रखता है। पश्चिमी एशिया में अशांति को लेकर भारत का जोर है कि पूरे मसले का हल संवाद और कूटनीति से ही निकाला जाए।

# परमाणुवाद: प्राचीन वैशेषिक दर्शन और आधुनिक विज्ञान



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं।

'परमाणुवाद' उस चीज का सिद्धांत है जिससे यह लगभग पूरा ब्रह्मांड बना है। ऊर्जा और द्रव्य से ही यह ब्रह्मांड बना है। परमाणुवाद की विवेचना करते समय इस विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञा दोनों को छूना चाहता हूं। यह ऐसे विषयों पर दोनों विचारधाराओं को समझने का प्रयास है।

मनुष्यता के ज्ञान के प्रारंभ में मनुष्य का ज्ञान इस विषय में स्पष्ट नहीं था कि पदार्थ कैसे बना होता है। विभिन्न पदार्थों में क्या मूल अन्तर होता है और यदि हम किसी पदार्थ के टुकड़े करते जाएं तो क्या इसका कोई अंत होगा? क्या पदार्थ निरंतर होता है अथवा कणों के रूप में? मेरी जानकारी के अनुसार उपलब्ध साक्ष्यों और धारणाओं के आधार पर इस विषय में सबसे पहले, लगभग 2600 वर्ष पूर्व (बुद्ध और महावीर के काल में), भारतीय ऋषि कणाद ने विचार किया था।

ऋषि कणाद ने द्रव्य की रचना का 'वैशेषिक दर्शन' दिया था। बाद में अन्य लोगों ने भी उसमें योगदान दिया। इस दर्शन में द्रव्य की संरचना के बारे में विचार करते हुए ऋषि कणाद ने कहा कि द्रव्य (पदार्थ) की रचना बहुत छोटे-छोटे अविभाज्य कणों से मिल कर होती है। उन्होंने इन कणों को 'परमाणु'-परम अणु-का नाम दिया। ये परमाणु चार भिन्न प्रकार के होते हैं। उन्होंने इन विभिन्न प्रकार के परमाणुओं को विशेष नाम दिए। इसलिए इस दर्शन या सिद्धांत को 'वैशेषिक दर्शन' कहते हैं।

मैं यहां इस सिद्धान्त की केवल बाह्य रूपरेखा बताऊंगा। वैसे पदार्थ को समझने के लिए वेदान्त, सांख्य दर्शन और मीमांसा में अलग-अलग सिद्धांत दिए गए हैं और उन सब में पर्याप्त अन्तर है। उनमें तत्वों की संख्या और उनके प्रकारों में अंतर है। लेकिन उस सब में जाना अभी उचित नहीं होगा। वैशेषिक दर्शन में चार 'भूतों' या तत्वों के चार तरह के परमाणु माने गए हैं - पृथ्वी परमाणु, जल परमाणु, तेज परमाणु और वायु परमाणु। पांचवां भूत आकाश है। ये पांच तत्व हैं (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा)। इस दर्शन के अनुसार वायु परमाणुओं के परस्पर मिलने से द्वयणुक, फिर त्रसरेणु और चतुरणुक आदि की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार वायु पैदा होती है। इस वायु में जल परमाणुओं के संयोग से महान जलनिधि पैदा होती है। इस जलनिधि में पृथ्वी परमाणुओं के संयोग से महान तेजोराशि की उत्पत्ति होती है। यह इस वैशेषिक दर्शन की बहुत संक्षेप में रूपरेखा है।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकास क्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व – अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व – में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द – जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है – से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकासक्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व-अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व - में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द-जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है–से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया, कैसे अन्य प्राचीन दार्शनिकों ने इसमें अपना योगदान दिया।

ज्ञान के इस क्रमिक विकास को देखने पर हम पाएंगे कि कैसे उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ में जॉन डाल्टन ने रासायनिक पदार्थों को एक निश्चित अनुपात में ही रासायनिक क्रियाएं करते हुए देख कर पदार्थ को छोटे-छोटे कणों द्वारा निर्मित होना बताया। कैसे 'ब्राउनियन गति' को छोटे-छोटे कणों की टक्कर से समझाया गया, कैसे उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दियों में बर्नियर, चार्लटन, रॉबर्ट बॉयल, नील्स बोर, एवोगैड्रो और एन्टोनी लैवॉइजियर जैसे, अनेक विधाओं के, वैज्ञानिकों ने इस सिद्धांत को विकसित करने में अपना योगदान दिया। उन्होंने क्या-क्या परीक्षण किए, कैसे-कैसे निष्कर्ष निकाले, कैसे मनुष्यता ज्ञान के पथ पर आगे बढ़ी, यह बहुत रोचक कहानी है।

अब परमाणु-अर्थात् एटम-की आधुनिक परिभाषा है- "पदार्थ का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसमें उस पदार्थ के गुण होते हैं, जो एक रासायनिक तत्व बनाता है, परमाणु कहलाता है।" अब पाया गया है कि परमाणु अविभाज्य नहीं है-इसके टुकड़े हो सकते हैं - लेकिन ऐसा करने पर उन टुकड़ों में उस मूल पदार्थ के गुण नहीं रहेंगे। यह कहानी भी बहुत रोचक है कि कैसे परमाणु को बनाने वाले कणों - न्यूट्रान्स, प्रोटॉन्स और इलेक्ट्रॉन्स-की खोज हुई। विज्ञान के सब विद्यार्थी इस कहानी को कक्षा 8 और 9 में पढ़ते हैं।

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं। हम जानते हैं कि ये मूलभूत कण-क्वार्क्स, लेप्टॉन्स, बोसॉन्स आदि-क्या होते हैं, तरंग और कण का द्वैत-या एकीकरण क्या होता है, इलेक्ट्रॉन्स की विभिन्न ऊर्जा-स्तरों की कक्षाएं क्या होती हैं और कैसे वह तरंगों के रूप में परमाणु के नाभिक के चारों ओर 'संभावना अनुपातों' में चुपड़े हुए होते हैं। हम जानते हैं कि तत्व क्या होते हैं, कितने होते हैं, उनमें क्या मूल अन्तर होता है और वह रासायनिक क्रियाएं क्यों और कैसे करते हैं। हम जानते हैं कि पदार्थ के भौतिक और रासायनिक गुण क्यों और कैसे होते हैं। हम जानते हैं कि हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धान्त क्या होता है और 'क्वांटम मैकेनिक्स' कैसे कण-भौतिकी को संचालित करती है।

मैं जब परमाणुवाद के विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञान की धारणाओं को देखता हूं तो मैं पाता हूं कि अपने समय के अनुसार निस्संदेह भारतीय ऋषियों ने नए विचार दिए हैं, खोजें की हैं और आगे बढ़े हैं लेकिन वह सारे विचार पूर्ण नहीं थे, गलतियों से मुक्त नहीं थे-यह मानवता का एक स्वाभाविक गुण है। यही बात आधुनिक धारणाओं के विकास के साथ में है। लेकिन मनुष्य पहले से आगे बढ़ा है, उसने धीरे-धीरे सीखा है और नया ज्ञान प्राप्त किया है। इस इतिहास का अपना महत्व है- बिना नए विचारों की शुरुआत के ज्ञान आगे नहीं बढ़ सकता है लेकिन वह शुरुआत पूर्ण नहीं होती है। संभव है कि ज्ञान के क्रमिक विकास के बारे में हमारे किसी दर्शन के कुछ, या सभी, विद्वानों की आधुनिक धारणाओं से अंतर रखती हुई या उसके विपरीत, धारणाएं हों। वह ज्ञान के क्रमिक विकास की धारणा को न मानते हुए संपूर्ण ज्ञान को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा मनुष्य को दे दिया गया हुआ मानते हों। वह मनुष्य सहित सारी ही जीव-जातियों को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा इसी रूप में उत्पन्न कर दिया गया मानते हों।

वैशेषिक दर्शन में इन चीजों को तत्व कहने का जो भी अर्थ रहा हो, अब हम जानते हैं कि आधुनिक परिभाषा के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश तत्व नहीं हैं। पृथ्वी यौगिकों का मिश्रण है, जल एक यौगिक है जिसका अणु, दो तत्वों-हाइड्रोजन के दो परमाणुओं और ऑक्सीजन के एक परमाणु-से मिल कर बना होता है, वायु भी विभिन्न तत्वों और यौगिकों के अणुओं का मिश्रण है और अग्नि कुछ तत्वों और यौगिकों के परमाणुओं और अणुओं की 'प्लाज्मा स्थिति' है।

ज्ञान अथाह है। मनुष्य कभी भी संपूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाएगा लेकिन मनुष्यता की आगे बढ़ने की ललक वह चीज है जिसने उसे गुफा-मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक पहुंचाया है और जो उसे और आगे लेकर जाएगी। इस ललक को कायम रखना और अपने इतिहास को महत्व देते हुए आगे की ओर देखना ही विकास का एक सही तरीका हो सकता है। मेरे अनुसार हम परमाणुवाद के विकास क्रम में वैशेषिक दर्शन को ऐतिहासिक महत्व अवश्य दें, हम उसको समझें भी, उससे सीखें भी, लेकिन इस विषय को आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के अनुसार समझना और समझाना ही उचित है। निरंतर केवल पीछे की ओर ही देखना, सदैव भूतकाल में ही रहना, एक सही तरीका नहीं हो सकता है। संभव है कि कोई मेरी इस अंतिम बात से सहमत न हो और वह प्राचीन ज्ञान को ही महत्व देते हुए उसके अनुसार ही चलना चाहे। यह विभिन्न व्यक्तियों की इच्छा और उनकी विचारधाराओं की बात है।

## प्रसंगवश

# गांधी, कांग्रेस और लोकसेवक

आजाद के बाद कांग्रेस के भविष्य को लेकर गांधी ने अपनी प्रार्थना सभाओं में बहुत कुछ कहा है। वे कांग्रेस के लिए आशंकित, आशान्वित और ऊपरी तौर पर तटस्थ भी होते थे। गांधी ने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है।

28 जुलाई, 1947 को गांधी ने फिर कहा। मुसलमानों ने भले ही अपना राष्ट्र बना लिया है। लेकिन भारत हिंदू इंडिया नहीं है। कांग्रेस केवल हिंदुओं का संगठन नहीं बन सकती। हिंदुस्तान को रचने वाले मुसलमान कभी नहीं कहते वे भारतीय नहीं हैं। अपनी कमजोरियों के बावजूद हिंदू धर्म ने कभी नहीं कहा उसे बंटवारा चाहिए। कई धर्मों के मानने वालों ने मिलकर हिंदुस्तान बनाया है। वे सब भारतीय हैं।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

गांधी ने 18 नवंबर 1947 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद से बातचीत में कहा मौजूदा हालत में तो कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। या फिर बहुत ऊर्जावान व्यक्ति के नेतृत्व में जिंदा रखा जाना चाहिए। यहां गांधी समग्र विचार के बाद कांग्रेस को भंग कर देने का निर्विकल्प प्रस्ताव नहीं रच रहे थे। जाहिर है वे कांग्रेस के नेतृत्व से पूरी तौर पर असंतुष्ट थे। मरने के एक पखवाड़े पहले गांधी ने 16 जनवरी को एक पत्र में लिख दिया था कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है। इसी रूप में वह कायम रहेगी। उसे राजनीतिक सत्ता मिलेगी तो वह देश की कई पार्टियों में से केवल एक पार्टी कहलाएगी।

इतिहास यह बात हैरत के साथ दर्ज करेगा कि अपनी मौत के एक दिन पहले 29 जनवरी को कांग्रेस संविधान का ड्राफ्ट लिखते जांचते गांधी ने फिर कहा था। कांग्रेस संविधान में शामिल किया जाए। कांग्रेस स्वयमेव खुद को भंग करती है। वह लोकसेवक संघ के रूप में पुनर्जीवित होकर संविधान में लिखे बिंदुओं के आधार पर देश को आगे बढ़ाने के काम के प्रति प्रतिबद्ध होती है।

हरिजन में ''फेसबुक फ्राइडे'' (निर्णायक शुक्रवार) शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख में प्यारेलाल लिखते हैं: गांधी जी 29 तारीख को दिन भर इतने व्यस्त रहे कि अंत में थककर चूर हो गए। कांग्रेस-संविधान के मसौदे की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा: 'मेरा सिर चकरा रहा है फिर भी मुझे इसे समाप्त करना होगा।' गांधीजी ने कांग्रेस का संविधान तैयार करने का कार्य अपने हाथ में लिया था। फिर उन्होंने कहा: ''मुझे डर है कि मुझे देर तक जागना पड़ेगा।''

अगले दिन गांधीजी ने मसौदे में संशोधन करके, ''ध्यान से पढ़ने के लिए'' कहकर प्यारेलाल को दे दिया। गांधीजी ने उनसे कहा कि ''यदि विचार में कहीं अन्तर आ जाए तो उन्हें पूरा कर देना। प्यारेलाल जब मसौदे में संशोधन करके गांधीजी के पास ले गए तो उन्होंने ''आद्योपान्त पढ़ने की अपनी स्वभावगत विशेषता के अनुसार एक-एक मुद्दे को लेकर उसमें जोड़-बदल किए और पंचायतों की संख्या के हिसाब में हुई भूल को ठीक किया।''

भारतीय जनसंघ की स्थापना 1952 में हुई। 1977 में वह जनता पार्टी में विलीन हो गया। अर्थात राजनीतिक दल भंग हो गया। जनता पार्टी का संविधान उस धड़े का भी अनुशासन तंत्र हो गया। 1980 आते आते जनता पार्टी के भारतीय जनसंघ के शामिल तबकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता लेते दोहरी सदस्यता का पचड़ा खड़ा किया इससे जनता पार्टी में टूट हुई और भारतीय जनसंघ के लोगों ने निकलकर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। उसका नया संविधान बना। पार्टी की संरचना में ढांचागत परिवर्तन होकर दूसरी पार्टी में विलीन होने पर भी इसे राजनीतिक पार्टी भारतीय जनसंघ का भंग होना नहीं कहा जा सकता क्योंकि विचारधारा तो कायम रही है। ढांचा बदलता गया।

गांधी इसी तरह कांग्रेस की विचारधारा, संविधान और कार्यक्रम जारी रखना चाहते थे। उसका केवल नाम बदलना बताया। देश में जनता के लिए उसकी केन्द्रीय भूमिका नहीं बदली। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है। यह भी कि 'यद्यपि भारत का विभाजन हो गया मगर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रयुक्त साधनों से देश को आजादी मिलने के बाद कांग्रेस के अपने मौजूदा स्वरूप में अर्थात एक प्रचार माध्यम और संसदीय तंत्र के रूप में उपयोगिता समाप्त हो गई है। भारत को अपने सात लाख ग्रामों की दृष्टि से जो उसके शहरों और कस्बों से भिन्न हैं सामाजिक, नैतिक और आर्थिक आजादी हासिल करना अभी बाकी है। इस नजर से देखने पर यह साफ होगा कि गांधी और कांग्रेस के रिश्ते को समझना आसान नहीं है। गांधी का लिखा कहा एक तरह से, बल्कि सभी तरह से, एक पिता का संतान पीढ़ी के लिए लिखा संदेश या वसीयत है। वह एक पारिवारिक हलफनामा है। उसके आधार पर गांधी विरोधी विचारधारा अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बने कि गांधी ने मानो कांग्रेस को खत्म कर देने का कोई ऐलान या फतवा जारी किया था।

# मणिपुर में शांति नहीं कायम हो पा रही



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई।

केंद्र सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के क्रियान्वयन को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों और असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है। पिछले साल मई से ही अब तक बहुसंख्यक मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा रुक-रुक कर जारी रही है, जिसमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 60,000 लोग विस्थापित हुए।

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई जब उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने का आदेश दिया। मणिपुर की पहाड़ियों में रहने वाले कुकी और नागा जनजातियों के सदस्यों द्वारा फैसले के खिलाफ विरोध मार्च के बाद 3 मई को राज्य में हिंसा भड़क उठी। मैतेई निवासियों को पहाड़ी जिलों में कुकी-ज़ो और इम्फाल घाटी के क्षेत्रों में कुकी-ज़ो के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में निशाना बनाया गया।

मणिपुर पुलिस ने पिछले दिनों हुए ड्रोन हमलों को अभूतपूर्व करार दिया और कहा कि यह राज्य में संघर्ष में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा पुलिस ने कहा कि संभवतः तकनीकी विशेषज्ञता और समर्थन वाले उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाल के हमलों के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हथियारबंद ड्रोन के स्रोत और तकनीक की पहचान करने के प्रयास कर रही हैं। एक सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने दावा किया कि ड्रोन सैन्य ग्रेड के नहीं थे और कहा कि उन्हें मणिपुर में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त भागों से इकट्ठा किया गया था। संयोग से पड़ोसी राज्य असम में पुलिस ने जून में ड्रोन बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी मणिपुर के कांगपोकपी का रहने वाला था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हथियारबंद ड्रोन 500 मीटर से लेकर 15 किलोमीटर की दूरी से काम कर सकते हैं। उनमें हैंड ग्रेनेड और मोर्टार बम सहित विस्फोटक लोड किए जा सकते हैं और उनमें रोटर सिस्टम होता है, जिससे वे तस्वीरें भी खींच सकते हैं। पुलिस ने हथियारबंद ड्रोन की जांच और अध्ययन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति ऐसे ड्रोन की विशिष्टताओं की जांच करेगी।

हथियारबंद ड्रोन का उपयोग मणिपुर में संघर्ष में एक खतरनाक पहलू को दर्शाता है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई हिंसक घटनाएं सरकार द्वारा किए गए दावों के खोखलेपन को उजागर करती हैं। हाल के हमलों से पहले मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह द्वारा नियुक्त दूतों द्वारा सफलता मिलने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। यह देखना अभी बाकी है कि क्या सरकार वास्तव में हिंसा को रोकने और मणिपुर में मैतेई और कुकी-ज़ो समुदायों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रभावी उपाय कर पाती है।

एम16, एम18 और एम4ए1 कार्बाइन जैसी असॉल्ट राइफलें - अत्याधुनिक हथियार जो राज्य के शस्त्रागार से लूटे नहीं गए थे - मणिपुर जातीय संघर्ष में घुस गई हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

पिछले साल मई में शुरू हुए संघर्ष के दौरान राज्य के शस्त्रागारों से लगभग 6,000 हथियार लूटे गए थे। सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा विशेष रूप से मैतेई और कुकी-ज़ो पक्षों को अलग करने वाले सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान के कारण लगभग 2,600 हथियार बरामद हुए हैं। हालांकि, इनमें से केवल 1,200 हथियार शस्त्रागारों से लूटे गए हैं। लगभग 800 अत्याधुनिक हथियार हैं जिन्हें कहीं और से खरीदा गया है, जबकि शेष 600 देशी कच्चे हथियार हैं। सुरक्षा बलों के सामने एक और चुनौती यह है कि संघर्ष बढ़ने के साथ-साथ तात्कालिक हथियार अधिक कुशल - और घातक - होते जा रहे हैं। हाल ही में 5 किलोमीटर की रेंज वाले तात्कालिक रॉकेट ने मोइरांग शहर में भय पैदा कर दिया - जिसे पहले एक सुरक्षित क्षेत्र माना जाता था।

एक और तरह का हथियार जिसने चिंता पैदा की है, वह है कच्चे बम ले जाने वाले ड्रोन, जिनका इस्तेमाल इंफाल पश्चिम के कोट्रुक गांव पर हमला करने के लिए किया गया था।

## सोशल फोरम

# नेहरू व पटेल में कोई विभेद नहीं

कांग्रेस की किसी भी राज्य कमेटी द्वारा संस्तुति न किए जाने के बाद भी महात्मा गांधी ने सरदार पटेल की बजाय जवाहर लाल को अपने वीटो से प्रधानमंत्री क्यों बनाया? यह सच है कि अपने संगठन कौशल, सबकी सुनने और सुदृढ़ व्यक्तित्व होने के कारण सरदार साहब कांग्रेस संगठन की पहली पसंद थे। जबकि नेहरू तुनुक मिजाज़, अधीर और अपनी एकतरफा चलाने के कारण संगठन की पसंद नहीं थे। इसके विपरीत सारे भारत वर्ष की जनता में नेहरू की अपार लोकप्रियता तथा स्वीकार्यता थी। वह अपने उदात्त चरित्र, सुन्दर देह, सरल स्वभाव तथा जादुई वक्ता होने के कारण भारतीय जन मानस में अपार लोकप्रिय थे। विदेशों में भी एक विश्व नेता के रूप में उनकी सुदृढ़ पहचान थी। और सबसे बढ़ कर, वह एक खरे धर्म निरपेक्ष और उदार पुरुष थे। उनका हृदय विशाल तथा दृष्टि अंतर्राष्ट्रीय थी। गांधी और पटेल दोनों इस तथ्य से अवगत थे। सत्ता की राजनीति से दूर होने के बावजूद एक व्यवहारिक तपस्वी होने के कारण गांधी सत्ता संचालन की बारीकीयों से अवगत थे। अंग्रेज़ों तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा छिन्न भिन्न कर दिए गए आहत राष्ट्र को नेहरू ही सर्वाधिक एकजुट रख सकते थे, यह गांधी बखूबी जानते थे।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

इसीलिए महान सरदार ने अपना नामांकन वापस लेते हुए नेहरू को संबोधित कर कहा-हम सभी स्वाधीनता सेनानियों में आपका त्याग तथा बलिदान सर्वाधिक है। आप भारतीय जनता के हृदय सम्राट हैं। आपके तहत काम करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं। गांधी का निर्णय अचूक साबित हुआ। नेहरू ने एक दलित और शापित राष्ट्र को अग्रणी बना दिया।

उनके द्वारा की गई सिर्फ़ दो भूलें घातक सिद्ध हुईं। प्रथम, सरदार पटेल द्वारा हमेशा के लिए प्रतिबंधित किए गए संगठन से प्रतिबंध हटाना। और दूसरा, कुटिल चीन की मैत्री पर सहज विश्वास कर लेना। ये दोनों भूलें पंडित जी की अतिशय सदाशयता और सहज विश्वासी वृत्ति के कारण हुईं। वस्तुतः नेहरू और पटेल में कोई विभेद नहीं कर सकता है।

-फेसबुक वॉल से

# जो अधिकारी याद रह गए



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

मेरे अधीनस्थ एक एएसपी हुआ करते थे। अपने से सीनियर किसी अधिकारी के आदेश अथवा नेक सलाह को न मानना और उस पर कुछ न कुछ लिखकर उसका विरोध करना उनकी मानसिक मजबूरी थी। इस मजबूरी के कारण उनके साथ एक हादसा भी हो चुका था। वह कुछ माह पहले एसपी के पद पर प्रोन्नत हो चुके थे,परंतु अपने उच्च अधिकारियों का अनावश्यक विरोध करने के कारण शासन ने उन्हें एएसपी के पद पर पदावनत कर दिया था।

मैं तब एक जनपद का एसपी था और उन्हें मेरे अधीन नियुक्त कर दिया गया था। एक दिन उन्होंने मुझे बताया कि वह पदावनति के आदेश पर शासन के विरुद्ध रिट करने जा रहे हैं। मैंने उन्हें राय दे दी कि इससे कोई लाभ नहीं होगा,क्योंकि मेरे अनुमान के अनुसार वह वैसे भी जल्दी ही पुनः प्रोन्नत हो जाएंगे और आईपीएस की सेवा नियमावली के अनुसार उन्हें सीनियरिटी में भी कोई हानि नहीं होगी। हाईकोर्ट में जाने से हो सकता है कि मामला लटक जाए और शासन भी प्रतिकूल हो जाए। कुछ दिन बाद मुझे जवाब देने हेतु हाईकोर्ट का एक नोटिस प्राप्त हुआ,जिसके साथ उनकी रिट की प्रतिलिपि लगी हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मैंने उन पर दबाव बनाते हुए कहा कि वह कोर्ट न जाएं,नहीं तो शासन उनसे बदला लेगा। मैं आश्चर्यचकित था कि एक मित्रवत सलाह को उन्होंने अपनी रिट में इस भांति उपयोग किया था।

इस घटना के 20 वर्ष बाद वह अधिकारी फिर मेरे अधीनस्थ एडीजी के पद पर नियुक्त हुए। मैंने एक दिन उनकी किसी नोटिंग पर आपत्ति दर्ज कर दी। बात साधारण थी और मैं समझा कि बात वहीं समाप्त हो जाएगी,परंतु दूसरे दिन मेरी आपत्ति के उत्तर में मुझे उनका एक पूरे पेज का नोट मिला। इसके उत्तर में मैंने एक पंक्ति में अपनी बात दोहराकर फाइल वापस कर दी। अगले दिन मुझे उनका पूरे दो पेज का नोट प्राप्त हुआ। मैंने पहले सोचा कि उन्हें बुलाकर उनसे बात करता हूं,परंतु मैं जानता था कि उन्हें बुलाकर बात करने का कोई फायदा नहीं होगा,वरन आगे कहीं और अधिक लंबी नोटिंग को झेलना पड़ेगा। अतः मैंने उनके नोट के नीचे 'सीन फाइल' लिखकर बाबू को फाइल बंद करने को कह दिया। एक अन्य प्रकार के ऐब्नॉर्मल्स वे होते हैं,जिनमें सिग्नेचरोफोबिया के बजाय डिसीजनोफोबिया पाया जाता है। ये अधिकारी पत्रावलियों पर फ्लावरी लैंग्वेज में लंबी-लंबी नोटिंग लिखते रहते हैं,परंतु कोई आदेश पारित करने का साहस नहीं करते हैं। एक आईपीएस अधिकारी इतने भले और ईमानदार थे कि ईसाई धर्म का होने के कारण पुलिसजन पीठ पीछे उन्हें पादरी कहते थे,परंतु यदि एक फ्यूज्ड बल्ब बदलने का प्रस्ताव भी उनके सामने प्रस्तुत किया जाए,तो पत्रावली पर कोई आदेश देने के बजाय फ्यूज हुए एवं खरीदे जाने वाले बल्व के इतिहास और भूगोल की कम से कम 6-7 जानकारियां प्राप्त करने की जिज्ञासा प्रस्तुत कर देते थे। जिज्ञासाओं का उत्तर ड्राफ्ट करने वाला बाबू इतना खीझ जाता था कि उनका उत्तर देने के बजाय अपनी जेब से बल्व खरीद लेना अधिक सुविधाजनक पाता था।

एक आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी पर भक्तिभाव इतना सवार हो गया था कि कार्यालय में पीत वस्त्र और खड़ाऊं पहनकर आने लगे थे। एक मीटिंग में इस वेश में प्रकट होने पर डीजी ने नाराज होकर उन्हें मीटिंग से बाहर कर दिया। इस पर उन्होंने तमाम धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए पीत वस्त्र धारण करने का अपना मूल अधिकार होने का पत्र प्रेषित कर दिया। इस प्रकरण के कारण उनकी प्रोन्नति रोक दी गई। इस पर उन्होंने ऑफिस आने का झंझट ही त्याग दिया और स्वयं को राधा घोषित कर साड़ी-ब्लाउज पहनना और लिपिस्टिक-पाउडर लगाना प्रारंभ कर दिया। शासन द्वारा अन्य विभागीय कार्यवाही का आदेश होने से पूर्व उन्होंने सेवानिवृति ले ली। इन ऐब्नॉर्मल के पक्ष में एक बात अवश्य कहनी पड़ेगी कि इस प्रकार के अधिकारी अपने सेवा काल में पूरे पुलिस विभाग में मुफ्त के मनोरंजन का साधन बने रहते हैं और सेवानिवृति के पश्चात भी अपनी अजीब हरकतों के लिए याद किए जाते हैं। यदि शासन को प्रशासन में रुक्षता कम करना और हास्यमय वातावरण बढ़ाना है तो ऐसे ऐब्नोर्मल्स के चयन हेतु अच्छा खासा कोटा आरक्षित कर देना चाहिए।

# गांधी: एक प्रथम श्रेणी यात्री

इतिहास की कौन सी तिथि लावा बन जाए। केवल इतिहास ही इसका गवाह होता है। 7 जून 1893 दक्षिण अफ्रीका का रेलवे स्टेशन पीटर मेरिटस वर्ग। वक्त इंतजार कर रहा था एक नए इतिहास के जन्म लेने का।



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

24 साल के एक सांवले नौजवान को कुछ गोरे अधिकारी प्रथम श्रेणी कंपार्टमेंट से धक्का देकर बाहर उतार रहे थे। हालांकि उस जवान के हाथ में प्रथम श्रेणी टिकट था। डरबन और प्रिटोरिया के बीच का।

वक्त की कारीगरी देखिये। गोरों ने तो नहीं माना वह टिकट। लेकिन छोटा सा वह कागज ब्रिटिश साम्राज्यवाद की रवानगी का परवाना बन जाएगा, यह केवल वक्त ही जानता था। दादा अब्दुल्ला जब इसी नौजवान को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका भेज रहे थे। उन्हें क्या पता था कि यह युवा युगों युगों का सरमाया बनेगा।

जिसे पीढ़ियां दर पीढ़ियां अपने दिमागों के ड्राइंग रूम में एक कैनवस बनाकर रखेंगी। जिस पर कुछ भी लिख दो लेकिन कुछ बचा ही रहेगा। और फिर आया 9 जून 1915, मुंबई का अपोलो बंदरगाह। जहां उतरा यह इंसान गांधी बनकर। यही दुबला पतला आदमी जहाज की जितनी सीढ़ियां नीचे उतरता। मानो अंग्रेजों की छाती पर उतने ही कदम ऊपर चढ़ जाता। बेहद सामान्य कद काठी परन्तु असीम व्यक्तित्व। अचानक से बन गया कांग्रेस का शलाका पुरुष। फिर तो इतिहास हर दिन एक नया सफा गढ़ने लगा। और वक्त एकदम ठहर गया गोरों के सांसों की तरह। फिर क्या नहीं हुआ,

चंपारण से लेकर क्विट इंडिया तक। इंग्लैंड के सम्राट, प्रधानमंत्री से लेकर न जाने कितने वायसरायों ने इसे मारना चाहा। लेकिन वक्त ने सबको अंगूठा दिखाया, क्योंकि गांधी को तो सिवाय अपनों के भला कौन मार सकता था। हुआ भी वही। एक अवतार का दैहिक अवसान। पर वे बने रह गए वक्त की रेलगाड़ी के प्रथम श्रेणी यात्री।

# कुशीनगर नकली नोट कांड में एटीएस ने 15 को किया चिह्नित

## जांच हुई शुरू, तलाश रही नेपाल और पाकिस्तान कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** :कुशीनगर के तमकुहीराज में 24 सितंबर को नकली नोट सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया था। इसकी जांच पांच दिन पहले एटीएस ने शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय एटीएस की टीम ने अब तक 15 लोगों को चिह्नित किया है। जिनके संबंध पकड़े गये आरोपियों से सीधे थे। उनकी लंबी बातचीत का भी ब्योरा मिला है। सभी तमकुहीराज कस्बा के साथ आसपास के इलाके में रहने वाले हैं।

कुशीनगर पुलिस ने 24 सितंबर को तमकुहीराज कस्बे से 5.62 लाख रुपये के नकली नोट, अवैध असलहे, बम और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ गिरोह पकड़ा। इस गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी उर्फ बबलू हैं। पुलिस ने पहले दिन 10 लोगों को दबोचा था। ज्यादातर आरोपियों की राजनैतिक पृष्ठभूमि हैं। एटीएस की जांच में गिरोह के पकड़े गए सदस्यों के अलावा सिंडिकेट को बेनकाब करने का लक्ष्य है। दो दिन के अंदर एटीएस की टीम ने चिह्नित 15 में 10 लोगों को थाने में बुलाकर पूछताछ भी किया है।




● सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव है सरगना

### दो मदरसे से जुड़े लोगों से हुई पूछताछ

एटीएस ने गिरफ्तार आरोपियों से सीधा संपर्क रखने वाले तमकुहीराज एवं पिपरा कनक में स्थित मदरसे से जुड़े कुछ लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जाली करेंसी कांड के गिरफ्तार नौशाद खान, मोहम्मद रफी एवं हासिम अंसारी तमकुहीराज कस्बा स्थित एक मदरसे के प्रबंधकीय कमेटी के सदस्य हैं। पिपरा कनक मदरसे के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के बेटे का काफी नजदीकी रिश्ता था।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला फायर सिलेंडर

**कानपुर देहात, अमृत विचार:** रूरा थाना क्षेत्र के अंबियापुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह डाउन लाइन पर एक फायर सिलेंडर पड़ा मिला। इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने सिलेंडर को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की है।

दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर इटावा से कानपुर जा रही ईएस 6 मालगाड़ी के चालक ने अंबियापुर स्टेशन के पास डाउन लाइन पर बीच रेल पटरी पर फायर सिलेंडर पड़ा देखा। वाकी-टॉकी से इसकी सूचना स्टेशन मास्टर नौशाद अली को दी। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी अर्पित तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर रजनीश राय पुलिस बल के पास मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी ट्रेन से फायर सिलेंडर गिरने की संभावना है।

# कानपुर में युवती के साथ गैंगरेप, बदहवास मिली

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

● वारदात के बाद सभी आरोपी अपने घरों से हुए फरार

**अमृत विचार**ः साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बदहवास हालत में पड़ी मिली युवती को पहले भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। होश आने पर युवती ने जब आपबीती बताई तो पुलिस भी हैरत में पड़ गई। गैंगरेप की बात सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पूरा मामला साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। युवती के पिता ने गांव के ही रहने वाले दो युवकों के साथ तीन अन्य साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। बताते हैं कि युवती ने पुलिस को बताया कि प्रेमी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसे गांव के ही एक घर में ले गए, जहां प्रेमी, उसके दोस्त और तीन अन्य युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह बदहवास होकर गिर गई।

**मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाईः एसीपी**

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवती के आरोपी की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवती ने जो घटनाक्रम बताया है, प्रारंभिक जांच में वह स्पष्ट नहीं हो रहा है। फिलहाल पुलिस घटना की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

## सार-संक्षेप

### इस माह घोषित हो सकते हैं विधानसभा उप चुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रदेश में खाली चल रही 10 सीटों पर विधानसभा उप चुनाव की घोषणा इस माह होने की संभावना है। चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन कार्यालय में सक्रियता बढ़ गई है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग इस माह उप चुनाव की घोषणा कर सकता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची की खामियां दूर की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों को तीन अक्टूबर से पहले मतदाता सूची दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के तहत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नए मतदान बूथों को बनाने की तैयारी चल रही है।

### प्रयागराज में बनेगा डिजिटल कुंभ म्यूजियम

**लखनऊ, अमृत विचार** :प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आनन्द लोग डिजिटल माध्यमों से भी ले सकेंगे। पर्यटन विभाग डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनाएगा, जहां डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देखने को मिलेगा। साथ ही अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए बुधवार को पर्यटन मंत्री जयवीर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजनरूप प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनेगा। इसके लिए स्वीकृत 21.38 करोड़ रुपए में छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10 हजार वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ दो हजार से ढ़ाई हजार लोग भ्रमण कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल स्क्रीन समेत अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार,नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

### 5 से फिर बारिश के आसार, गिरेगा तापमान

**लखनऊ** : बंगाल की खाड़ी कम दबाव बनने के कारण एक बार फिर मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि 5 से 7 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उसके बाद ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई के बारे में पता चलेगा। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई। बुधवार की सुबह से चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ ही तपिश ने बेहाल किया। साथ ही उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। लखनऊ का अधिकतम तापमान 35.3 और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। 4 अक्टूबर को मौसम साफ रहने का अनुमान है।

### रानी लक्ष्मीबाई योजना के लाभ से कई महिलाएं वंचित

**लखनऊ, अमृत विचार** : महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित रानी लक्ष्मीबाई योजना के लाभ से 48 महिलाएं वंचित रह गईं। फारेंसिक विभा की रिपोर्ट न आने के कारण समिति की बैठक बेनतीजा रही। रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं/बालिकाओं का तत्काल आर्थिक एवं चिकित्सा सहायता दी जाती है। साथ ही समुचित इलाज, तत्काल आर्थिक क्षतिपूर्ति की सुविधा भी मिलती है।इसके अलावा विभिन्न 09 धाराओं में अपराध पीड़ित महिलाओं को कोष के तहत सुविधाएं दी जाती हैं। पीड़ित महिला या उसके परिजनों की ओर से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया जाता है। पुलिस की कार्यवाही की रिपोर्ट लगने के साथ फारेंसिक विभाग की जांच रिपोर्ट लगती है। इस बार 48 प्रकरण लखनऊ के ऐसे थे जिसमें फारेंसिक विभाग ने अपनी रिपोर्ट नहीं दी थी और बैठक बेनतीजा रही। जबकि 14 प्रकरण योजना के मानक न पूरा करने के कारण निरस्त कर दिए गए है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि फारेंसिक विभाग से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस बीच राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत 30 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इस सिलसिले में शासनादेश जारी किया गया है।

# ज्येष्ठता- मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

● आरोपों से घिरे अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार** : राज्य की सेवाओं में ज्येष्ठता और मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन जारी की गई है। इससे जिन सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है या जिनके आचरण की जांच चल रही है, उनकी मेरिट आधारित चयन में पदोन्नति रोकी नहीं जाएगी, जब तक की पूरी सुनवाई का अवसर न दिया जाए।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बदली गई गाइडलाइन को तत्काल प्रभाव से लागू करें। यह आदेश प्रदेश के करीब 18 लाख अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों-शिक्षणेत्तर कर्मियों पर अक्टूबर माह से लागू हो गए हैं। हालांकि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट से भी व्याख्या की गई है। अब सरकार से भी उसी अनुसार शासनादेश जारी करके राहत दी गई है।

मुख्य सचिव की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजे गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 27 सितंबर 2019 के माध्यम से मेरिट आधारित चयन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया में तय मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

# आयोगों के अध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे कार्यभार

**लखनऊ,अमृत विचार** : गोसेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के साथ ही एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्ष बेचन राम व जीत सिंह खरवार समेत बाकी सदस्य तीन अक्टूबर को कार्यभार ग्रहण करेंगे। शासन के अधिकारियों के अनुसार एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के कार्यभार को लेकर गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुख्य अतिथि होंगे। मालूम हो कि दोनों आयोगों में करीब ढाई साल से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के पद खाली चल रहे थे।

# 56 साल पहले लापता हुए वायुसेना के जवान का किया अंतिम संस्कार

एजेंसी, सहारनपुर

वायुसेना के जवान बुधवार को 56 साल पहले हुए विमान हादसे में लापता मलखान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर सहारनपुर स्थित उनके पैतृक गांव फतेहपुर पहुंचे। सिंह 56 साल पहले रोहतांग दर्रे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार थे और घटना के बाद से लापता थे। वायुसेना ने पहले ही उनके परिवार को इस संबंध में सूचना दे दी थी ऐसे में अंतिम संस्कार को लेकर परिवार और गांव वालों ने तैयारी कर ली थी और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। वायु सेना का जवान इतने सालों तक बर्फ में दबा रहा। उनके पार्थिव शरीर को अपराह्न करीब 2:30 बजे सिंह के गांव फतेहपुर लया गया. शाम करीब 6:30 बजे परिवार ने उनका अंतिम संस्कार किया। परिवार वालों ने सरकार से उनके लिए 'शहीद' का दर्जा और मुआवजा देने की भी मांग की।



शहीद मलखान सिंह के सगे संबंधी।

उनके छोटे भाई इसम सिंह (68) ने बताया कि मलखान सिंह 20 साल की उम्र में वायुसेना में शामिल हुए थे और इसके तीन साल बाद विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे। घटना के समय उनके परिवार में उनकी पत्नी शीला देवी और 18 माह का बेटा राम प्रसाद थे। इसम ने बताया कि मलखान की मौत के बाद शीला ने उनके दूसरे छोटे भाई चंद्रपाल से शादी कर ली थी। शीला और उनका बेटा भी फिलहाल दुनिया में नहीं है।

● शीला और उनका बेटा भी दुनिया में नहीं रहे

मलखान सिंह के परिवार में अब उनके पोते गौतम और मनीष तथा पोतियां सोनिया, सीमा और मोनिका हैं। गौतम और मनीष सहारनपुर में ऑटो चलाते हैं।

# हापुड़ के बिजली अधीक्षण अभियंता व दो उपखंड अधिकारी समेत छह निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : निविदाओं का समय से निस्तारण न करने, भ्रष्टाचार की शिकायत होने व कार्य में शिथिलता पाए जाने पर बिजली अधीक्षण अभियंता हापुड़ अविनाश कुमार व दो उपखंड अधिकारी भूपेंद्र कुमार व देवेंद्र कुमार समेत छह कर्मियों को निलंबित कर दिया गया गया। संविदा कर्मी हिमांशु कुमार की सेवा समाप्त करते हुए कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दो कर्मचारी स्थानांतरित किए गए हैं, जबकि मुख्य अभियंता बुलंदशहर क्षेत्र को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने यह कार्रवाई की।



● संविदा कर्मी की सेवा समाप्त प्राथमिकी दर्ज, दो स्थानांतरित

हापुड़ क्षेत्र में अधिशासी अभियंता वितरण खंड-द्वितीय पिलखुआ मनीष यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। वर्तमान उपखंड अधिकारी अरविंद कुशवाहा व अवर अभियंता हृदय शंकर प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अवैध लाइन के निर्माण के मामले में निलंबित कर्मियों में उप खंड अधिकारी के अलावा अवर अभियंता आनंद कुमार, लेखराज सिंह व आशुलिपिक संजीव आनंद शामिल हैं। लेखाकार राजीव कुमार को स्थानांतरित कर मुरादाबाद क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। इसी तरह, कार्यकारी अधिकारी यतेंद्र कुमार शर्मा को स्थानांतरित कर सहारनपुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है।

# सड़क को गड्ढामुक्त न करने पर मैनपुरी के दो एई निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम मिली सड़क, एई-जेई पर निलंबन की कार्रवाई

**अमृत विचार** : शासन ने राज्य की क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक नहीं कर पाने का दोषी ठहराते हुए मैनपुरी के दो सहायक अभियंताओं (एई) विनोद कुमार और शिवओम को निलंबित कर दिया है। ये दोनों एई वहां के निर्माण खंड-3 में कार्यरत हैं। इटावा-मैनपुरी राज्य मार्ग, सिरसागंज-किशनी-विधुना राज्य मार्ग, करहल-कुरावली मार्ग और किशनी-जसराना और कीरतपुर-उखांड मार्ग में कई स्थानों पर गड्ढे होने, काम की गुणवत्ता संतोषजनक न होने और समय से काम पूरा न होने के चलते शासन ने इन पर कार्रवाई की है।

वहीं बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम काम होने पर भी ठेकेदार को भुगतान किए जाने पर एई बाबर अली और अवर अभियंता (जेई) राहुल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने खंड और सर्कल में दो से तीन महीने काम करने के बाद ही अभियंताओं के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने पर नाराजगी जताई है।

## वर्ग पहेली-210

**बाएं से दाएं**

1. एक प्रकार का मीठा व्यंजन।

3. 1. सुनार का तराज़ू 2. लौहशलाका।

5. 1. जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन, जीविका 2. रोज़ी-रोटी का प्रबंध।

8. 1. किसी दूसरे को बीनने या छांटने के काम में प्रवृत्त करना, चुनवाना 2. सिलाई आदि की सहायता से धागे से कपड़ा बनाना, बुनवाना।

**ऊपर से नीचे**

2. रोष से भरा, रोषयुक्त, रोषपूर्ण।

4. 1. दूर करना, हटाना 2. बंद करना 3. छिपाना 4. आच्छादित करना, ढकना 5. विचार या इच्छा को दबाना 6. रोकना 7. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह 8. निग्रह 9. पसंद करना, चुनना 10. समाप्ति।

6. 1. मोटरयान

7. 1. चार कोनों वाला, चौखूंटा 2. जिसके या जिसमें चार कोण हो 3. चौकोर, चतुष्कोण।



### वर्ग पहेली -209 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 अ | र | 3 ना |
| | क | | रु | | गां |
| | म | | णो | | ग |
| 4 हि | त | वा | द | | |
| फ़ा | | | य | | 5 जि |
| 6 ज़ | ख़ | नी | | | ग |
| ती | | | 7 प | ने | री |

# 40 जिलों के ग्राम पंचायत की ऑनलाइन होगी कुंडली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : 40 जिलों की ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर जल्द ऑनलाइन दिखेंगे। पंचायती राज विभाग ने पहले चरण के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल बांदा, इटावा, बहराइच, मेरठ व गाजीपुर के मैनुअली रजिस्टर डिजिटल करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। साथ ही दूसरे चरण के 35 जिलों में 99 फीसद कार्य पूर्ण कर लिया है। सभी रजिस्टर 6 अक्टूबर को स्कैन करने के लिए कंपनियों को सौंपे जाएंगे और विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होंगे। इससे ग्रामीण ऑनलाइन मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, पता, उम्र, शिक्षा, कार्य समेत अन्य विवरण देख सकेंगे। इन रिकार्ड की ज्यादातर योजनाओं संबंधित कार्यों में जरूरत पड़ती है। जो एक क्लिक पर पूरी कुंडली खोल सकेंगे और प्रधान व सचिव के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।




● दूसरे चरण में बरेली, पीलीभीत शाहजहांपुर और बदायूं शामिल

दूसरे चरण में लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोरखपुर, महारागंज, देवरिया, कुशीनगर, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, झांसी, जालौन, ललितपुर, अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, शामली व सहारनपुर को शामिल किया गया है।

## सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | | |
| 3 | | 5 | | | | 8 | 9 | 2 |
| | 4 | 7 | 3 | 9 | | | | |
| 8 | | 4 | | 2 | 6 | | | 7 |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | 8 | | 6 | | 5 |
| | | | | 5 | 9 | 4 | 1 | |
| 5 | 6 | 8 | | | | 2 | | 9 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 4 अक्टूबर 02.58 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 03.32 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज विरोधियों के साथ समझौता हो सकता है। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। धार्मिक कार्यों में सहभागिता बढ़ेगी।

**वृष** – आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग प्रसन्न होंगे। मित्रों से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। अनावश्यक तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

**मिथुन** – आज अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करेंगे। आज मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। शेयर मार्केट से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कर्क** – आज सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। घर में कोई उत्सव हो सकता है।

**सिंह** – आज अचल संपत्ति की ख़रीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। मन का तनाव दूर होगा। जीवन में तरक्की के नए अवसर बनेंगे।

**कन्या** – आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धर्म कार्यों में मन लगेगा। जॉब में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद होगा। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** – आज आप पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी।

**धनु** – आज परिवार के लोगों को आप समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज राजनीतिक विषयों पर ज्यादा बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फंस सकता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ** – आज स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें। बच्चों की परेशानियों को समझें।

**मीन** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। जॉब में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जीवन युद्ध — सुबह : 08.48
- गब्बर शेर — शाम : 04.03

SONY PIX
- ओलम्पस हास् फालेन — सुबह : 09.49
- स्पाइडर मैन — शाम : 06.40

&pictures
- पुलिस पॉवर — सुबह : 10.07
- लाडला — रात : 07.07

ZEE CINEMA
- क्रिश 3 — सुबह : 11.01
- गदर 2 — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- साजन — सुबह : 11.25
- दिल है तुम्हारा — शाम : 06.50

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मैं हमेशा के लिए घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- मैं भी बंगाली बाबा के पास जा रहा हूं
पत्नी- मुझे मागने के लिए...
पति- नहीं, ये बताने के लिए की कृपा आनी शुरू हो गयी है...

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर - वो कैसे??
गप्पू- क्योंकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

## एक नजर

### चोरों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में दो चोरों ने घर में लूटपाट के बाद महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर दो बजे मैत्री विहार इलाके की है। एक फ्लैट में महिला दो साल की बेटी के साथ थी और घटना के समय फ्लैट में कोई पुरुष नहीं था। पुलिस ने संदेह जताया कि चोर डंडे के सहारे इमारत में घुसे होंगे। शिकायत के अनुसार चोरों ने पहले चाकू दिखा कर महिला के गहने और मोबाइल फोन लूटे। इसके बाद उन्होंने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और धमकी दी कि अगर वह मदद के लिए चिल्लाई तो वे उसकी बेटी को मार देंगे।

### तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार को दो बहनों समेत तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में करौंदिया ग्राम की अंशिका खेडेकर (10), उसकी बहन मीनाक्षी(12) और एक अन्य करिश्मा कछाया (14) है। वे निमाड़ में मनाया जाने वाला त्योहार संजा माता के विसर्जन को कुंडिया ग्राम के चोरल नदी परिजनों के साथ गई थी।

### दिल्ली में कार का सीएनजी टैंक फटा, एक घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ में बुधवार सुबह कार का सीएनजी टैंक फटने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि घायल की पहचान संजय के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह 6.55 बजे कार के सीएनजी टैंक में विस्फोट की सूचना मिली। हमने तुरंत तीन दमकल गाड़ियां भेजीं। यह हादसा मित्राउं गांव में कार में सीएनजी भराते समय हुआ।

# झारखंड में हिंदुओं-आदिवासियों की घट रही संख्या

## मोदी ने झामुमो पर घुसपैठियों का समर्थन कर वोट बैंक की राजनीति करने का लगाया आरोप

हजारीबाग (झारखंड), एजेंसी



हजारीबाग में आयोजित सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को कलश भेंट करती महिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माटी, बेटी, रोटी को बचाने के लिए अब ऐसी ताकतों को बाहर करने का समय आ गया है।

मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को परिवर्तन का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की। एक पखवाड़े में मोदी की झारखंड की यह दूसरी यात्रा है, जहां 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं और मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त होगा। अपने आगमन पर मोदी ने एक विशेष खुले वाहन से भीड़ का अभिवादन किया और आदिवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। महिलाओं ने उन्हें परिवर्तन यात्रा के दौरान एकत्र की मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया।

### 83,700 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की और राज्य की प्रगति के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जनजातीय विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस जनसांख्यिकी के लिए महात्मा गांधी का दृष्टिकोण हमारी परिसंपत्ति है। मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की जिसे 79,150 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देशभर में आदिवासी समुदायों के लिए व्यापक और समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री हुए भावुक

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गए। मोदी ने नीरज की मां को पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। मोदी ने पत्र में लिखा कि कल आयोजित भोज में मेरी नीरज से मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे आपके हाथों का बना चूरमा दिया। नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी।

# भरोसा तोड़ने वालों के सरदार हैं प्रधानमंत्री मोदी : खरगे

चंडीगढ़, एजेंसी

- चरखी दादरी की चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने के लिए बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं।

चरखी दादरी की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता इस चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। कहना नहीं चाहता लेकिन आज के सत्ताधारी लोग कितना सच बोलते है और कितना झूठ। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी तो भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उनके सैकड़ों झूठ आप लोग देख चुके हैं। खाते में 15 लाख देने से लेकर महंगाई कम करने और सालाना दो करोड़ नौकरी, ये सब झूठ कुछ निकला। खरगे ने कहा कि 10 सालों में मोदी की डबल इंजन सरकार ने जवान और किसान दोनों को बर्बाद किया।

### यह लड़ाई अन्याय और दुष्टों के खिलाफ : प्रियंका गांधी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोगों से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया और कहा कि यह दुष्टों, अन्याय और असत्य के खिलाफ लड़ाई है। प्रियंका ने जुलाना में पहलवान विनेश फोगाट के पक्ष में प्रचार के दौरान रैली को संबोधित किया। रोजगार, अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना और किसानों के कल्याण सहित अन्य मुद्दों को लेकर राज्य की भाजपा नीत सरकार पर हमला करते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने हर स्तर पर लोगों को धोखा दिया है।

# हाथ में तिरंगा लेकर सिद्धारमैया के जूते खोलने पर विवाद

बेंगलुरु, एजेंसी

- बेंगलुरु में गांधी जयंती के कार्यक्रम में आए थे मुख्यमंत्री

कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा हाथ में तिरंगा लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री के जूते उतारने का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सिद्धारमैया और सत्तारूढ़ पार्टी से देश और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए लोगों से माफी मांगने को कहा।

यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब मुख्यमंत्री महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वीडियो में पार्टी कार्यकर्ता जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के जूते उतार रहा था, तब मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति को कार्यकर्ता के हाथों से झंडा लेते देखा गया। यह कथित वीडियो एक्स पर साझा करते हुए विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर भारत आज विश्व में अग्रणी राष्ट्र है। राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रभक्त ये सब कांग्रेस के लिए हमेशा निरर्थक रहे हैं। कांग्रेसियों ने गांधी जयंती पर राष्ट्रीय ध्वज को गुलामी के प्रतीक के रूप में पेश किया और मुख्यमंत्री ने इस पर कोई आपत्ति भी नहीं जताई।

### अपराध शाखा ने की गोविंदा से पूछताछ

**मुंबई।** मुंबई की अपराध शाखा के अधिकारियों ने रिवॉल्वर से गोली चलने से घायल अभिनेता गोविंदा से मुलाकात की और उनसे पूछताछ की। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मुंबई अपराध शाखा ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गोविंदा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली उनके पैर में लगी थी जिसे चिकित्सकों ने निकाल दिया है। किसी ने इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक की अगुवाई में अपराध शाखा के दल ने अस्पताल का दौरा किया और अभिनेता से घटना के बारे में बातचीत की।

# रिहाई के बाद फिर से हिरासत में लिए गए वांगचुक, बेमियादी अनशन जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की सीमा से वांगचुक सहित 150 लोगों को पुलिस ने लिया था हिरासत में

पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और लद्दाख के 150 अन्य लोगों ने दोबारा हिरासत में लिए जाने के बाद बेमियादी अनशन बुधवार को भी जारी रखा। उन्होंने कहा कि शांति और लोकतंत्र को प्रदर्शित करने वाले दिवस गांधी जयंती पर उनके अधिकारों को कुचल दिया गया है।

वांगचुक दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जो एक महीने पहले लेह से शुरू हुई थी। उन्हें सोमवार रात हिरासत में लिया गया। लेह एपेक्स बॉडी के समन्वयक जिगमत पलजोर ने बुधवार सुबह जारी बयान में कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से जारी उनकी हिरासत अवैध है। पलजोर ने कहा कि हम पदयात्री खुद को एक खतरनाक स्थिति में पा रहे हैं। हमें 24 घंटे से ज्यादा समय से हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत अवैध है, 24 घंटे की अवधि बीत चुकी है और हमें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए। कुछ समूहों को 24 घंटे में रिहा कर दिया गया और फिर थाने वापस बुला लिया गया। बीती रात को पुलिस ने हमें जबरन एक अज्ञात स्थान पर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन हम विरोध में डटे रहे। पलजोर ने कहा कि बवाना थाने में हमारे फोन जब्त कर लिए गए हैं, जिससे हम बाहरी दुनिया से कट गए हैं।

# बंगाल के प्रवासी मजदूर की चेन्नई में भूख से मौत

- राज्यपाल ने की तृणमूल सरकार की आलोचना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने चेन्नई में कथित तौर पर भुखमरी के कारण राज्य के एक प्रवासी श्रमिक की मौत पर बुधवार को चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके संवैधानिक सहयोगी लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बोस ने यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार को तमिलनाडु की राजधानी में भूख से मौत होने के मद्देनजर की है। उन्होंने राज्य के प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की जिन्हें आजीविका की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बोस ने कहा कि क्या ममता बनर्जी गांधीजी के प्रिय दरिद्र नारायण की देखभाल इस तरह करती हैं? सबको सन्मति दे भगवान।

# ठाणे : मध्याह्न भोजन खाने के बाद 45 बच्चे पड़े बीमार

ठाणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

- पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

महाराष्ट्र में ठाणे शहर के पास निजी विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता से 45 बच्चों के बीमार पड़ने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

शुरुआत में आठ से 11 वर्ष की आयु के 38 बच्चों को मंगलवार को दोपहर के भोजन के बाद चक्कर आने, सिरदर्द और पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद कलवा शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात सात और बच्चों को भर्ती कराया गया, जिससे बच्चों की संख्या 45 हो गयी है। एक बच्चे के परिजन की शिकायत पर कलवा पुलिस ने स्कूल प्रबंधन तथा खाद्य आपूर्तिकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध मलगांवकर ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है।

# सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 भूखंडों का आवंटन रद

**भूखंड आवंटन मामला**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन रद कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बीएम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है, जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नई जान फूंकी गई है। मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मां की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी। मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना समय बर्बाद किए श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों को रद कर दिया।

# महालया पर रात भर विरोध-प्रदर्शन

**डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला**

कोलकाता, एजेंसी

- प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित और डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की
- कूचबिहार में प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला

कोलकाता के आरजीकर अस्पताल की चिकित्सक से हुई दरिंदगी के विरोध में पश्चिम बंगाल में महालया के अवसर पर रात भर प्रदर्शन हुए। महालया को दुर्गा पूजा के साथ ही त्योहारों की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित किए और चिकित्सक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, वहीं कूचबिहार में विरोध प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला गया।

हिंदू पूर्वजों की याद में महालया पर तर्पण करते हैं। कोलकाता में रूबी क्रॉसिंग, ललित कला अकादमी के बाहर, जादवपुर 8-बी स्टैंड, श्यामबाजार, ठाकुरपुकुर, वीआईपी रोड और दमदम पार्क में विरोध प्रदर्शनों में महिलाओं ने हिस्सा लिया। दक्षिण- 24 परगना के कूचबिहार, मालदा, कैनिंग और डायमंड हार्बर, उत्तर 24 परगना के सोदपुर और बारासात तथा हुगली के उत्तरपाड़ा एवं अन्य जिलों में भी ऐसी सभाएं हुईं। अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स के पास रेणुछाया मंच पर प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाली लेखिका-कार्यकर्ता शताब्दी दास ने कहा कि न्याय की मांग करते हुए हमारा विरोध देवी पक्ष के दौरान त्योहार के सभी चार दिनों में जारी रहेगा।

# प्रशांत किशोर ने बनाया अपना राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी

पटना, एजेंसी



- विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती बने कार्यकारी अध्यक्ष

चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को जन सुराज पार्टी के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की। किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे। मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे।

पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई हस्तियां मौजूद थीं। किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किमी पदयात्रा शुरू करने के ठीक दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### सात शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में बेहतर मांग से जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग सालाना आधार पर 14% बढ़ी है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी जेएलएल के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग 1.21 करोड़ वर्ग फुट रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में यह 1.07 करोड़ वर्ग फुट थी। शुद्ध मांग की गणना नए अधिग्रहीत स्थल को खाली किए स्थल से घटाकर की जाती है। जुलाई-सितंबर के दौरान बेंगलुरु में कार्यालय स्थल की शुद्ध मांग बढ़कर 41.4 लाख वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 23.8 लाख वर्ग फुट थी।

### एनफील्ड की बिक्री 11% बढ़कर 86,978 इकाई पर

**नई दिल्ली।** बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर में 86,978 गाड़ियां बेचीं, जो सालाना आधार पर 11% वृद्धि है। पिछले साल सितंबर में कंपनी ने 78,580 गाड़ियां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में घरेलू बाजार में वाहन बिक्री 7% बढ़कर 79,326 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 74,261 इकाई थी। कंपनी के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा कि हमने अपने हालिया पेशकश से सितंबर में वृद्धि दर्ज की है।

### कोल इंडिया पुरानी वॉशरी पट्टे पर देकर जुटाएंगी पैसा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपनी चार पुरानी वॉशरी को पट्टे पर देकर पैसे जुटाने के विकल्प तलाश रही है। इसके अलावा कोयला आपूर्ति के दीर्घकालिक समझौतों के साथ पट्टा अनुबंधों को जोड़ने की योजना भी है। सीआईएल के इस कदम का उद्देश्य अपनी संपत्तियों का अधिकतम लाभ उठाकर मौद्रिक क्षमता विकसित करना है। कोल इंडिया ने कहा कि हम अपनी चार पुरानी वॉशरी के मौद्रीकरण की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 110.57 लाख करोड़

## बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी बढ़कर 5.67 लाख करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



- सेंसेक्स ने 2024 में 12,026.03 अंक यानी 16.64 प्रतिशत की लगाई छलांग

घरेलू शेयर बाजार में इस साल मानक सूचकांकों के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति में 110.57 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। बीएसई की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,10,57,617.4 करोड़ की वृद्धि हुई है। इनकी कुल पूंजी बढ़कर 4,74,86,463.65 करोड़ रुपये (5.67 लाख करोड़ डॉलर) हो गई है।

बीएसई की कंपनियों का मूल्यांकन 27 सितंबर को 477.93 लाख करोड़ के उच्चस्तर पर पहुंचा था। उसी दिन सेंसेक्स ने 85,978.25 अंक के उच्चस्तर को छुआ था। सेंसेक्स ने 2024 में अब तक 12,026.03 अंक यानी 16.64% की छलांग लगाई है। सेंसेक्स साल की शुरुआत में 72,271.94 अंक पर था।विश्लेषकों ने तेज उछाल का श्रेय घरेलू स्तर पर तरलता की स्थिति के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दिया है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस साल घरेलू स्तर पर मजबूत तरलता म्यूचुअल फंड उद्योग में रिकॉर्ड निवेश से प्रेरित है।

### निवेशकों को मिलेगी राशि रोकने को यूपीआई सुविधा

**नई दिल्ली।** पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से ग्राहकों को शेयर की खरीद-बिक्री पर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित ब्लॉक व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे। पात्र शेयर ब्रोकर (क्यूएसबी) को कारोबार के मौजूदा तरीके के अलावा, इन दो विकल्पों में से एक की पेशकश करनी होगी। एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं के तहत बचत खाते, डीमैट खाते और कारोबारी खाते को जोड़ा जाता है।

# ऑप्शन ट्रेडिंग : कम जोखिम, अधिक मुनाफा का मौका

ऑप्शन ट्रेडिंग एक वित्तीय अनुबंध है जो निवेशक को किसी संपत्ति (जैसे शेयर या कमोडिटी) को एक निश्चित समयावधि में निर्धारित कीमत पर खरीदने या बेचने का अधिकार देता है, लेकिन वह इसके लिए बाध्य नहीं होता। इसमें दो मुख्य प्रकार होते हैं : कॉल ऑप्शन (खरीदने का अधिकार) और पुट ऑप्शन (बेचने का अधिकार)। यह निवेशकों को कम जोखिम में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर देता है, लेकिन इसके साथ जटिलता और समय सीमा जैसे जोखिम भी जुड़े होते हैं। सही रणनीति अपनाने से ऑप्शन ट्रेडिंग में जोखिम को मैनेज करते हुए मुनाफा कमाया जा सकता है। ऑप्शन ट्रेडिंग को उन्नत निवेश तकनीक माना जाता है, इसलिए इसमें प्रवेश करने से पहले इसे अच्छी तरह से समझना आवश्यक है। आइये इस पर विचार किया जाए ...

### कॉल ऑप्शन

यह खरीदने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला व्यक्ति भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को खरीद सकता है। यदि कीमत ऊपर जाती है, तो खरीदार लाभ कमा सकता है।

### पुट ऑप्शन

यह बेचने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को बेच सकता है। यदि कीमत गिरती है, तो इसे खरीदने वाला व्यक्ति लाभ कमा सकता है।




### महत्वपूर्ण बिंदु

- **प्रीमियम** : ऑप्शन खरीदने के लिए भुगतान की गई कीमत।
- **एक्सपायरी डेट** : वह तारीख जब ऑप्शन का अधिकार समाप्त हो जाता है।
- **स्ट्राइक प्राइस** : वह तय मूल्य जिस पर ऑप्शन होल्डर खरीद या बेच सकता है।
- **कम निवेश, उच्च नियंत्रण** : ऑप्शन खरीदने के लिए कम पूंजी की जरूरत होती है, लेकिन यह आपको बड़ी संपत्ति पर नियंत्रण देता है, जिससे मुनाफे की संभावना बढ़ती है।
- **हेजिंग** : ऑप्शन का उपयोग पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है, विशेषकर अनिश्चित बाजार स्थितियों में।

### जोखिम

- **लिवरेज** : कम निवेश में बड़ी मात्रा में संपत्ति पर नियंत्रण पाना संभव होता है।
- **लचीलापन** : आप बाजार के किसी भी दिशा में संभावित लाभ कमा सकते हैं, चाहे वह ऊपर जाए या नीचे।
- **रिस्क हेजिंग** : ऑप्शन का उपयोग आपके पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है।
- **समय सीमा** : ऑप्शन की समय सीमा होती है, और अगर समय सीमा समाप्त हो जाए और आपके ट्रेड का मूल्य उस दिशा में न जाए, तो पूरा प्रीमियम खोने का जोखिम रहता है।
- **जटिलता** : ऑप्शन ट्रेडिंग की रणनीतियां समझने में कठिन हो सकती हैं और इसके लिए गहरी जानकारी की जरूरत होती है।
- **उच्च अस्थिरता** : ऑप्शन कीमतें बाजार में तेज उतार-चढ़ाव के कारण जल्दी बदल सकती हैं, जिससे अधिक जोखिम हो सकता है।
- **समय क्षय** : ऑप्शन का मूल्य समय के साथ घटता है, खासकर जब वे अपने एक्सपायरी डेट के करीब आते हैं।

# ब्याज दरें तय करते समय खाद्य कीमतों को बाहर रखने के पक्ष में नहीं राजन

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर बोले- मुद्रास्फीति ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों

नीतिगत दर निर्धारण के समय खाद्य कीमतों को गणना से बाहर रखे जाने के सुझावों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने खाद्य कीमतों को मुख्य मुद्रास्फीति में जगह न दिए जाने से असहमति जताई। उन्होंने कहा है कि इससे केंद्रीय बैंक के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा।

राजन ने कहा कि मुद्रास्फीति एक ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों। यह मुद्रास्फीति के बारे में उपभोक्ताओं की धारणा और अंततः मुद्रास्फीति की उम्मीदों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि जब मैं गवर्नर बना था, उस समय भी हम पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) को लक्षित कर रहे थे। लेकिन इसका एक औसत उपभोक्ता के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से कोई लेना-देना नहीं होता है। राजन ने कहा कि ऐसे में जब आरबीआई कहता है कि मुद्रास्फीति कम है तो पीपीआई पर नजर डालें। अगर उपभोक्ता अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो वे वास्तव में यह नहीं मानते कि मुद्रास्फीति कम है।

# प एशिया में तनाव से प्रभावित होगा कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार

- भारतीय व्यापार को कई देशों का संघर्ष पहुंचा रहा है नुकसान

**नई दिल्ली।** निर्यातकों का कहना है कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पहले से ही ऊंची लॉजिस्टिक्स लागत और बढ़ने के साथ ही कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार को नुकसान होगा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि संघर्ष पहले से ही इजरायल, जॉर्डन और लेबनान जैसे देशों के साथ भारत के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है। निर्यातकों का संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने कहा कि ईरान-इजरायल संघर्ष विश्व व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि ईरान तेल बाजार में प्रमुख कारोबारी है। संघर्ष में वृद्धि तेल आपूर्ति को बाधित कर सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर वैश्विक स्तर पर पड़ेगा हैं। तेल की कीमतें पहले ही चार डॉलर प्रति बैरल बढ़ी हैं।

# मेड इन इंडिया लेबल पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी




- उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की कर रही है जांच

सरकार वैश्विक बाजारों में ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेड इन इंडिया लेबल के लिए योजना तैयार करने पर चर्चा कर रही है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि योजना के विवरण की जांच उच्चस्तरीय समिति कर रही है। इसका उद्देश्य भारत के लिए मजबूत ब्रांड पहचान बनाना है, जिस तरह मेड इन जापान या मेड इन स्विट्जरलैंड विशिष्ट गुणों के बारे में बताते हैं।

अधिकारी ने बताया कि सरकार के पास वर्तमान में भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) है, जो विदेशी बाजारों में मेड इन इंडिया लेबल के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता को बढ़ाने और बनाने तथा भारतीय उत्पादों और सेवाओं के प्रसार को सुगम बनाने के लिए है। यह वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित ट्रस्ट है।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सुझाव दिया है कि भारत की ब्रांडिंग रणनीति को तीन स्तंभों पर ध्यान देना चाहिए- उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को ब्रांड करना; सर्वोत्तम उत्पादों से कम कीमत पर उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, केवल ब्रांडिंग पर ध्यान न देना और गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई करना। भारत अपनी ब्रांडिंग की बेहतरी को कई कदम उठा सकता है। उत्पाद की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देनी चाहिए। उदाहरण के लिए, भारतीय दवा उद्योग ने उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं से वैश्विक भरोसा जीता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रतिष्ठा को बचाने के लिए भारत को घटिया उत्पादों के आपूर्तिकर्ताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए। जब तक भारत शीर्ष-स्तरीय उत्पादन मानकों को प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक ब्रांडिंग को पीछे रखना चाहिए।



## बुमराह नंबर वन, यशस्वी और कोहली की छलांग

दुबई, एजेंसी

कानपुर टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और विराट कोहली छठें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गेंदबाजी में बुमराह 870 अंकों के साथ पहले पायदान पर है। वहीं आर अश्विन 869 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गये है। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बने हैं। इससे पहले फरवरी में भी वह नंबर वन गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजो की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते हुए छठे स्थान पर पहुंच गये। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।



### साउदी ने छोड़ी कप्तानी, लेथम की अगुवाई में भारत से भिड़ेगी न्यूजीलैंड की टीम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 2-0 से हार के बाद टिम साउदी ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है और भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होने वाली श्रृंखला के लिए टॉम लेथम को टीम का कप्तान बनाया है। साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए कुल 14 टेस्ट मैचों में कप्तान की है, जिसमें न्यूज़ीलैंड को छह में जीत और छह में हार का सामना करना पड़ा। 2022 में केन विलियमसन के कप्तानी छोड़ने के बाद साउदी को कप्तान बनाया गया था। हाल ही में श्रीलंका के गाले में न्यूजीलैंड को पारी की हार का सामना करना पड़ा था। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट में लगातार चौथी हार थी। साउदी ने इस वर्ष पिछले आठ टेस्ट में मात्र 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मौका नहीं मिल पाए। लेथम ने इससे पहले 2020 से लेकर 2022 तक न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं। उनकी अगुवाई में न्यूजीलैंड ने नौ टेस्ट मैच खेले हैं।

## बाबर ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

लाहौर, एजेंसी

काम का दबाव कम करने और बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए बाबर आजम ने एक वर्ष में दूसरी बार पाकिस्तान के सीमित ओवरों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है।

बाबर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी लंबी पोस्ट में बाबर ने लिखा कि मैं आप लोगों के साथ एक खबर साझा करने जा रहा हूं। मैंने पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। मैंने पिछले महीने ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस संबंध में सूचित कर दिया था। उन्होंने लिखा टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। कप्तानी एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूँ, बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूँ और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूँ, जिससे मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने कहा पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊँगा।

### अलग-अलग कप्तानों की नियुक्ति कर सकता है पीसीबी

**कराची।** व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर और सीमित ओवरों के कप्तान पर बढते दबाव के मद्देनजर पाकिस्तान में तीनों प्रारूपों के लिए अलग-अलग क्रिकेट कप्तानों की नियुक्ति की जा सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बाबर आजम को वनडे टीम की कप्तानी देने वाला था लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिये बुधवार की रात कप्तानी से इस्तीफा दे दिय। भीतरी सूत्रों का मानना है कि सीमित ओवरों के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन या चयन समिति के लिए अगला कप्तान चुनना आसान नहीं होगा। सूत्र ने कहा मुहम्मद रिजवान सीमित ओवरों के कप्तान हो सकते हैं। सूत्र ने कहा कि ऐसी संभावना है कि पीसीबी वनडे और टी-20 के लिए अलग कप्तान और टेस्ट के लिए अलग कप्तान चुने।

## खेल डायरी

### दिवांशी, मुकेश ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते स्वर्ण

**लीमा।** भारतीय निशानेबाजों दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। पेरू की राजधानी लीमा में मंगलवार को दिवांशी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।अपने पहले 11 शॉट्स में से सात में चूकने के बावजूद 18 वर्षीय दिवांशी ने संभावित 50 में से 35 का स्कोर दर्ज करने के लिए वापसी की और इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। भारतीय निशानेबाज जबरदस्त प्रदर्शन का सामना करने से पहले दोनों निशानेबाज पांच शॉट की अंतिम सीरीज में 31 के स्कोर पर बराबरी पर थे। फ्रांस की हेलोइस फोरे ने 30 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं मुकेश नेलवल्ली ने हमवतन सूरज शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### तुर्किये को हराकर भारतीय मिश्रित टीम क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत ने ग्रुप ई के आखिरी मैच में तुर्किये को 110-99 से हराकर चीन में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने पहली बार रिले स्कोरिंग प्रणाली का इस्तेमाल विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में किया जिसमें विजेता टीम को मुकाबला जीतने के लिए दस मैचों में 110 अंक तक पहुंचना होता है। पिछले मैचों में पेरू, अजरबैजान और मॉरीशस को हरा चुके भारत के लिए तुषार सुवीर ने शुरुआत की लेकिन मेहमत कान तोरेमिस से 7-11 से हार गए। एन श्रीनिधि और यू रेशिका ने 22-18 से जीत दर्ज की। इसके बाद लड़कियों के एकल और युगल मुकाबलों में भारत ने बाजी मारी। अब भारत का सामना इंडोनेशिया से होगा।

### भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**चेन्नई।** निखिल कुमार के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत अंडर 19 टीम ने पहले अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया। सातवें नंबर पर उतरे कुमार ने 71 गेंद में नाबाद 55 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आखिरी घंटे में जीत दर्ज की। इससे पहले लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने 79 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 214 रन ही बना सका। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के लिए नित्य पंड्या (86 गेंद में 51) और केपी कार्तिकेय (52 गेंद में 36) ने इसके बाद 71 रन की साझेदारी की। प्लेयर आफ द मैच कुमार को समर्थ नगराज ने आठवें विकेट के लिये मैच जिताने वाली 47 रन की साझेदारी की।

# अल्काराज ने जीता चीन ओपन

## आर्यना सबालेंका ने मैडिसन कीज को हराया, क्वार्टरफाइनल में कैरोलिना से होगा मुकाबला



बीजिंग, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार सात अंक जुटाकर निर्णायक टाइब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर को 6-7, 6-4, 7-6 से हराकर चीन ओपन खिताब जीत लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने गत चैंपियन सिनेर के खिलाफ इस साल तीनों मुकाबले जीते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस इतालवी प्रतिद्वंद्वी के 14 मैचों के विजय अभियान पर भी रोक लगा दी।

सिनेर के लिए फोकस कर पाना थोड़ा मुश्किल था क्योंकि शनिवार को ही विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि वह डोपिंग के मामले में उन्हें क्लीन चिट दिये जाने के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। वाडा ने उन पर एक या दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सिनेर को मार्च में दो बार प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था लेकिन एक स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने उन्हें अगस्त में क्लीन चिट दे दी थी।



बीजिंग के नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन के महिला एकल में अमेरिका की मैडिसन कीज के खिलाफ जीत के बाद प्रशंसकों के साथ सेल्फी लेती बेलारूस की आर्यना सबालेंका। ● एजेंसी

महिलाओं की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां मैडिसन कीज को सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 15 लगातार जीत की बराबरी की।

तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने अगस्त में सिनसिनाटी ओपन टूर्नामेंट जीतकर इस सिलसिले की शुरुआत की थी और उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन का खिताब हासिल कर इस विजय अभियान को जारी रखा। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी जीता था। इससे पहले सबालेंका ने 2020-21 के सत्र में लगातार 15 मैच जीते थे। 26 वर्षीय सबालेंका अब क्वार्टरफाइनल में चेक गणरज्य की कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-2, 6-0 से हराया।

## सुमित शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर

**शंघाई।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

- **मोनफिल्स ने दामिर को हराकर दूसरे दौर में किया प्रवेश**

दूसरी ओर शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी गेल मोनफिल्स ने दामिर दजुमहुर को 6-4, 6-3 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। 38 वर्षीय मोनफिल्स अगले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज का सामना करेंगे। इसके अलावा आर्थर रिंडरकनेच ने अमेरिका के रीली ओपेल्का को 6-4, 7-6 (5) से तो नीदरलैंड्स के बोटिक वॉन डे जैंड्सचुल्प ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 7-6 (5), 6-2 से हराया। एलेक्जेंडर मुलर ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लुका नार्डी को 4-6, 6-1, 6-1 से शिकस्त दी।

## पाकिस्तान से 6 को भिड़ेगी टीम इंडिया

- **महिला टी-20 विश्वकप में का कार्यक्रम हुआ जारी, दो ग्रुपों में भाग लेंगे 10 टीमें**

दुबई, एजेंसी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के नौवें संस्करण में होने वाले भारतीय टीम के मुकाबलों का कार्यक्रम जारी किया है। भारत का अभियान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से शुरू होगा। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा।

वहीं भारत बनाम पाकिस्तान मैच रविवार छह अक्टूबर को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष 10 टीमें दो समूहों में तीन से 20 अक्टूबर तक खिताब के हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने के बाद, प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत, ऑस्ट्रेलिया, प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। ग्रुप बी में द. अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड है।

**महिला टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम के मैच**

| तिथि | मैच | समय | चरण | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 4 अक्टूबर | भारत बनाम न्यूजीलैंड | शाम 7:30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 6 | भारत बनाम पाकिस्तान | दोपहर 3:30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 9 | भारत बनाम श्रीलंका | शाम 7:30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 13 | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | शाम 7:30 | ग्रुप ए | शारजाह |
| 17 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7:30 | सेमीफाइनल 1 | दुबई |
| 18 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7:30 | सेमीफाइनल 2 | शारजाह |
| 20 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7:30 | फाइनल | दुबई |

### एसए20 नीलामी में सबसे महंगे बिके रीजा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स एसए 20 लीग के 2025 सत्र से पहले हुई नीलामी में सबसे महंगे बिके जिन्हें एमआई केपटाउन ने 43 लाख रैंड (करीब दो करोड़ सात लाख रूपये) में खरीदा। हेंडरिक्स को नीलामी से पहले जोबर्ग सुपर किंग्स ने फारिग कर दिया था लेकिन उन्होंने यूएई में आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो अर्धशतक जमाए। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुपर किंग्स ने श्रीलंका के गेंदबाज मथीषा पथिराना को अपना वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी चुना है। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एसए 20 में पहली बार खेलेंगे।

## सरफराज के नाबाद दोहरे शतक से मुंबई मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरानी ट्राफी मैच के दूसरे दिन मुंबई के धाकड़ बल्लेबाज सरफराज का बल्ला झूम कर चला। 276 गेंदों पर 25 चौके और चार छक्कों की सहायता से 221 रन की नाबाद पारी खेलकर सरफराज ने बता दिया कि टीम इंडिया में उनका चयन अनायास नहीं है। शेष भारत के खिलाफ मुंबई ने खेल खत्म होने तक नौ विकेट खोकर 536 रन बना लिए थे। आजमगढ़ के मूल निवासी सरफराज ने आज की एक अंतहीन पारी में अपनी पूरी लय में दिखायी दिये। उन्होने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का अपना 14वां शतक शान के साथ पूरा किया।



जश्न मनाते सरफराज खान। ● अमृत विचार

**ईरानी ट्रॉफी**

- **मैच के दूसरे दिन मुंबई ने 9 विकेट पर 536 रन बनाए**
- **मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे शतक से चूके मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए**

लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को मैच के पहले दिन मुंबई ने कल अर्थात मंगलवार को चार विकेट खोकर 237 रन बनाए थे। मैच के दूसरे दिन 270 रन के योग पर मुंबई का पांचवां विकेट गिरा। कप्तान अजिंक्य रहाणे उस समय आउट हो गए जब वह अपने शतक से मात्र 3 रन दूर थे। यश दयाल की गेंद पर वह विकेटकीपर ध्रुव चंद्र जुरैल को आसान कैच दे बैठे। रहाणे ने 234 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्के की बदौलत 97 रनों की पारी खेली। तनुश कोटियान ने 124 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निचले क्रम पर शार्दुल ठाकुर ने 59 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार ने 109 रन देकर चार विकेट लिए। जबकि यश दयाल और प्रसिद्ध कृष्णा दो-दो विकेट मिले।

## बॉलीवुड हलचल



### थालापति 69 में विजय के साथ काम करेंगी पूजा

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े, फिल्म थलापति 69 में दक्षिण भारतीय स्टार थलापति विजय के साथ काम करती नजर आएंगी। केवीएन प्रोडक्शंस ने इस बात की जानकारी दी है कि पूजा हेगड़े, अखिल भारतीय मैग्नम ओपस थलापति 69 में मुख्य अभिनेत्री होंगी। यह बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म थलापति विजय की अंतिम फिल्म हो सकती है। थलापति विजय और पूजा हेगड़े फिल्म बीस्ट में अपने पिछले सहयोग के बाद दूसरी बार फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म का गाना अरेबिक कुथु एक चार्टबस्टर बन गया और पूरे देश में बेहद लोकप्रिय हुआ। इस जोड़ी के साथ वापस आने से थलापति 69 को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। केवीएन प्रोडक्शंस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हुए कहा, शानदार जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापस ला रहे हैं। हम जानते हैं कि आप पहले ही इसे समझ चुके हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर पूजा हेगड़ेका स्वागत है।

### वेब सीरीज गांधी का संगीत तैयार करेंगे ए.आर. रहमान

**मुंबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता, दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज गांधी का संगीत तैयार करेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर, भारत के अग्रणी कंटेंट स्टूडियो में से एक अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि ग्रैमी पुरस्कार विजेता, संगीत के दिग्गज ए.आर. रहमान उनकी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज, गांधी के लिए संगीत तैयार करने के लिए ऑनबोर्ड पर आए हैं। वेबसीरीज गांधी का निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। अप्लॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर ने कहा गांधी सिर्फ एक सीरीज नहीं है, यह मानवीय भावना के विजय पर एक वैश्विक कथा है। ए.आर. रहमान का संगीत इस प्रतिष्ठित कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के साथ गुंजायमान करने के लिए एक भावपूर्ण आयाम प्रदान करेगी। रहमान के स्कोर के साथ, मेरा मानना है कि हम वास्तव में कुछ खास बना रहे हैं, एक ऐसी श्रृंखला जो मनोरंजन भी करती है और प्रेरित भी करती है। ए.आर. रहमान ने कहा, गांधीजी के युवा जीवन को देखना एक रेवलेशन है, सत्य, जीवन और कई अन्य चीजों के साथ उनका एक्सपेरिमेंट उनके किरदार के विकास को दर्शाता है। मैं अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सहयोग से और हंसल मेहता के स्पष्ट निर्देशन में इस कहानी के लिए संगीत देने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हंसल मेहता ने कहा, गांधी एक ऐसी कहानी है,जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। ए.आर. रहमान का इस यात्रा में हमारे साथ शामिल होना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। उनके संगीत में कहानी कहने की कला को ऊंचा उठाने की अनूठी क्षमता है। गांधी के जीवन की भावनात्मक और आध्यात्मिक बारीकियों को सामने लाने के लिए उनसे बेहतर और कोई नहीं है।

### मिथ्या सीजन 2 में नजर आएंगे नवीन कस्तूरिया

**मुंबई।** अभिनेता नवीन कस्तूरिया मिथ्या के दूसरे सीजन में काम करते नजर आएंगे। नवीन कस्तूरिया ने टीवीएफ पिचर्स और एस्पिरेंट्स में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता है। मिथ्या की टीम में शामिल होने को लेकर उत्साहित नवीन ने कहा, मैं मिथ्या सीजन 2 का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जहां मैं एक महत्वाकांक्षी लेखक की भूमिका निभाऊंगा। यह एक ऐसी भूमिका है जो कई मायनों में मेरी अपनी यात्रा से मेल खाती है। जब मैं पहली बार जब मुंबई आया, तो मैंने सोचा कि लेखन से ही फिल्म उद्योग में मेरा प्रवेश होगा। मेरा मानना है कि पढ़ने और कहानी कहने का जुनून मुझे अपने प्रदर्शन को समृद्ध करने में मदद करता है, जिससे मैं चरित्र के साथ गहराई से जुड़ पाता हूं। गौरतलब है कि मिथ्या का पहला सीजन वर्ष 2022 में आया था। इसमें हुमा कुरेशी, अवंतिका दासानी, रजित कपूर और परमब्रत चटर्जी सहित अन्य कलकारों ने अभिनय किया था। रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित यह रहस्य नाटक एक हिंदी प्रोफेसर जूही अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छात्रा यानी रिया पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगाती है, लेकिन रहस्य और झूठ के जाल में फंस जाती है। जूही यानी हुमा एक प्रतिष्ठित लेखिका की बेटी रहती हैं और यह साबित करने की कोशिश करती है कि रिया की उपलब्धियों का उनकी प्रतिभा से कोई लेना-देना नहीं है।

## चैंपियंस लीग : डॉर्टमुंड की 7-1 से बड़ी जीत



<< नीदरलैंड के आइंडहोवन फिलिप्स स्टेडियम में पीएसवी आइंडहोवन और स्पोर्टिंग सीपी के बीच चैंपियंस लीग के शुरुआती चरण के फुटबॉल मैच के दौरान बाएं हाथ के हिडेमासा मोरीटा ने पीएसवी गुस टिल्ड के साथ गेंद के लिए की प्रतिस्पर्धा।

लंदन, एजेंसी

करीम अडेमी के पहले हाफ में की गई हैट्रिक के दम पर बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को घरेलू मैदान पर 7-1 के बड़े अंतर से हराया, जबकि बार्सिलोना और मैनचेस्टर सिटी ने भी यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

डॉर्टमुंड की जीत इस प्रतियोगिता में जर्मनी की किसी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले में बायर्न म्यूनिख ने दिनामो जाग्रेब को 9-2 से शिकस्त दी थी। बार्सिलोना के लिये रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल दागे जिससे टीम ने यंग बॉयज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। मैनचेस्टर सिटी ने स्लोवन ब्रातिस्लावा को 4-0 से पराजित किया। मैनचेस्टर सिटी को अपने शुरुआती मैच में इंटर मिलान से 0-0 से ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था तो बार्सिलोना को मोनाको से 2-1 से हार मिली थी। अन्य मुकाबलों में आर्सेनल ने पेरिस सेंट जर्मेन को 2-0 से पराजित किया। इंटर मिलान ने रेड स्टार बेलग्रेड को 4-0 से और टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले ब्रेस्ट ने भी साल्जबर्ग को इतने ही स्कोर से हराया। इसके अलावा बेयर लीवरकुसेन ने जर्मनी में एसी मिलान को 1-0 से हराया जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने पीएसवी आइंडहोवन को और प्राग ने स्टटगार्ट को 1-1 की बराबरी पर रोका।

- **बार्सिलोना, मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल भी जीते**


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार गिरफ्तार

**ढाका।** ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने बंगलादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व प्रमुख सचिव एवं सलाहकार कमल नासेर चौधरी और कई अन्य पूर्व सरकारी पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से बुधवार को प्राप्त हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने चौधरी, युवा एवं खेल के पूर्व सचिव मेस्बाह उद्दीन, एक्जिम बैंक और बंगलादेश एसोसिएशन ऑफ बैंक (बीएबी) के पूर्व अध्यक्ष नजरुल इस्लाम मजूमदार और बशुंधरा समूह समन्वयक अदनान को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि डीएमपी के उपायुक्त (मीडिया) तालेबुर रहमान ने बुधवार सुबह ढाका में इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ विशिष्ट मामले दर्ज हैं।

### टोंगा के नेयाफू में 156 किमी दूर 6.6 तीव्रता वाला भूकंप

**हांगकांग।** टोंगा के नेयाफू में मंगलवार को 156 किलोमीटर की दूरी पर अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 20:05:33 बजे 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने दी। भूकंप का केंद्र 19.41 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 172.73 डिग्री पश्चिमी देशांतर में 10.0 किलोमीटर की गहराई पर था। अब तक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### जिबूती में दो प्रवासी नौकाओं के डूबने से 45 की मौत

**अदीस अबाबा।** पूर्वी अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास में दो नौकाओं के डूबने से कम से कम 45 प्रवासियों की मौत हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईओएम ने एक्स पर कहा, नावें 310 लोगों को लेकर यमन से रवाना हुईं। अब तक 32 लोगों को बचाया जा चुका है। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने बताया कि वह खोज एवं बचाव प्रयासों में सरकारी आपातकालीन सेवाओं का समर्थन कर रही है।

### ओली ने नागरिकों से सहायता का किया आह्वान

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सभी नागरिकों से बाढ़, भूस्खलन एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता करने और देश की पीड़ा को अपनी पीड़ा के रूप में देखने का आग्रह किया है। समाचार पत्र द हिमालयन की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने बचाव कार्यों की कमियों को दूर करने का वादा किया। उन्होंने राज्य और सामाजिक संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिंघा दरबार में प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के कार्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में ओली ने देश भर में चल रहे खोज, बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए सामूहिक समर्थन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ सरकार का दर्द नहीं है, बल्कि देश का दर्द है। हम सभी इस आपदा से काफी प्रभावित हैं।

# मंदिर से चोरी आठ करोड़ की मूर्ति अमेरिका में बरामद

- भगवान सोमस्कंदर की प्राचीन मूर्ति को फ्रांसिस्को के आर्ट म्यूजियम से ढूंढ निकाला

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु पुलिस की आइडल विंग सीआईडी ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कांचीपुरम के लॉर्ड एकांबरेस्वरर मंदिर से चोरी हुई लगभग आठ करोड़ रुपये की कीमत की भगवान सोमस्कंदार की प्राचीन कांस्य मूर्ति को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एशियन आर्ट म्यूजियम में ढूंढ निकाला है। यह प्रतिमा तमिलनाडु की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस खबर से राज्य के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मूर्ति के अमेरिका में पाए जाने के बाद विभिन्न धाराओं और पुरावशेष और कला खजाना अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मूर्ति की तमिलनाडु में शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने और मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### संग्रह की वेबसाइटों की खोज करने का सौंपा

आइडल विंग (आईडब्ल्यू) सीआईडी की ओर से बुधवार को कहा गया कि तमिलनाडु के मंदिरों से विदेशों में मूर्तियों की अवैध तस्करी की जांच करने के लिए विशेष टीमें गठित और तैनात की गईं है। इन टीमों को चोरी हुई मूर्तियों की पहचान करने के लिए विदेशी संग्रहालयों, निजी कला दीर्घाओं और कलाकृतियों के संग्रह की वेबसाइटों की खोज करने का काम सौंपा गया है।

# नेपाल ने वर्षा का अलर्ट बाढ़ एवं भूस्खलन से अब तक 240 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने बुधवार को भारी बारिश का नया अलर्ट जारी किया। कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बड़े पैमाने पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे हिमालयी देश में 240 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने अधिकारियों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है, क्योंकि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार और बृहस्पतिवार को कोशी और बागमती प्रांतों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भारी वर्षा होने की संभावना है। यह चेतावनी जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दोनों प्रांतों के कुछ हिस्सों में और अधिक भारी बारिश के संभावित खतरों का उल्लेख करने के बाद आयी है।

# द्विपक्षीय सहयोग व युद्ध के संकट पर की चर्चा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से वाशिंगटन में की मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वाशिंगटन में मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में स्थिति एवं भारतीय उपमहाद्वीप में हाल के घटनाक्रमों, हिंद-प्रशांत तथा यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार अमेरिका की राजधानी की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम में ब्लिंकन से मुलाकात की।

जयशंकर ने कहा बुधवार वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया द्विपक्षीय बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने डेलावेयर निवास पर मोदी की मेजबानी की थी। बाद में वे विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं के साथ शामिल हुए थे।



विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करते एंटनी ब्लिंकन। • एजेंसी

### चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे

ब्लिंकन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका और भारत क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, जयशंकर और ब्लिंकन ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग को आगे बढ़ाने की चर्चा की।

# पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के संकेत

## इजराइल पर ईरान के हमले के बाद वैश्विक सुरक्षा का खतरा बढ़ा, नेतन्याहू ने की बैठक

मिशिगन (अमेरिका), एजेंसी

ईरान ने एक अक्टूबर 2024 को इजराइल पर कम से कम 180 बैलेस्टिक मिसाइल दागीं, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के शब्दों में अगर इसे कहें तो यह लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान के हमले को इजराइल ने अपने आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली और वहां पास में मौजूद अमेरिकी नौसैनिक विध्वंसक जहाजों की मदद से काफी हद तक रोक दिया। ईरान के हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री ने आपात बैठक बुलाई।

यह हमला 27 सितंबर को तेहरान समर्थित लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के लंबे समय से नेता रहे हसन नसरल्ला की इजराइली हमले में मौत के बाद हुआ है। हिजबुल्ला गाजा युद्ध की शुरुआत से ही उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दाग रहा है। गाजा जंग हमास और अन्य चरमपंथियों द्वारा सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर आक्रमण करने के बाद शुरू हुई थी। उस हमले में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी। हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों ने उत्तरी इज़राइल में लगभग 70,000 लोगों को उनके घरों से विस्थापित कर दिया है। हाल के हफ्तों में पश्चिम एशिया कितना ज़्यादा ख़तरनाक हो गया है? पश्चिम एशिया में हालात एक साल पहले से भी ज्यादा अस्थिर हैं। यह संघर्ष मुख्य रूप से इजराइल और हमास के बीच की लड़ाई से आगे तक फैल गया है। इजराइल और हिजबुल्ला के बीच पिछले वर्ष से संघर्ष चल रहा है जो इजराइल-हमास संघर्ष से भी अधिक खतरनाक प्रतीत होता है। इन हमलों में मानवीय क्षति बहुत ज़्यादा है, क्योंकि लेबनान में 1,000 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें मरने वालों या घायलों में से कितने वास्तव में हिज़्बुल्ला के लड़ाके हैं।



व्हाइट हाउस में बैठक करते राष्ट्रपति बाइडन। एजेंसी

### जमीनी अभियान शुरू होने के बाद इजराइल ने पहले सैनिक की मृत्यु की घोषणा की

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने इस सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से लड़ाई में अपने पहले सैनिक की मृत्यु होने की घोषणा की है। सेना ने बुधवार को कहा कि लेबनान में लड़ाई में कमांडो ब्रिगेड के 22 वर्षीय जवान की मौत हो गयी। इजराइली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में चढ़ाई की है वहीं ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल की बौछार की। विभिन्न मोर्चों पर तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है, जिसमें ईरान के साथ-साथ अमेरिका भी शामिल हो सकता है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में इस क्षेत्र में सैन्य साजो-सामान भेज दिया है।

### इजराइल पर ईरान का हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत हुआ : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर ईरान का मिसाल हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है। ईरान ने मंगलवार रात को इजराइल को निशाना बनाकर करीब 200 मिसाइलें दागी थीं। इजराइल की सेना ने कहा कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और न ही कोई बड़ा नुकसान हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास में बाइडन ने कहा मेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इजराइल की रक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग किया। हम अभी प्रभाव का आकलन कर रहे हैं, लेकिन प्राप्त सूचना के आधार पर हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है।

### नेतन्याहू ने लिया जवाबी कार्रवाई का संकल्प, अमेरिका ने दिया समर्थन



**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उनके देश पर मिसाइल हमले के लिए ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का आह्वान किया। नेतन्याहू ने देर रात सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में कहा ईरान ने आज रात बड़ी गलती की है और उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मिसाइल हमला एक नाकामी थी और ईरान को जल्द ही एक दर्दनाक सबक मिलेगा जैसा गाजा, लेबनान और अन्य स्थानों पर दुश्मनों को मिला है।

# गाजा में हुई बमबारी में 51 लोग मारे गए

दीर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

दक्षिणी गाजा में इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हमास के लड़ाकों ने पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था जिसके लगभग एक वर्ष बाद भी इजराइल गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले कर रहा है। इस बीच हमास के समर्थन में हमला करने के बदले में इजराइल ने लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू किया है।

इस संघर्ष के बीच इजराइल और ईरान के मध्य भी हमले हो रहे हैं। ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया। एक अलग घटनाक्रम में, हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने लेबनान के सीमावर्ती शहर ओदेसाह में इजराइली सैनिकों के साथ संघर्ष किया जिससे उन्हें पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सेना ने दक्षिणी लेबनान के 24 अन्य गांवों को खाली करने की चेतावनी दी, एक दिन पहले भी सेना ने इसी तरह की चेतावनी जारी की थी। संघर्ष के तीव्र होने के कारण हजारों लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर जा चुके हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि खान यूनिस में शुरू हुए अभियान में कम से कम 51 लोग मारे गए।



### लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुएः संरा

संयुक्त राष्ट्र। इजराइल और लेबनान के बीच बढ़ते तनाव और इजराइली सेना की ओर से जारी निकासी आदेशों के कारण दो लाख से ज्यादा लोग दक्षिणी लेबनान से विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से एक लाख से ज्यादा लोग सीरिया गये हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को दी।

# होटल में रुककर मांगते थे भीख, 22 को वापस राजस्थान भेजा

**इंदौर।** इंदौर में होटल में रुककर शहर में भीख मांगने वाले 11 नाबालिग बच्चों समेत 22 लोगों को राजस्थान में उनके मूल निवास स्थान भेज दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को मिली एक शिकायत के आधार पर जांच की गई, तो पता चला कि राजस्थान से 22 लोगों का समूह भीख मांगने इंदौर आया था और ये लोग एक होटल में ठहरे थे। अधिकारी ने कहा कि इस समूह में 11 नाबालिग बच्चे और 11 महिलाएं शामिल थीं। ये लोग दिन भर शहर के अलग-अलग स्थानों पर भीख मांगते और रात में होटल में आकर सो जाते थे।

# कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास विस्फोट

कोपनहेगन, एजेंसी

डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास बुधवार तड़के दो विस्फोट हुए, जिसके बाद पास में स्थित यहूदी स्कूल को बंद कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या विस्फोटों और इजराइली राजनयिक मिशन के बीच कोई संबंध है। उन्होंने यह बताने से इनकार किया कि इस संबंध में किसी को गिरफ्तार किया गया है कि नहीं। भारी हथियारों से लैस अधिकारी, खोजी कुत्ते और फॉरेंसिक टीम उस क्षेत्र का निरीक्षण कर रही हैं और इलाके को घेर लिया गया है।



# जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन के तहत मजबूत रक्षा संबंध कायम

**तोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने पदभार ग्रहण करने के बाद जापान-अमेरिका गठबंधन पर कायम रहने का संकल्प लिया। फुमियो किशिदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद उनके स्थान पर शिगेरु इशिबा को जापान का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका के प्रति जापान के सम्मान को प्रदर्शित करते हुए इशिबा ने बुधवार सुबह राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की और पत्रकारों से कहा कि उन्होंने बाइडन को जापान-अमेरिका संबंध को और भी अधिक मजबूत करने की अपनी योजना के बारे में आश्वस्त किया है।

# पोप ने गिरजाघर में सुधार के दूसरे चरण की शुरुआत की

- महिलाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

रोम, एजेंसी

पोप फ्रांसिस ने बुधवार को कैथोलिक गिरजाघर में व्यापक सुधार से जुड़ी परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें गिरजाघर में महिलाओं को अधिक जिम्मेदारी वाले पद सौंपने का व्यापक आह्वान किया गया है।

पोप फ्रांसिस ने सेंट पीटर्स स्क्वायर में 368 बिशप और आम लोगों के साथ एक प्रारंभिक धर्म सभा की अध्यक्षता की। ये सभी लोग गिरजाघर के भविष्य पर चर्चा करने और इसे मौजूदा समय में कैथोलिक की जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए अगले तीन सप्ताह तक बैठकें करेंगे। पिछले साल धर्मसभा के पहले सत्र के दौरान विरोध और आपत्तियों का सामना करने के बाद, कई सबसे विवादास्पद मुद्दे आधिकारिक तौर पर चर्चा से बाहर हो गए हैं। इनमें एलजीबीटीक्यू को पद सौंपे जाने और महिलाओं को डीकन के रूप में सेवा करने की अनुमति देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। पोप फ्रांसिस ने इन विषयों को 10 अध्ययन समूहों को सौंपा है जो धर्मसभा के समानांतर काम कर रहे हैं।

# भारतीय उच्चायुक्त श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिले

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने बुधवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से आधिकारिक मुलाकात की। एक बयान में कहा गया, भारत-श्रीलंका साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की गई तथा दीर्घकालिक मित्रता को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। भारतीय राजदूत ने प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से भी मुलाकात की और उनके कार्यालय में महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। दिसानायके के द्वीपीय राष्ट्र के राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद झा उनसे मिलने वाले पहले विदेशी राजदूत थे।

# चीन में गांधी जयंती के अवसर पर स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

- स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

बीजिंग, एजेंसी

चीन के विशाल चाओयांग पार्क में बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने मंदारिन भाषा में उनकी शिक्षाओं का उल्लेख किया और बीजिंग के कलाकारों ने उनके पसंदीदा भजन पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया।

बीजिंग का मनोरम चाओयांग पार्क चीनी स्कूली बच्चों के एक समूह द्वारा मंदारिन भाषा में उनके उपदेशों के पाठ से जीवंत हो उठा। इस पार्क में 2005 में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार प्रो. युआन शिकुन द्वारा बनाई गयी महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद बीजिंग की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई और उनके दल द्वारा 'वैष्णव जन तो' पर एक भावपूर्ण ओडिसी नृत्य प्रस्तुति दी गयी। भारतीय समुदाय ने नाटक अहिंसाः गांधी मार्ग का मंचन किया, जिसका निर्देशन और लेखन क्रमशः केतकी ठाकर और आयुषी सुगंधी ने किया।

राजदूत प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में भारतीय राजनयिकों के अलावा मालदीव में चीनी राजदूत डॉ. फजील नजीब, बीजिंग स्थित भारतीय प्रवासी और महात्मा गांधी के स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



ज्ञान-विज्ञान | हमसे 6 प्रकाशवर्ष दूर बर्नाड है हमारे पड़ोसी तारे का नाम

# हमारे सबसे नजदीकी तारे का भी है सौर परिवार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारा सबसे नजदीकी तारा बर्नाड का भी अपना सौर परिवार है। बर्नाड का अपना एक ग्रह है। कई दशकों की मशक्कत के बाद इस ग्रह की खोज हो पाई है। मंगलवार को खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज की पुष्टि की है। बर्नाड तारा हमसे 6 प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की दुनिया अनूठी है। अनेक तारों का हमारे सौरमंडल की तरह अपना परिवार होता है। बर्नाड हमारे सबसे नजदीकी तारा है। जिसकी जानकारी जुटाना खगोलविदों के लिए स्वाभाविक है। जिसके चलते कई दशक से खगोलविद इसके अध्ययन में जुटे हुए थे। अंततः कामयाबी मिल गयी और इसके कम से कम एक ग्रह होने की खबर सामने आ गई। बर्नाड का ग्रह शुक्र के द्रव्यमान का लगभग आधा है और अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा करता है। इस ग्रह का एक साल केवल तीन दिन लंबा होता है। बर्नाड अल्फा सेंटॉरी के करीब है। इसमें कम से कम दो या शायद तीन तारे शामिल हैं। बर्नाड के बेहद करीब होने के बावजूद दशकों बाद यह खोज हो पाई है। चिली में स्थित यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) से इस नए ग्रह की पुष्टि की गई और 1 अक्टूबर को इसकी घोषणा की गई। बर्नाड के इस ग्रह का नाम बर्नाड बी है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित की गई है। बहरहाल यह भी माना जा रहा है कि इसके कम से कम तीन और ग्रह हो सकते हैं। जिनका पता लगाना अत्यंत रोमांचक होगा, ऐसा खगोलविद मानते हैं।



बर्नाड तारे के साथ उसके ग्रह की काल्पनिक तस्वीर।

### 1960 से शुरू हो चुकी थी खोज

1960 के दशक से बर्नाड के सौर परिवार की तलाश शुरु हो चुकी थी। केप्लर अंतरिक्ष यान जैसे सफल मिशन ने बहुत पहले बर्नाड के ग्रह होने की संभावना जता दी थी। मगर सबूतों के अभाव में यह खोज अधूरी रह गयी। नवंबर 2018 में, खगोलविदों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने 99 फीसदी विश्वास के साथ ग्रह होने की संभावना जताई, मगर फिर भी पुष्टि नही हो सकी। अंत मे चिली में स्थित वेरी लार्ज टेलेस्कोप द्वारा निरंतर 5 साल अध्ययन के बाद यह खोज मुकाम तक पहुच पाई।

# द्वितीय विश्व युद्ध का अमेरिकी बम जापानी हवाई अड्डे पर फटा

- 80 उड़ानें रद, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

तोक्यो, एजेंसी

द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक अमेरिकी बम एक जापानी हवाई अड्डे पर दफन था, लेकिन बुधवार को उसमें विस्फोट हो गया, जिससे टैक्सीवे में बड़ा गड्ढा हो गया और 80 से अधिक उड़ानें रद करनी पड़ीं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भूमि एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी जापान के मियाजाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब वहां कोई विमान नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि आत्मरक्षा बलों और पुलिस द्वारा की गई जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था और अब कोई खतरा नहीं है। वे यह पता लगा रहे हैं कि अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ। पास के एक एविएशन स्कूल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में विस्फोट से डामर के टुकड़े हवा में फव्वारे की तरह उछलते हुए दिखाई दिए। जापानी टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो में टैक्सीवे में एक गहरा गड्ढा दिखाई दिया। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं तथा उम्मीद है कि गुरुवार सुबह तक परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा।

